www.navpradesh.com
RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, गुरुवार 2 जून 2022, शुक्ल पक्ष तृतीया, विक्रम संवत-2078 वर्ष-11 अंक-112 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए
रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित
दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

//-- सुविचार --//

जिंदगी की हर सुबह कुछ शर्तें लेकर आती है, और जिंदगी की हर शाम कुछ तजुर्बे देकर जाती है।

आज बेबाक

डॉटपेन के चलते आजकल स्याही लिखने के कम और फेंकने के ज्यादा काम आ रही है। जबकि फेंकने के लिए टमाटर, अंडे और जूते चप्पल आदि बहुत सी चीजे है। स्याही के बदले गोबर और कीचड़ से भी काम चलाया जा सकता है लेकिन पता नहीं क्यों लोग स्याही के पीछे ही हाथ धोकर पड़े है। पहले घुंघरू सेठ पर स्याही फेंकी जाती थी और अब तथा कथित किसान नेता राकेश टिकैत पर बैगलुरू में स्याही फेक कर उनका चांद सा नूरानी चेहरा बदरंग कर दिया गया। इसकी कड़ी निंदा होनी ही चाहिए। बेशकीमती स्याही का यह घोर अपमान कतई नहीं सहेगा हिन्दुस्तान।

सूर्योदय

उदय : 5.23 प्रातः

अस्त : 7.13 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,950,955,770

भारत : 1,406,417,100

बाजार

सेंसेक्स : 55381.17

निफ्टी : 16522.80

गोल्ड : 51,820 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 66,600 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.66 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	43.4	27.9
बिलासपुर	43.4	27.6
जगदलपुर	31.5	26.4
अंबिकापुर	41.6	26.3

आज का दिवस

अंतर्राष्ट्रीय सेक्स वर्कर्स दिवसः अंतर्राष्ट्रीय सेक्स वर्कर्स दिवस हर साल 2 जून को मनाया जाता है। 1970 के दशक में, फ्रांसीसी पुलिस ने यौनकर्मियों को गुप्त रूप से काम करने के लिए मजबूर किया था, लेकिन पुलिस इसे ज्यादा दिन तक दबाकर नहीं रख पाई। नतीजा ये निकला कि यौनकर्मियों की सुरक्षा में कमी आई और उनके खिलाफ पहले से और अधिक हिंसा हुई। 2 जून 1975 को, लगभग 100 यौनकर्मियों ने अपने अमानवीय कामकाजी परिस्थितियों पर ध्यान आकर्षित करने के लिए फ्रांस के ल्योन में सेंट-निजियर चर्च पर कब्जा कर लिया और हड़ताल पर चले गए। हड़ताल पर जाने के बाद सेक्स वर्कर्स ने सरकार से काम करने की अच्छी स्थिति और कलंक को समाप्त करने की मांग की थी।

पुलिस थाना परिसर में लगी आग, जब्ती के 50 वाहन जलकर खाक

बिलासपुर रतनपुर की घटना, आग लगने का नहीं हुआ खुलासा, जांच में जुटी पुलिस

बिलासपुर/नवप्रदेश। रतनपुर थाना परिसर में बुधवार दोपहर अचानक आग लग गई। इससे थाने में रखी जब्ती के पुराने वाहन जलकर खाक हो गए। आगजनी के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस थाना परिसर में लगी आग, जब्ती के वाहन जलकर खासिटी कोतवाली थाना परिसर में दोपहर अचानक आग लग गई। थाने के पीछे आपराधिक मामलों में जब्त दोपहिया व अन्य वाहन रखे गए हैं। जो बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे अचानक तेज धुएं के साथ वाहनों में आग जलता हुआ नजर आया। उस समय थाने में तीन-चार स्टाफ मौजूद थे। पुलिसकर्मियों ने आग को बुझाने की कोशिश की और फायर बिग्रेड को सूचना दी। बिलासपुर से फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाना शुरू किया। थोड़ी देर में आग बुझा लिया गया, लेकिन तब तक आगजनी में जब्ती के 50 वाहन जलकर खाक हो गई। आगजनी के कारणों का पता नहीं चल पाया है। संभवतः धूम्रपान के चलते आग लगने की आशंका है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

राहुल को अध्यक्ष बनाने छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने पारित किया प्रस्ताव

- दो दिवसीय चिंतिन शिविर में उदयपुर में लिए गए निर्णय को लागू करने भी प्रस्ताव पारित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बुधवार से कांग्रेस का दो दिवसीय चिंतिन शिविर शुरू हुआ। इस शिविर में उदयपुर चिंतन शिविर में लिए गए निर्णय को छत्तीसगढ़ में लागू करने का प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं राहुल गांधी को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने के लिए प्रस्ताव पास किया गया। प्रदेश कांग्रेस संगठन महामंत्री अमरजीत चावला ने प्रस्ताव रखा जिसे सभी ने प्रस्ताव का समर्थन किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित नव संकल्प शिविर में ष्टरू भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया, चंदन यादव उपस्थिति रहे।

उदयपुर चिंतन शिविर में लिये गये निर्णय होंगे लागू

संकल्प शिविर के पहले पड़ाव के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बताया कि आज देश भर के सभी राज्यों में संकल्प शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस संकल्प शिविर में तय किया जायेगा कि उदयपुर में जो पार्टी ने संकल्प लिया है, उस संकल्प को राज्यों से कैसे पूरा करना है। उन्होंने कहा कि सेकंड हाफ और कल की चर्चा में कई मुद्दों पर चर्चा होगी। पार्टी किस तरह से आगे बढ़ेगी, किस तरह से काम करेगी, सभी पर चर्चा होगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस दौरान केंद्र के 8 साल के कार्यकाल को लेकर केंद्र सरकार को घेरा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि केंद्र सरकार की उपलब्धि क्या है, नोटबंदी, बेरोजगारी सबको ये बताना चाहिए

एक परिवार से एक ही सदस्य को मिलेगा टिकट

वहीं टीएस सिंहदेव ने कहा कि प्रदेश में अभी भी कोई पद खाली पड़ा है तो 80 दिनों के भीतर भरा जायेगा। मंडल स्तर पर पदों को भरने के निर्देश हैं। 5 साल से ज्यादा कोई भी व्यक्ति एक पद में नहीं बना रहेगा। परिवार से किसी एक सदस्य को ही टिकट मिलेगा। सिंहदेव ने कहा कि उदयपुर के चिंतन शिविर में ये बातें आयी थी कि एक परिवार से किसी एक सदस्य को ही टिकट मिलेगा। हालांकि इस मामले में वेणुगोपाल जी ने एक कैविएट लगाया है कि अगर किसी परिवार में अन्य सदस्यों ने भी 5 साल से ज्यादा वक्त तक पार्टी की सेवा की है, तो उस पर विचार किया जा सकता है। लेकिन ऐसा नहीं होगा कि एक-एक परिवार के 5-6 सदस्यों को टिकट दे दिया जाये। सिंहदेव ने कहा कि आज संकल्प शिविर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भूलन द मेज देखने पहुंचे सीएम बघेल...

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बुधवार शाम अपनी टीम और मीडिया के साथ नेशनल फिल्म अवार्ड से सम्मानित फिल्म भूलन न मेज देखने मैग्नेटोमॉल स्थित पीव्हीआर पहुंचे। छत्तीसगढ़ की संस्कृति और लोक प्रचलित मान्यताओं को कहानी का रूप देकर लिखी गई श्री संजीव बख्शी के उपन्यास भूलन कांदा पर आधारित यह फिल्म बाक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। इसका निर्देशन मनोज वर्मा ने किया है और छग के प्रतिभाशाली स्थानीय कलाकारों ने इसमें अभिनय किया है।

कांग्रेस के चिंतन शिविर पर पूर्व सीएम डॉ. रमन का तंज

कांग्रेस का ट्रेनर ही मैदान छोड़कर भाग गया

- केंद्र सरकार के 8 साल पूरे होने पर पूर्व मुख्यमंत्री ने गिनाई उपलब्धियां

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने कांग्रेस के चिंतन शिविर पर तंज किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का ट्रेनर ही मैदान छोड़कर भाग गया। पीके कहता है कि मैं कांग्रेस को सीखा ही नहीं सकता। कांग्रेस के राज्यसभा

उम्मीदवारों पर रमन ने कहा कि कांग्रेस में छत्तीसगढ़ में योग्य व्यक्ति नहीं है, इसलिए बाहर के लोगों को बुलाया जा रहा है। राहुल गांधी के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पिछले 8 सालों में देश का बढ़ा मान

पूर्व सीएम ने कहा कि मोदी सरकार के 8 साल में देश का मान बढ़ा है। भारत अब विश्व शक्ति के रूप में उभर रहा है। महंगाई को कम करने के लिए केंद्र सरकार ने कदम उठाया है। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम कम किए गए हैं। अब राज्य सरकार को वैट कम करना चाहिए, जिससे और राहत मिलेगी। एक सवाल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया और राहुल गांधी की बढ़ी मुश्किलें

- ईडी का समन, 8 जून को पेश होंगी कांग्रेस अध्यक्ष

नई दिल्ली (ए.)। प्रवर्तन निदेशालय ने नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी सांसद राहुल गांधी को तलब किया है। 8 जून को उनसे पूछताछ की जाएगी। इसके अलावा राहुल गांधी को 2 जून को बुलाया गया है, लेकिन उन्होंने पेश होने के लिए वक्त दिए जाने की मांग की गई है। सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी

विदेश में हैं और उन्होंने पेशी के लिए दूसरी तारीख देने की मांग की गई है। कांग्रेस नेता और वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि हम झुकेंगे नहीं और सामना करेंगे। उन्होंने कहा है कि सोनिया गांधी खुद ईडी के दफ्तर जाएंगी और सभी सवालों के जवाब देंगी। आपको बता दें कि इस केस को 2015 में जांच एजेंसी ने बंद कर दिया था।

सोनिया और राहुल गांधी समेत इन नेताओं पर हैं आरोप

सुब्रमण्यम स्वामी ने नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, दिवंगत नेता मोतीलाल वोरा, पत्रकार सुमन दुबे और टेक्नोक्रेट ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सिंघवी बोले- डराने और धमकाने का हो रहा काम, पर झुकेंगे नहीं

गांधी परिवार के खिलाफईडी के समन के बाद सियासी बयानबाजी शुरू हो चुकी है। कांग्रेस के तमाम बड़े नेताओं ने मोर्चा संभाल लिया है। कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा, 'नेशनल हेराल्ड मामले में साजिश के तहत सोनिया गांधी और राहुल गांधी को श्वष्ठ ने नोटिस भेजा है। लेकिन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

यूक्रेन से 20 हजार लोगों को निकाला गया : रूस

मास्को/कीव। रूस ने कहा है कि पिछले 24 घंटों में डोनेट्स्क और लुगांस्क पीपुल्स रिपब्लिक (डीपीआर और एलपीआर) तथा यूक्रेन के खतरनाक क्षेत्रों से 20,000 से अधिक लोगों को रूस लाया गया है। रूसी राष्ट्रीय रक्षा नियंत्रण केंद्र एवं रूस के मानवीय प्रतिक्रिया समन्वय मुख्यालय के प्रमुख कर्नल जनरल मिखाइल मिज़िंटसेव ने कहा, पिछले दिनों यूक्रेन के शासन द्वारा उत्पन्न की गयीं सभी कठिनाइयों के बावजूद तथा यूक्रेनी अधिकारियों के सहयोग के बिना 2,886 बच्चों सहित 20,043 लोगों को डोनबास गणराज्यों और यूक्रेन के खतरनाक क्षेत्रों से निकालकर रूस लाया गया।

सिंगर केके का लाइव कॉन्सर्ट में निधन

- कोलकाता में पड़ा दिल का दौरा

कोलकाता (ए.)। सिंगर केके का कोलकाता में कॉन्सर्ट के दौरान निधन हो गया। उन्हें परफॉर्मेंस के दौरान दिल का दौरा पड़ा। इसके बाद उन्हें फौरन CMRI हॉस्पिटल लाया गया। जहां डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई हस्तियों ने केके के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

दरअसल, मशहूर सिंगर केके कोलकाता के नजरूल मंच पर गुरुदास कॉलेज के फेस्टिवल में प्रस्तुति दे रहे थे। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें फौरन CMRI हॉस्पिटल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक केके का हार्ट अटैक की वजह से निधन हुआ है। लेकिन अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

यह भी बताया जा रहा है कि केके दो दिन के कॉन्सर्ट के लिए कोलकाता आए हुए थे। उनका सोमवार को भी एक कॉन्सर्ट हुआ था। विवेकानंद ■ शेष पृष्ठ 6 पर

50 लाख के हीरों के साथ बाप-बेटे गिरफ्तार

- पायलिखंड खदान से निकाले थे 745 हीरे

गरियाबंद/नवप्रदेश। पुलिस ने बाप-बेटे को 745 हीरों के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद हीरों की कीमत 50 लाख रुपए बताई जा रही है। ये हीरे प्रतिबंधित खदान पायलीखंड से निकाले गए थे। मामला छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले का है। आरोपी बाप-बेटे दोनों हीरे लेकर स्कूटी से ओडिशा बेचने के लिए ले जा रहे थे। प्रेमस कांफ्रेस में एसपी ने मीडिया को

जानकारी दी कि, शोभा थाना पुलिस को सूचना मिली कि अवैध हीरा खदान पायलिखंड से हीरा लेकर दो लोग बेचने के लिए ओडिशा की ओर जा रहे हैं। इस पर पुलिस ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

घाटी में फिर पलायन की ओर कश्मीरी पंडित

- चेतावनी के बाद पुलिस ने सील किए ट्रांजिट कैंप

जम्मू (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने कश्मीरी पंडितों को उनके ट्रांजिट कैंपों तक सीमित कर दिया है और उनके बाहर निकने पर रोक लगा दी है। ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि समुदाय के सदस्यों ने टारगेट किलिंग के मद्देनजर बड़े पैमाने पर पलायन की धमकी दी थी। प्रधानमंत्री के विशेष पैकेज के तहत नियोजित लगभग 4,000 कश्मीरी पंडितों ने कल धमकी दी थी कि अगर प्रशासन ने उन्हें 24 घंटे के भीतर सुरक्षित स्थानों पर नहीं पहुंचाया तो वे घाटी छोड़ देंगे।

एक और कश्मीरी पंडित की हत्या

जम्मू की एक हिंदू स्कूल शिक्षिका रजनी बाला की कल कुलगाम जिले में उनके स्कूल के बाहर आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी। इस हत्या से कुछ दिन पहले ही कश्मीरी पंडित समुदाय के एक और सदस्य राहुल भट की पिछले महीने बडगाम में मजिस्ट्रेट कार्यालय के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

भय... राज्यसभा चुनाव : कांग्रेस को खरीद-फरोख्त का डर

हरियाणा के विधायकों को भेजेगी छत्तीसगढ़

नई दिल्ली (ए.)। राज्यसभा चुनाव के लिए 10 जून को वोटिंग के दौरान खरीद-फरोख्त को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस अपने रिसॉर्ट वाली रणनीति पर आ गई है। सूत्रों की मानें तो कांग्रेस पार्टी हरियाणा के विधायकों को छत्तीसगढ़ ले जाएगी, जहां एक रिसॉर्ट में उनके ठहरने की व्यवस्था की जाएगी। विधायकों को ठहरने के लिए पार्टी ने एक रिसॉर्ट में कमरे बुक कर लिए हैं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी की सरकार है और भूपेश बघेल राज्य के मुख्यमंत्री हैं।

हालांकि, अभी तक यह जानकारी सामने नहीं आ पाई है कि कांग्रेस इन विधायकों को कब छत्तीसगढ़ शिफ्ट करेगी। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से कहा यह तय नहीं किया गया है कि विधायकों को वहां कब ले जाया जाएगा, लेकिन एक-दो दिन में ऐसा हो जाएगा।

पहले भी अपना चुकी है यह रणनीति

कार्तिकेय शर्मा के ससुर पूर्व कांग्रेस नेता हैं और राज्य की राजनीति में उनका अच्छा खासा प्रभाव माना जाता है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी को डर है कि अगर विधायकों को लालच दिया गया तो उसके किए पर पानी फिर सकता है। ऐसे में विधायकों के खरीद-फरोख्त से बचने के लिए कांग्रेस एक बार फिर रिसॉर्ट वाली रणनीति पर उतर आई है। 2017 में गोवा चुनाव और 2018 में मध्य प्रदेश चुनाव के दौरान भी कांग्रेस पार्टी रिसॉर्ट की रणनीति अपनाई थी।

बाहरी उम्मीदवारों ने बढ़ाई टेंशन

कहा जा रहा है कि राज्यसभा चुनाव में पार्टी की ओर से बाहरी लोगों को मैदान में उतारने के बाद असंतुष्ट नेताओं की पृष्ठभूमि में यह कदम उठाया गया है। एआईसीसी महासचिव अजय माकन को हरियाणा से मैदान में उतारा गया है। अजय माकन के नाम के ऐलान के बाद हरियाणा कांग्रेस के सीनियर नेता कुलदीप बिश्नोई पार्टी के फैसलों को लेकर पहले से ही खफा हैं। इसके अलावा, पार्टी के लिए एक और समस्या कार्तिकेय शर्मा की उम्मीदवारी भी है।

जल्दी मिलेगा अच्छी बारिश का 'तोहफा'

तेज हुई मानसून की चाल

नई दिल्ली (ए.)। मानसून के इंतजार में बैठे देश को जल्दी खुशखबरी मिल सकती है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिणपश्चिम मानसून के आगे बढ़ने को लेकर कई हिस्सों में स्थिति अनुकूल बनी हुई है। खबर है कि पूर्वोत्तर राज्यों में भी आज से बारिश की गतिविधियों में इजाफा होने के आसार हैं। विभाग पहले ही बता चुका है कि इस बार मानसून में अधिक बारिश होने की उम्मीद है।

IMD की तरफ से मंगलवार को जारी की गई विज्ञप्ति के अनुसार, दक्षिण पश्चिम मानसून मध्य अरब सागर, कर्नाटक, तमिलनाडु, बंगाल की खाड़ी के दक्षिण पश्चिम और पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों और केरल, बंगाल की खाड़ी के दक्षिण पूर्व के पूरे हिस्से में आगे बढ़ गया है। वहीं, अरब सागर, कर्नाटक, कोंकण और गोवा, तमिलनाडु के कुछ हिस्सों, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में अगले दो-तीन दिनों के दौरान दक्षिण पश्चिम मानसून के लिए स्थिति अनुकूल बनी हुई हैं।

IMD ने मंगलवार को बताया कि अगले 5 दिनों के दौरान केरल और माहे और लक्षद्वीप में हल्की या मध्यम बारिश, कर्नाटक में छिटपुट से व्यापक बारिश और आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और तमिलनाडु, पुडुचेरी और करईकल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

संपादकीय

योग्य लोग पहुंचे राज्यसभा

राज्य सभा को संसद का उच्च सदन कहा जाता है। लोकसभा तो हर पांच साल में या उसके पहले भी भंग हो जाती है लेकिन राज्य सभा हमेशा कायम रहती है। इसी लिए राज्य सभा को महत्वपूर्ण माना गया है। राज्य सभा में विषय विशेषज्ञों को भेजने का प्रावधान किया गया है लेकिन देखा जा रहा है कि अब राज्यसभा में ऐसे लोग भी पहुंच जाते है तो पंत या पार्षद का चुनाव भी नहीं जीत सकते। इन दिनों राज्य सभा की रिक्त सीटों के लिए विभिन्न राजनीतिक पार्टियां अपने प्रत्याशियों की घोष्णा कर रही है और जो नाम तय किए जा रहे है उसे लेकर कई जगह बवाल उठ रहा है। बिहार के जनाधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पप्पू यादव ने तो सीधा आरोप लगाया हे कि राज्यसभा की टिकटें कई पार्टियां बेचती है जो ज्यादा पैसे दे सकता है वो राज्यसभा में पहुंच सकता है। इस तरह के आरोप अन्य नेता पहले भी लगाते रहे है लेकिन इससे राजनीतिक पार्टियों को कोई फर्क नहीं पड़ता, वे अपनी इच्छा अनुसार किसी को भी राज्यसभा प्रत्याशि घोषित कर देती है और जिन राज्यों में उनकी पार्टी के विधायक पर्याप्त संख्या में होते है वहां से उनका चुनाव जीतना तय हो जाता है। इसके लिए उस राज्य विशेष की उपेक्षा भी की जाती है और दूसरे राज्य के नेता को दूसरे राज्य से राज्यसभा में भेज दिया जाता है। यद्यपि ये राजनीतिक पार्टियों का आंतरिक मामला है और वे प्रत्याशी चयन करने के लिए स्वतंत्र है लेकिन उन्हे इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि किसी भी राज्य की उपेक्षा न हों। जिस राज्य में किसी पार्टी का बहुमत है उस राज्य के नेता को ही राज्यसभा में भेजा जाएं ताकि वह अपने राज्य की समस्याओं को संसद के उच्च सदन में उठा सकें। राज्यसभा प्रत्याशियों के चयन के लिए भी मानदंड तय किए जाने चाहिए। यह न सिर्फ राजनीतिक पार्टियों के बल्कि लोकतंत्र के हित में होगा और राज्यसभा प्रत्याशियों के चयन को लेकर होने वाले विवाद को टाला जा सकेगा। राज्यसभा को संसद का चोर दरवाजा भी कहा जाता है जो राज्यसभा की गरीमा को ठेस पहुंचाता है। संसद के उच्च सदन की गरीमा अक्षूण बनी रहे इसके लिए यह आवश्यक है कि वहां विषय विशेषज्ञ और योग्य लोग पहुंचे।

विचार

बुकर पुरस्कार: एक नजरिया यह भी

डॉ. किशोर अग्रवाल

उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले की रहने वाली गीतांजलि श्री जी को 2022 का बुकर पुरस्कार उनकी किताब रेत समाधि (टॉम्ब ऑफसेंड) के लिए मिला । हिंदी उपन्यास को इस पुरस्कार की पात्रता के लिए नामित करते ही हिंदी के लेखकों में हर्ष की लहर उठने लगी। जीवन पर्यंत लिखते रह कर मात्र स्थानीय पुरस्कारों से ही संतोष प्राप्त करने वाले वरिष्ठ लेखकों को अब इस बात का संतोष है कि हिंदी की गिनती अब विश्व पटल पर होने लगी है। हिंदी में ऐसी क्षमता है और स्थानीय अन्य भाषाओं में भी यह क्षमता होने की संभावना दिखने लगी है। बकौल अशोक बाजपेई एक तो इस उपन्यास का अनुवाद सशक्त रहा होगा जिसने इसकी कहन शैली और कहानी को मरने नहीं दिया ,जस का तस रखा। इसमें आवाजों का तुमुल और वृंदगान है। निर्भीक रेकी एवं निर्भीक प्रयोग मिलता है। आत्म विनोद भी है। गंभीरता के आयाम को बीच-बीच में ब्रेक भी देता है। यह एक खिलंदड़ी भाषा में लिखा गया उपन्यास है। इसकी भाषा कृष्णा सोबती ,जैनेंद्र और प्रेमचंद से अलग है। गीतांजलि श्री की यह अपनी भाषा है ,इसमें दूसरों की अंतरध्वनि नहीं है। 2018 में लिखा गया यह उपन्यास आसपास के परिवेश पर नजर डालता है। हिंदी भाषा में भावों को अभिव्यक्त करने की समर्थता का यह अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्य है। सवाल यह है कि यह जो मंचों पर अकड़ के साथ बैठते थे और पुट्ठे पर हाथ तक न धरने देते थे उन स्वनामधन्य तीसमारखाओ को तो बुकर पुरस्कार में कभी नामित तक नहीं किया गया। अगर अच्छे लेखन की बुकर पुरस्कार अंतिम कसौटी है तो यह मूर्धन्य लेखक अब तक क्या लिखते रहे? कुछ लेखिकाऐं जो हजारों हजार लेखकों को अपनी फ्रेंड लिस्ट से यह कह कर निकाल देती थी कि उनका स्तर उनकी सूची में रहने योग्य नहीं है तथा जो साझा संकलनों से लेकर छोटे-छोटे पुरस्कारों के लिए दौड़ी चली आती थी उनके ढोल नगाड़ों की आवाज भी अब फुस्स ही समझिए। यहां बता दें की बुकर पुरस्कार हिंदी की पुस्तक या दूसरे देश में छपी पुस्तक को नहीं मिलता और दूसरा सच यह भी है कि अनुवादक भी ब्रिटेन का हो और अनुवादित पुस्तक छपी भी वहीं हो तब ही उसका चयन सूची में नाम आ सकता है। भारत में अंग्रेजी अनुवादक जो यह काम कर रहे हैं वह पुस्तक की आत्मा को कम ही जीवित रख पाते हैं। ज्यादातर शाब्दिक अनुवाद ही प्राप्त होते हैं। भाव अनुवादको की संख्या विरली ही है। आज हम हिंदी के प्रतिष्ठित पुरस्कारों को देखें तो वे सिर्फ स्थानीय महत्व के ही हैं। इनकी चयन सूची में सम्मिलित होने के प्रयास एवं प्रक्रिया का पता पुरस्कृतों की सूची देखने से चल ही जाता है। आज जब हम भारत को चौतरफा उठता हुआ देख रहे हैं, तो क्या एक अंतरराष्ट्रीय आकर्षक पुरस्कार शुरू नहीं किया जा सकता जो विश्व की विभिन्न भाषाओं के उपन्यासों और साहित्यिक कृतियों को भारतीय भाषाओं में अनूदित किए जाने पर दिया जा सके? भारत के उस पुरस्कार की गरिमा इतनी विशाल हो कि दुनिया भर के लेखकों में इसे पाने की होड़ मच जाए। चिंता इस बात की है कि हमारे सर्वोत्तम लेखन की सराहना जब विदेशी करते हैं तभी हम स्वयं को स्थापित होता हुआ महसूस करते हैं। हमारा लेखन, हमारा संगीत, हमारा लालित्य और हमारी सामाजिकता सब कुछ विदेशियों के स्वीकार्य के बाद ही मान्य की जाती हैं। हमे इसकी अपेक्षा क्यों हैं ? हमारे अपने मानदंड एवं चयनकर्ता क्या काफी नहीं है हमें कसौटी पर कसने के लिए?

मेरा देश भारत महान! लेकिन मैं?

राजीव खंडेलवाल

तमिलनाडु के अरियालुर में 27 नवंबर 1956 को भीषण ट्रेन हादसा हुआ था. हादसे में करीब 142 लोगों की मौत हो गई। लाल बहादुर शास्त्री ने रेल हादसे के बाद नैतिकता के आधार पर तुरंत इस्तीफा देकर वे देश के पहले ऐसे नैतिकता लिये हुए राजनैतिज्ञ मंत्री बनें। यद्यपि इसके बाद नीतीश कुमार ने भी वर्ष 1999 में गैसला ट्रेन हादसे में 290 लोगों की मृत्यु होने के कारण इस्तीफा दिया था। तत्पश्चात् तत्कालीन रेल मंत्रियों सुरेश प्रभु, ममता बनर्जी ने भी रेल हादसों के बाद इस्तीफे की पेशकश की थी, परन्तु नैतिकता का यह आवरण सिर्फ रेल मंत्रालय तक ही सीमित रहा। सरकार भले ही पेट्रोल-डीजल की कीमत निर्धारित करने में अपनी भूमिका से इनकार करती है। परन्तु दिन प्रतिदिन, हफ्ता-पखवाड़ा डीजल-पेट्रोल के मूल्यों में होने वाली वृद्धि "चुनाव के समय" बिना किसी रूकावट के पूरी चुनावी अवधि में बिना नागा "अवकाश" ले लेती है।

भारत मेरी मातृभूमि है। मैं देश का नागरिक हूं। इसलिए बेशक बेहिचक मेरा देश महान है। परन्तु मैं कितना महान हूं? इसी के जवाब में मेरा देश कितना महान है? उत्तर मिल जायेगा। लेकिन इसके पूर्व में "मैं" व 'हम' पर कुछ बातें अवश्य आपसे साझा करना चाहता हूं।

प्रायः हम सब दिनचर्या में 'हम' शब्द का प्रयोग 'मैं' की तुलना ज्यादा करते है। जैसे "हम बदलेगें, युग बदलेगा" विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक आंदोलन गायत्री परिवार का महत्वपूर्ण मूल 'नारा' है। परन्तु हम "हमारा देश महान" के बदले "मेरा देश महान" प्रयुक्त करते है। 'हम' में "मैं" शामिल है, परन्तु हम का मैं स्वयं को छोड़कर दूसरे के "मैं" को शामिल कर वह 'हम' को पूरा करता है। इसलिए सार्वजनिक जीवन में मैं छूट जाता है, जिससे व्यक्ति स्वयं को अप्रभावी कर लेता है। क्योंकि व्यक्ति की सामान्यतः प्रवृत्ति यही होती है। "पर उपदेश कुशल बहुतेरे" अर्थात पड़ोसी, दूसरे से अच्छे व्यवहार, आचरण व कार्य की आशा करते है और इसी आशा में, मैं (स्वयं) को भूल जाते हैं। यह मानकर कि दूसरा तो करेगा ही। अतः यदि 'मैं' सार्थक रूप से जमीन में उतर गया तो वह 'हम' में परिवर्तित हो जाता है। इसीलिए "मेरा देश महान" कहा गया है। जो "मैं+मैं" "हम" बनकर देश को मजबूती प्रदान करेगा। अतः आज के समय की आवश्यकता स्वयं को सुधारने की ही है। 'मेरा देश महान' के कुछ उदाहरण आगे आपके सामने प्रस्तुत है, जिस पर गंभीरता पूर्वक विचार कर मंथन करे कि निम्न घटनाएं मेरे देश को कितना 'महान' बनाती है।

1. जनसंख्या वृद्धि की वर्तमान दर की चीन से तुलनात्मक रूप से करते हुए भारत 2027 तक विश्व की सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। बधाई? 2. हमारे देश में 15 न्यूज चेनल "नम्बर वन" है। परन्तु सूचना एवं प्रसारण विभाग सोये हुये हैं। 3. 27 मई 2022 को दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में एक कुत्ते को टहलाने के कारण दो आईएएस दंपति (पति-पत्नि) संजीव खिरवार और रिंकू दुग्गा को राष्ट्रीय राजधानी से क्रमशः लद्दाख और अरूणाचल प्रदेश में तबादला कर दिया गया। (नेता से ज्यादा ताकत शायद कुत्ते की? शायद इसी कारण से नेतागिरी में जब इस शब्द के द्वारा महिमा मंडित किया जाता है, तो बुरा नहीं माना जाता है?) 4. स्वतंत्र भारत देश के अभी तक इतिहास में यह पहला मामला है, जब 24 मई 2022 को पंजाब के मुख्यमंत्री ने अपने ही स्वास्थ्य मंत्री विजय सिंगला को भ्रष्टाचार में लिप्त होने पर बचाने के बजाए न केवल पकड़ा, बल्कि उसके खिलाफ आपराधिक कार्यवाई कर बिना देर किये मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर आपराधिक कार्यवाही कर एफआईआर भी दर्ज की। लेकिन मीडिया में इस तरह की त्वरित, चरित्र निर्माण करने वाली घटना की देशव्यापी चर्चा होने के बजाए, ज्ञानवापी मुद्दा ही मीडिया व जनता के बीच छाया रहा है। आखिर इतना निरीह 'जन' व 'तंत्र'क्यों? 5. देश की लगभग 140 करोड़ की जनसंख्या में कोई तो एक बंदा हो, जो गइराई से जड़ जमाती मंहगाई की नींव को खोदने के लिए (जैसा कि धार्मिक स्थलों को खोदने के लिये) उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर कर दे। या सिर्फ मंदिर-मस्जिदों के लिए ही न्यायालयों में याचिकाएं दायर होती रहेगी? कई महत्वपूर्ण मामलों में स्वयं संज्ञान लेकर न्यायालीन आदेश द्वारा जनता को राहत पहुंचाने वाली उच्चमत न्यायालय उक्त मामले में स्वतः संज्ञान क्यों नहीं ले रहा है जो देश की लगभग 90 प्रतिशत जनता से जुड़ा मामला है।

6. जेल में (फरवरी 2022) 100 दिनों से ज्यादा बंद महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक वास्तव में नवाब होकर जनता के मालिक है। इसलिए उन पर नैतिकता के कानून की कोई कैंची ही नहीं चलती है। अतः वे बड़े ठाठ बाट से जेल में भी मंत्री बने हुये है। स्वतंत्र भारत के इतिहास की यह पहली अनोखी अंचभित करने वाली घटना है जो संविधान की भावना का साफ-साफ उल्लघंन प्रतीत होता है। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने शायद नैतिकता में पतन की इतने गिरे हुए स्तर की कल्पना स्वयं की ही नहीं थी, इसलिए ऐसी आपातकालीन स्थिति से निपटने का कोई प्रावधान संविधान में रखा ही नहीं गया। क्या देश के समस्त मंत्रियों का आत्म स्वाभीमान मर गया है? जो जेल में रहकर मंत्री के इस्तीफे की दबाव पूर्वक मांग नहीं कर पा रहे है? क्या इस कारण उनके सम्मान पर भी प्रश्नवाचक चिंह नहीं लगता है? क्या वे न्यायालय की शरण नहीं ले रहे है? क्या इससे मंत्रिपद की गरिमा बिल्कुल भी घट नहीं गई है। जिसके गौरवपूर्ण आकर्षण के कारण ही तो राजनेता, मंत्री बनने के लिये मरे जाते है। अभी दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन भी प्रर्वतन निदेशालय (ईडी) ने धन-शोधन निवारण अधिनियम के अंतर्गत गिरफ्तार किया है। परन्तु 24 घंटे बीत जाने के बावजूद न तो उन्होंने इस्तीफा दिया और न ही भ्रष्टाचार के विरूद्ध बिगुल बजाने का अकेले दावा करने वाले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उन्हे बर्खास्त किया है? वैसे 24 घंटे में भ्रष्टाचार के आरोप में "लोक सेवक" के जेल में बंद रहने पर उन्हे तुरन्त नौकरी से निलम्बित कर दिया जाता है। कई मामले में न्यायालय ने विधायक को लोकसेवक माना है।

7. आर्यन शाहरूख खान केस (अक्टूबर 2021) के माध्यम से फिल्म इंडस्ट्रीज को बदनाम करने में अधिकतर मीडिया और राजनेताओं के परस्पर आरोप-प्रत्यारोप के बीच आर्यन के खिलाफ कोई सबूत न होकर चार्जशीट में उसका नाम अभियोजन द्वारा शामिल न करना बल्कि यह कहना कि उसने दूसरे लोगो को ड्रग्स लेने से रोका, यह न केवल हास्यादपद स्थिति है बल्कि सातवें आश्चर्य से कम नहीं है। इसी तरह सुशांत सिंह राजपूत आत्महत्या केस में मीडिया ट्रायल कर अभियोगी के हत्या का अपराधी बताकर सजा देने की मांग भी कर दी गई। जबकि प्रकरण में अधिकतम आत्महत्या का मामला का ही निष्कर्ष निकल पाया। आत्महत्या को प्रेरित करने का आरोप (धारा 306) का भी नहीं पाया गया। इस तरह के मीडिया ट्रायल से टीवी चेनल भरे पड़े है।

8. मई 2022 में दिल्ली बीजेपी प्रवक्ता तेजिंदर पाल सिंह बग्गा की पंजाब पुलिस द्वारा की गई गिरफ्तारी पर दिल्ली पुलिस ने आरोपी के परिवार की शिकायत के आधार पर पंजाब पुलिस के विरूद्ध ही अपहरण का प्रकरण दर्ज कर लिया व दिल्ली पुलिस के कहते पर हरियाणा के कुरुक्षेत्र में पंजाब पुलिस के काफिले को रोक कर आरोपी को पंजाब पुलिस से छुड़वाकर दिल्ली पुलिस को सौंप दिया।

अमेरिकी-नेपाली रिश्तों में गर्माहट

श्याम सुंदर भाटिया

चीन यूक्रेन पर रूसी हमले में अमेरिका और नाटो देशों की रणनीति को नजदीक से देख और समझ चुका है। स्पष्ट है, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। सोवियत संघ समाजवादी गणराज्य-यूएसएसआर के संस्थापक सदस्य रहे यूक्रेन को अमेरिका और नाटो के मित्र देश न केवल ऐलानिया वित्तीय मदद मुहैया करा रहे हैं, बल्कि घातक हथियार भी सप्लाई कर रहे हैं। ऐसे में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के हौसले बुलंद हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध को 90 से ज्यादा दिन बीत चुके हैं, बावजूद इसके सुलह की कोई उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है, क्योंकि यूक्रेन के पीछे अमेरिका और नाटो देश महाशक्ति की मानिंद खड़े हैं। चीन ताइवान को लेकर अक्सर परोक्ष और अपरोक्ष रूप से दुनिया को युद्ध के लिए उकसाता और डराता है।

दुनिया के लिए यह ख़बर चौंकाने वाली हो सकती है, नेपाल के पीएम शेर बहादुर देउबा जुलाई में वाशिंगटन का दौरा करेंगे। दो दशक बाद नेपाल के किसी प्रधानमंत्री का यह पहला अमेरिकी दौरा होगा। अमेरिका और नेपाल का स्तर-दर-स्तर परस्पर संवाद जारी है। खास बात यह है, इस साल अमेरिका और नेपाल अपने बीच कूटनीतिक रिश्तों की 75वीं सालगिरह भी मना रहा है। यूं तो बीस वर्षों से नेपाली पीएम या आला प्रतिनिधि संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठकों में शिरकत करने कई बार गए, लेकिन ये विजिट अमेरिका की द्विपक्षीय यात्राएं नहीं थीं। सूत्र बताते हैं, देउबा की यह यात्रा संभवतः 14 से 16 जुलाई के बीच होगी। देउबा अमेरिका की ओर से आयोजित समिट फॉर डेमोक्रेसी- लोकतांत्रिक देशों का शिखर सम्मेलन में शिरकत करेंगे। हालांकि अभी तक दोनों देशों की ओर से इस तरह का कोई आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। अमेरिका और नेपाल की इन गलबहियों पर चीन की पैनी नजर है। चीन में बौखलाहट है। ड्रैगन के आकाओं में बेइंतहा गुस्सा है। अमेरिका को अप्रत्यक्ष तो नेपाल को प्रत्यक्ष भुगतने की धमकी भी दे चुका है। ऐसा होना स्वाभाविक है। दुनिया में महाशक्ति का तमगा लेने की होड़ मची है। बहरहाल इस देशों के करीबी रिलेशन की गर्माहट की तपिश को ड्रैगन शिद्दत से महसूस कर रहा है।

अमेरिका की अंडर सेक्रेटरी उजरा जेया हाल ही में काठमांडू आईं थीं। इससे पूर्व अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू और हिन्द-प्रशान्त क्षेत्र के अमेरिकी कमांडर एडमिरल जॉन अक्विलिनो भी नेपाल का दौरा कर चुके हैं। जॉन 36 देशों में अमेरिकी ऑपरेशन्स के हेड हैं। ख़ास बात यह है, जॉन के काठमांडू दौरे पर अमेरिका ने कतई चुप्पी साधी थी, लेकिन नेपाल के एक नामचीन अखबार ने भ्रमण का अति संक्षेप में खुलासा किया था। अमेरिका और नेपाल दोनों की ओर से आला अफसरों के वाशिंगटन और काठमांडू परस्पर दौरों के फोकस में पचास करोड़ डॉलर की अमेरिकी मदद है। उल्लेखनीय है, अमेरिकी संस्था- मिलेनियम चैलेंज कॉर्पोरेशन-

एमसीसी की ओर से नेपाल को 2017 में पचास करोड़ डॉलर की वित्तीय मदद का करार हुआ था। इसे नेपाली संसद में पास कराया जाना था, लेकिन पांच सालों से यह लटका रहा क्योंकि चीन के इशारे पर पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली इसका मुखर विरोध करते रहे। चीन के आका भी नहीं चाहते थे, नेपाल में अमेरिका का असर बढ़े। अंततः ड्रैगन की चाल फेल हो गई और मौजूदा प्रधानमंत्री देउबा ने करार को इसी साल फरवरी में संसद में पास करा दिया। इसके बाद अमेरिका ने नेपाल में अपनी दिलचस्पी और बढ़ा दी है। अमेरिका-नेपाल के रिश्तों में आई गर्मजोशी को दक्षिण-एशिया और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में बढ़ रहे नए समीकरणों के लिहाज से ख़ास माना जा रहा है। यह बात दीगर है, अमेरिका-नेपाल में बढ़ती नजदीकियों को विश्व समुदाय किस दृष्टि से देखता है, लेकिन यह सच है- ड्रैगन के संग नेपाल के रिश्तों में फिलहाल कड़वाहट आ गई है। नेपाल के प्रमुख अखबार-काठमांडू पोस्ट के मुताबिक नेपाली सियासीदानों में पांचवीं बार पीएम की कुर्सी पर काबिज शेर बहादुर देउबा को हमेशा ही अमेरिका के करीब माना जाता है, इसीलिए देउबा सरकार के सत्ता में रहते अमेरिकी सरकार ने नेपाल में अपनी पैंठ बढ़ाने की ठोस रणनीति बनाई है। दो राय नहीं है, नेपाल-अमेरिका की बढ़ती दोस्ती से चीन के आकाओं को मिर्ची लगी है। चीन अमेरिका की अंडर सेक्रेटरी उजरा जेया के नेपाल दौरे के दौरान तिब्बतियों से मुलाकात पर कड़ी आपत्ति जता चुका है। उल्लेखनीय है, चीन के प्रेशर में नेपाल ने बहुतेरे तिब्बतियों को शरणार्थी कार्ड नहीं जारी किया हुआ है। इससे वे न तो पढ़ाई जारी रख पाते हैं। न ही बिजनेस कर पाते हैं। न ही विदेश जा पाते हैं। नेपाल में चीन के बढ़ते दवाब को खत्म करने के लिए अमेरिका आजकल साइलेंट डिप्लोमेसी की स्ट्रेटेजी के तहत काम कर रहा है। अब इसके नतीजे भी सामने आने लगे हैं। नेपाल के आर्मी चीफ प्रभुराम शर्मा 27 जून को अमेरिका के लिए रवाना होंगे। यहां वह पेंटागन का दौरा करेंगे। इसके बाद दक्षिण एशिया के मामलों को देखने वाले अमेरिका के तमाम शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। अमेरिका नेपाल को पहाड़ी इलाकों के लिए जरूरी मिलिट्री हार्डवेयर जल्द ही मुहैया कराएगा। ये हार्डवेयर नेपाल जैसे पहाड़ी क्षेत्र वाले देश के लिए बहुत मददगार साबित होंगे। नेपाल के सेना प्रमुख लंबी विदेश यात्रा पर जा रहे हैं। वाशिंगटन जाने से पूर्व जनरल शर्मा 18 से 24 जून तक लेबनान और सीरिया में नेपाली शांति सैनिकों से मिलेंगे। नेपाल के ये सैनिक वहां संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में तैनात हैं। इसके तुरंत बाद शर्मा 27 जून से 1 जुलाई तक अमेरिकी सेना के निमंत्रण पर संयुक्त राज्य अमेरिका की आधिकारिक यात्रा करेंगे। इस यात्रा से शांति सैनिकों और अमेरिकी सेना से उसके रिश्ते मजबूत होंगे। नेपाल और अमेरिका हाईएस्ट लेवल पर बातचीत करने जा रहे हैं। आर्मी चीफ के दौरे के बाद वहां के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा वाशिंगटन पहुंचेंगे।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

सिहावा के ऊँच

सिहावा के ऊँच डोंगरी ले निकले हे निर्मल धारा महानदी नांव धरा के जे बने हे सबो के सहारा सिंगी रिसी के घलोक आय इहीच ह पावन धाम त्रेताजुग म राजा दशरथ के जे बनाइस ठउका काम कहाँ जाथौ तब दुनिया किंजरे तीरथ-बरत के नाम हमरे भुइयां म सबोच भरे हे इहेंच हे चारों धाम।

– कवि सुशिल भोले

कोई नेता कितना

कोई नेता कितना भी ईमानदार व सक्षम हो पद कद नहीं मिलता तो दल बदल करेगा ही अगर वहाँ स्वार्थ सिद्ध नहीं हुआ तो फिर नयाँ दांव चलेगा चाहे दांव फलेगा या नहीं फलेगा नहीं तो धर्म जाति उपजाति का झण्डा बुलंद करेगा जब जहाँ उसकी उपेक्षा होगी और यह चलता रहेगा जब तक जब तक रोज सूर्य पूरब से निकलता रहेगा।

– घनश्याम प्रसाद

ख़ास पाती | उस पुरुष ने प्रेम किया और हर

उस पुरुष ने प्रेम किया और हर कोशिशों में कोशिश बस तुम्हारी खुशी रही उसनें नहीं तोड़े आसमान के तारे लेकिन तोड़ दिए अपने सपने तुम्हारे लिए। घर से निकलते हुए मकसद कुछ पैसे कमाना रहा कभी प्यासा तो कभी भूखा भी रहा तुम्हें नजर नहीं आए तपती धूप में पड़े छाले जो थे उसके पैरों से ज्यादा उसके दिल में। वह फिर भी खुश होता क्योंकि तुम पास हो लेकिन तुम्हारी नजदीकी तुम्हारी कुर्बानी बनी और उस पुरुष की नाकामयाबी वह आज भी कोशिश कर रहा है तुम्हारे प्रेम में स्वर्ण भरने की लेकिन तुम निकल चुकी हो दूर उसे आरोपी बनाकर देह की मृत्तिका का।

–दिव्या राकेश शर्मा

मेरा यकी न आजमा मैं तो खुद

मेरा यकी न आजमा मैं तो खुद यकीन हूँ। तेरा यकी जो उठ गया फिर मैं कही ना हूँ। तुझमें बसी मेरी सांसे तुझमें ही जिंदा हूँ। तेरी धड़कनों में काबिज जख्मी परिंदा हूँ। महक तेरे वजूद की मुझको आजमाती है। तू जरा उदास हुआ तो मेरा चैन चुराती है। मेरे दिल की सदा तुझको ही बुलाती है । इश्क को तेरे ये इस तरह आजमाती है अश्क आंखों से न ढलकने देगा मेरा प्यार तू जो समझें तू ही मेरा चैन करार हैं दिल न दुखे तेरा कभी इतनी कोशिश करूँ। खातिर तेरे ये न कर सकूँ वही तेरा कुसूर हूँ।। लफ्ज जो अल्फाज बन हर्फ पर बिखर रहे। ऐसे तुझमें मैं बिखरुं सोच तेरा वो जुनून हूँ। **– आकांक्षा द्विवेदी**



चिकन टँगड़ी, बिरयानी, कबाब

चिकन टँगड़ी, बिरयानी, कबाब समझा है कुर्सी के भूखे ने भी क्या लाजवाब समझा है मुल्क घर है, कोई ख्वाब नहीं, ये याद रख तू कुछ भी करेगा, क्या बाप का माल समझा है। **- केदार नाथ शब्द मसीहा**

जमीं से फासले बढ़ने लगे थे, नदी से आशिकी करने लगे थे कि

जमीं से फासले बढ़ने लगे थे, नदी से आशिक़ी करने लगे थे। कि उसकी सादगी ऐसी लगी कुछ, दिलों के तार खुद जुड़ने लगे थे। नदी रूठी हुई है आज मुझ से, बहुत से सीप भी कुढ़ने लगे थे। थपेड़े पड़ रहे थे नाव को जब, नज़ारे देख सब मुड़ने लगे थे। फँसा तूफान में है वो परिन्दा, कि जिसके पर बहुत बढ़ने लगे थे। चलो अच्छा हुआ जो भ्रम ये टूटा, बहुत ही नाज़ हम करने लगे थे। कि उसके बिन मैं जिंदा हूँ अभी तक, बताओ; हम यूँ हीं डरने लगे थे। उसी के हक में आया फैसला था, उसी की पैरवी करने लगे थे।**– रोहित गोस्वामी रुद्रांश**

कांग्रेस को डर भाजपा से नही आम

कांग्रेस को डर भाजपा से नही आम आदमी पार्टी से है ऐसे मे कांग्रेस के पास एक अच्छा मौका है झारखंड सरकार से समर्थन वापस ले और कहे कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कोई समझौता नही हमने मंत्री ही नही सरकार गिरा दिया। वैसे भी झामुमो का अपना रास उम्मीदवार उतारने के बाद बचा भी कुछ नही है इज्जत बचाने के लिये।

– एड. अरूण कुमार गुप्ता

वो लिखती थी सिर्फमुहब्बत... हर शै में वो महसूस करती थी मुहब्बत

वो लिखती थी सिर्फ मुहब्बत... हर शै में वो महसूस करती थी मुहब्बत के एहसास को कभी बारिश में कभी लहरों में कभी आसमां मेंहाँ कभी-कभी उसके आंखों की गहराई में भी पर अब वो मुहब्बत नहीं लिखती क्योंकि उसने मुहब्बत कर ली शायद अब वो मुहब्बत कभी नहीं लिखेगी।

– पूनम राजपूत

QUIZ TIME

1) भारतीय मुरैना घास की एक नई प्रजाति किस राज्य में देखी गई है?
2) 'मिनुस्मा' क्या है, जो हाल ही में चर्चा में रही थी?
3) पर्यावरण मंत्रालय की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, किस राज्य में बाघों की आबादी सबसे अधिक है?
4) अफ्रीकी चीतों वाला दूसरा भारतीय चिड़ियाघर कौन सा है?
5) मरियम-वेबस्टर द्वारा किस शब्द को '2020 के शीर्ष शब्द' के रूप में चुना गया है?



Ramaquiz

उत्तर- (1) ओडिशा (2) माली में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन (3) मध्य प्रदेश (4) मैसूर चिड़ियाघर (5) क्वारंटाइन

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1780 कैथोलिक विरोधी प्रदर्शनकारियों ने लंदन में पार्लियामेंट पर हमला किया। 1851 अमेरिका में पहली बार मैन प्रांत में मद्यपान निषेध कानून लागू किया गया। 1896 जी मार्कोनी ने रेडियो को अपने नाम पर पेटेंट कराने के लिए आवेदन दिया जो बाद में दो जुलाई 1897 को स्वीकार कर लिया गया। 1908 माणिकटोला बम कांड के मामले में श्री अरविंदो को गिरफ्तार किया गया। 1909 एलफ्रेड डेकिन लगातार तीसरी बार ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री चुने गए। 1947 लार्ड लुई माउंटबेटन ने भारत के विभाजन की घोषणा की। 1953- ब्रिटिश राजगद्दी पर महारानी एलिज़ाबेथ द्वितीय की ताजपोशी। 1966 अमेरिका ने अपने पहले ही प्रयास में चंद्रमा पर अंतरिक्षयान उतारा। 1974 अफ्रीकी देश माली में संविधान अंगीकार किया गया। 1979- पोप का ओहदा संभालने के बाद पोप जॉन पॉल द्वितीय पहली बार अपनी मातृभूमि पोलैंड लौटे। यह किसी भी सर्वोच्च रोमन कैथोलिक धार्मिक गुरू की पहली पोलैंड यात्रा थी। 1983 अमेरिका के सिनसिनाटी में एयर कनाडा के डीसी-9 विमान में आग लगने से 23 लोगों की मौत । 1988 बॉलीवुड के महान अभिनेता, निर्देशक, निर्माता एवं शोमैन राज कपूर का निधन। 1994 उत्तरी स्कॉटलैंड में चिनूक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने से 29 लोगों की मौत। 1996- उक्रेन अपने अंतिम परमाणु युद्धास्त्र रूस को सौंपने के साथ ही परमाणु मुक्त देश बना। 2000- पाकिस्तान की एक जवाबदेही अदालत ने नवाज शरीफ़ के आजीवन कारावास को मृत्युदंड में बदलने संबंधी याचिका स्वीकार की।

धमकी और वसूली की शिकायत पर त्वरित कार्यवाही होगी : मुख्यमंत्री

■ **सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने वाले एवं समाज में जहर घोलने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शानहीं जायेगा : मुख्यमंत्री**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी,विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चैंबर ऑफ कॉमर्स प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री निवास में माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिलकर गुंडरदेही व्यापारियों से मारपीट की घटना पर उपद्रवियों पर की गई कार्रवाई एवं छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के अध्यक्ष अमित बघेल की गिरफ़्तारी को लेकर उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने बताया कि बालोद बंद के नाम पर छत्तीसगढ़ क्रांति सेना द्वारा गुंडरदेही में व्यापारियों के साथ मारपीट की गई थी। साथ ही छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के अध्यक्ष अमित बघेल द्वारा दी गई विवादास्पद बयान से भी प्रदेश की समरसता और सामाजिक सौहाद्र को बिगाड़ने की कोशिश की गई, लगातार अमित बघेल द्वारा प्रदेश के विभिन्न शहरों में अन्य समाजों के लिए उन्माद फैलाने के उद्देश्य से इसी प्रकार से नफरत और घृणा से भरे हुए भाषण दिए गए एवं जातिगत द्वेष फ़ैलाने के साथ साधू संतों पर भी अभद्र टिपण्णी कर

रहे थे जिसपर शासन ने त्वरित कार्यवाही कर छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के अध्यक्ष अमित बघेल को गिरफ्तार किया गया ।

श्री पारवानी ने आगे कहा कि पूरे भारत में छत्तीसगढ़ सबसे शांतिप्रिय प्रदेश है, जिसके सामाजिक समन्वय और सौहार्द को जानबूझकर बिगाड़ने की कोशिश की गई है जिसके सम्बन्ध में माननीय मुख्यमंत्री से चेम्बर प्रतिनिधि मंडल ने यह आग्रह किया की भविष्य में ऐसे अप्रिय घटनाओं को रोकने हेतु उक्त घटना के समस्त आरोपियों की गिरफ़्तारी हो और उनपर कठोर से कठोर धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही की जाए जिससे एक सन्देश जाए एवं प्रदेश की सामाजिक समरसता एवं सौहाद्र हमेशा बना रहे जिस पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि समाज में निहित सद्भाव को बिगाड़ने वाले एवं समाज में जहर घोलने वाले किसी भी व्यक्ति को बक्शा नहीं जायेगा चाहे वह व्यक्ति किसी भी जाती या धर्म का हो। मुख्यमंत्री जी ने व्यापारियों को आश्वस्त किया यदि आपको घर में या आपके संस्थान में आकर कोई व्यक्ति धमकी देता है तो उस शिकायत पर लिखित में त्वरित कार्यवाही की जाएगी।

इस अवसर पर चेम्बर संरक्षक आसुदामल वाधवानी, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, प्रदीप कुमार गुप्ता, सलाहकार जितेन्द्र दोशी, सुरेंदर सिंह, चेंबर अध्यक्ष अमर परवानी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, मनमोहन अग्रवाल, राम मंधान, प्रदेश कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा एवं उपाध्यक्ष कीर्ति व्यास शामिल हुए।

कला जत्था/नाचा दल के माध्यम से गांव-गांव में दी जा रही है आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

■ **लोगों को आसानी से मिल रही है योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी**

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में कला जत्था/नाचा दल के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। रायपुर जिले में जनसंपर्क विभाग द्वारा 90 बड़े गांव, हाट बाजारों और ग्राम पंचायतों में ऐसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जा रही है।

इसके तहत गत दिनों मांढर, नगरगांव, टांडा, बहनाकारी, बाराडेरा, धनसुली, कुरूद, सकरी, खंडवा, कुरू, अकोली, चटौद, पचेड़ा और उपरवारा में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इन कार्यक्रमों का आयोजन उपकार पंथी लोकनृत्य कल्याण सेवा समिति मंदिर-हसौद, उदगम सेवा समिति, रायपुर और चित्रोत्पला लोक कला परिषद रायपुर के माध्यम से किया जा रहा है।

बेहद सरल, सहज और सरस तरीके से तथा हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी भाषा के माध्यम से इन प्रस्तुतियों के द्वारा राज्य शासन की फ्लेगशिप योजनाओं जैसे गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, किसानों की कर्जमाफी, धान खरीदी, ब्याजमुक्त कृषि ऋण योजना, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, दाई-दीदी क्लीनिक योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल, धनवंतरी मेडिकल जैनरिक स्टोर तथा नरवा, गरवा, घुरवा और बारी जैसी अनेक योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

सेवानिवृत्त डीआईजी एक्का को दी गई विदाई

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस मुख्यालय, अटल नगर नवा रायपुर में पुलिस अधिकारियों द्वारा पुलिस उप महानिरीक्षक टी एक्का को सेवानिवृत्ति उपरांत भावभीनी विदाई दी गई। उल्लेखनीय है कि एक्का 32 वर्षों से पुलिस विभाग की सेवा उपरांत अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर 31 मई को सेवानिवृत्त हुए। इन्हे वर्ष 2014 में भारतीय पुलिस सेवा से नवाजा गया। विदाई कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने कहा कि श्री एक्का के अनुभवों और कार्य प्रणाली से पुलिस अधिकारियों को सीखना चाहिए, उन्होंने अपनी लगन और निष्ठा से एकीकृत मध्यप्रदेश सहित छत्तीसगढ़ राज्य में अपनी सेवाएं दी। श्री एक्का को एक मृदुभाषी, सहज, सरल एवं अधीनस्थ कर्मचारियों के प्रति सदैव उत्तम व्यवहार के लिये पुलिस विभाग उन्हें याद रखेगा और इनके अनुभवों का लाभ पुलिस विभाग को मिलता रहेगा। श्री एक्का के सुखद और स्वस्थ जीवन जीने और उन्हें दीर्घायु होने की कामना की गई तथा शॉल श्रीफल भेंटकर श्री एक्का को विदाई दी। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हिमांशु गुप्ता, एसआरपी कल्लूरी, विवेकानंद सिन्हा, प्रदीप गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक एचसी द्विवेदी, संजीव शुक्ला, आरपी. साय, उपपुलिस महानिरीक्षक हिमानी खन्ना, विनीत खन्ना, आरएन दास, बीएस ध्रुव, एमएल कोटवानी, मिलना कुर्रे, सहायक पुलिस महानिरीक्षक मनीष शर्मा, यूबीएस चौहान, वायपी सिंह, संजय शर्मा, जयन्त वैष्णव उपस्थित रहे।

बाल देखरेख पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। प्रारंभिक बाल देखरेख एवं विकास के महत्व पर मोबाइल क्रैचेस नई दिल्ली के सहयोग से समर्थन रायपुर के द्वारा रायपुर स्थित होटल सॉलिटेयर में राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

पैनलिस्ट ग्रुप में चाईल्ड वेलफेयर कमेटी रायपुर के अध्यक्ष सखत नकवी, मोबाईल क्रेचेस नई दिल्ली से सोनिया शर्मा, सरपंच जादूटोला अंबागढ़ चौकी श्रीमती सुकवारो नेताम, जेएसआई रायपुर के स्टेट प्रोग्राम मैनेजर डॉक्टर अंजन जी मंचस्थ थे।

कार्यशाला के प्रारंभ में समर्थन के वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक देवीदास निमजे ने कार्यशाला के आयोजन के बारे में प्रकाश डाला। तत्पश्चात समर्थन से राजेश साहू ने बाल देखरेख व विकास के महत्व पर जमीनी स्थिति की जानकारी पीपीटी के माध्यम से शेयरिंग की।

कार्यशाला में मोबाइल क्रेचेश नई दिल्ली से उपस्थित मदन लाल ने संस्था के द्वारा चार राज्यों में किए गए प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तीन स्तर के हितग्राहियों की जमीन सर्वे से निकले अध्ययन रिपोर्ट को कार्यशाला के मध्य पीपीटी के माध्यम से रखा।

इसी बीच सामूहिक चर्चा के दौरान सृजन सामाजिक संस्था राजनांदगांव के अध्यक्ष शरद श्रीवास्तव ने पंचायत, ब्लाक व जिला स्तर में बाल संरक्षण समिति निर्माण की जानकारी दी तथा कहा कि जमीनी स्तर पर इन समितियों को ध्यान में रखकर समितियों को जमीनी क्रियान्वयन हेतु जोर देने पर सभी का ध्यान आकृष्ट किया। तत्पश्चात पैनलिस्ट सुखवारो नेताम सरपंच राजनांदगांव ने ग्राम पंचायत के माध्यम से अपने पंचायत में बाल देखरेख से संबंधित विषयों को गंभीरता से लेकर उस दिशा में किए गए प्रयासों की जानकारी दी। पैनलिस्ट सोनिया शर्मा मोबाइल क्रैचस नई दिल्ली ने विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में बाल देख से संबंधित क्षमतावर्धन की आवश्यकता पर जोर दिया तथा कहा कि बाल देखरेख जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा व अमल करने हेतु समितियों से जुड़ाव आवश्यक है इस दिशा में जागरूकता की कमी पर ध्यान देने के लिए ध्यान आकृष्ट किया।

जागृति और त्रिमूर्ति नगर में पीलिया जांच के लिए घर-घर दे रहे दस्तक

■ **पीलिया के दो नए मरीजों के साथ टायफाइड के भी दो मरीज मिले**

■ **निगम ने पाइप लाइन बदला, फिर भी पानी उबालकर पीने की सलाह**

रायपुर/नवप्रदेश। जागृति नगर में पीलिया के मरीज मिलने की शिकायत के बाद रायपुर नगर निगम की टीम द्वारा इस मोहल्ले के साथ ही बगल के मोहल्ले त्रिमूर्ति नगर में भी घर-घर जाकर पीलिया के संदिग्ध मरीजों की जांच की जा रही है।

महापौर एजाज ढेबर और निगमायुक्त प्रभात मलिक के निर्देश पर निगम की स्वास्थ्य और जलप्रदाय विभाग की टीमें यहां घर-घर जाकर संदिग्ध मरीजों के साथ ही पेयजल की भी जांच कर रही हैं। घरों तक पहुंचने वाली पेयजल मानकों पर खरी पायी गई। निगम के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि घनी बस्ती होने के कारण पिछले दो दिनों से यहां एमएमयू वाहन लगाकर पीलिया के साथ ही अन्य बीमारियों की भी जांच की जा रही है। आज पीलिया के दो मरीज मिले। इनमें से एक को मेकाहारा भेजा गया है। वहीं दूसरे को दवा देकर सावधानी बरतने के लिए कहा गया है। यहां टाइफाइड भी दो मरीज मिले हैं। बस्तियों में एनीमिया की शिकायत के मद्देनजर यहां इसकी भी जांच की जा रही है।

बाढ़ आपदा से बचाव की तैयारी

नवा रायपुर के झांझ जलाशय में एसडीआरएफ के जवानों ने किया पूर्वाभ्यास

रायपुर/नवप्रदेश। बरसात से पहले बाढ़ जैसे प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल रायपुर द्वारा पूर्वाभ्यास किया गया। लगभग 2 घंटे के अभ्यास में डाईविंग स्कूबा, अण्डर वाटर कैमरे के द्वारा 20 से 25 फीट गहराई की स्थिति का जायजा और तैराकी कौशल का अभ्यास किया गया।

एसडीआरएफ प्रभारी अनिमा एस. कुजूर ने बताया कि नगर सेना, अग्निशमन, आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ के महानिदेशक के आदेशानुसार बाढ, आपदा, बचाव कार्य का अभ्यास प्रारम्भ कर दिया गया है। इस प्रकार का अभ्यास प्रत्येक 15 दिन में किया जायेगा। इस कड़ी में नवा रायपुर स्थित झांझ जलाशय में आयोजित प्रथम पूर्वाभ्यास में एसडीआरएफ के 30 जवानों ने हिस्सा लिया, इसमें 3 फाईवर मोटर बोट, 1 रबर मोटर बोट, ओबीएम युक्त मॉकड्रिल किया गया। उन्होंने बताया कि विगत वर्षों में आई बाढ़ में एसडीआरएफ के जवानों द्वारा जिला मुगेंली, बलौदाबाजार, बेमेतरा और रायपुर जिले के परसुलीडीह, सडड्, तथा बीरगांव आदि जगहों में कुल 370 लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला गया है। यह भी उल्लेखनीय है कि एसडीआरएफ के जवानों द्वारा बाढ़ आपदा बचाव कार्य के साथ-साथ आगजनी, चक्रवात, भूकंप जैसे प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदाओं में भी रेस्क्यू का कार्य किया जाता है।

केन्द्र सरकार खाद देने में नाकाम

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आरपी सिंह ने कहा है कि राज्य के द्वारा मांगे गए 7 लाख 50 हजार मीट्रिक टन रासायनिक खाद में केंद्र के द्वारा 45 प्रतिशत कटौती कर दी थी और अब आगामी खरीफ सीजन में भी नियमित सप्लाई बाधित की जा रही है। रेलवे का रैक नहीं दिया जा रहा है। विदित हो कि संघीय व्यवस्था के तहत रसायनिक खाद का उत्पादन, वितरण और वितरण केंद्र सरकार का दायित्व है। भाजपाई स्थानीय गोठानों में छत्तीसगढ़ के ही महिला स्व-सहायता समूह की बहनों के द्वारा निर्मित वर्मी कंपोस्ट का विरोध करके छत्तीसगढ़िया और महिला विरोधी चरित्र को प्रदर्शित कर रहे हैं।

एक तरफ रासायनिक खाद की सप्लाई बाधित कर रहे हैं, दूसरी ओर भ्रम पैदा करके वर्मी कंपोस्ट और जैविक खेती के खिलाफ षड्यंत्र रच रहे हैं। मोदी सरकार ने 35 हजार करोड़ की कटौती की थी। खाद्य सब्सिडी और मनरेगा जैसे लोक कल्याणकारी योजनाओं के बजट में प्रत्येक वर्ष लगभग 25 से 35 प्रतिशत की कटौती की जा रही है लेकिन भाजपा नेता मोदी सरकार के द्वारा लगातार किए जाने वाले उक्त कटौती का आधार पूछने का साहस नहीं जुटा पाए। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आरपी सिंह ने कहा कि खरीफ 2022 हेतु कुल मांग 13.70 लाख टन जिसका अनुमोदन भारत सरकार द्वारा दिया गया है। इसमें से यूरिया 6.50 लाख टन, डीएपी 3 लाख टन, पोटाष 80000 टन, एनपीके 1.10 लाख टन एवं सुपरफास्फेट 2.30 लाख टन है।

कानून व्यवस्था की हुई समीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में कलेक्टर सौरभ कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार अग्रवाल ने जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर जिले की कानून व्यवस्था की समीक्षा की। कलेक्टर ने संचालित हो रहे तथा प्रस्तावित धरना-प्रदर्शनों की जानकारी लेकर अधिकारियों को कानून-व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए है। उन्होंने आगामी दिवसों में आयोजित होने वाले धरना, प्रदर्शन एवं रैलियों के दौरान संभावित ट्रैफिक समस्या पर भी अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को एक- दूसरे से सतत संपर्क बनाए रखने तथा समन्वय से काम करने कहा।

आवेदिका को ब्याज का लालच देकर ज्वेलर्स ने ज्वेलरी देने से किया इनकार

- **पीएचई के कार्यपालन अभियंता को प्रकरण की बारीकी से जांच करने आयोग ने दिए निर्देश**
- **निराधार शक के आधार पर आयोग किसी महिला को अपमानित नही कर सकती : डॉ नायक**
- **स्व सहायता समूह की महिलाएं आयोग के समक्ष एक दूसरे से मांगे माफी**
- **आयोग की समझाइश पर पति पत्नी को बीस हजार देने हुआ तैयार**

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने शास्त्री चौक स्थित राज्य महिला आयोग कार्यालय में महिलाओं से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए सुनवाई की।

एक प्रकरण की सुनवाई में आवेदिका ने बताया कि लगभग 1 करोड़ रुपये से ऊपर का सोने चांदी का सामान अनावेदक ने लिया है।उसकी एफआईआर जिला राजनांदगांव के कोतवाली थाना में वर्ष 2020 में कराया है। जिसमे अनावेदक न्यायालय में उपस्थित नही होता। मेरे पास अपने जीवन यापन के लिए कोई धनराशि नहीं है। आयोग के समक्ष अनावेदक ने बताया कि उसकी ज्वेलर्स की दुकान में उसका भाई बैठता था। जो भी लेनदेन है वह मेरे भाई ने किया है। मेरे भाई के खिलाफ मैं कार्यवाही करूंगा क्योंकि मैं डेढ़ साल से कैंसर का इलाज करवाने के कारण बाहर था। इस कारण से मैं किसी प्रकार से भाई के विरुद्ध कार्यवाही नहीं करा पाया हूं। आज मेरे पास कोई धनराशि नहीं है। अनावेदक ने स्वीकार किया कि ज्वेलरी दुकान मेरी जरूर थी। मैं शैक्षणिक संस्थान चलाता था। दुकान पर मेरा भाई बैठता था। आवेदिका ने अनावेदक के खिलाफ लगभग एक करोड़ रुपये के बिस्किट और जेवर दिलाये जाने का निवेदन किया है। जिसमें दस्तावेज भी संलग्न है और इस प्रकरण को महज इसलिए खारिज नहीं किया जा सकता कि अनावेदक के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज है।

यह प्रकरण आवेदिका के जीवनभर की जमा पूंजी को धोखे से हड़पने बाबत है। इसके साथ ही अनावेदक के कथन से यह स्पष्ट है कि अनावेदक अपने भाई के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज नहीं किया है। जिसमें दोनों भाई का मिलीभगत होना प्रतीत होता है।

आयोग ने आवेदिका को, अनावेदक के भाई को भी पक्षकार बनाने के निर्देशित किया गया है। साथ ही अगर अन्य कोई आवेदिका इस ज्वेलरी में ठगी का शिकार हुई हो तो वे भी आयोग में शिकायत दर्ज करा सकती है। इस प्रकरण को आगामी सुनवाई में रखा गया है।

एक अन्य प्रकरण में अनावेदक ने पिछली सुनवाई में पीएचई के कार्यपालन अभियंता का नाम लिया था, आज की सुनवाई में कार्यपालन अभियंता आयोग में समस्त दस्तावेज लेकर उपस्थित हुए।आज की सुनवाई में अनावेदक ने आने से इंकार किया है। पीएचई अधिकारी ने आयोग को बताया कि अनावेदक ने श्रम न्यायालय के उपादान आदेश दिनांक 16 जुलाई 2021 प्रस्तुत किया था। जिसके पालन में लगभग 7 लाख रूपये उसके खाते में भेज दिया गया था। चूंकि उनके अभिलेख में यह दर्ज था कि उनके पिता की दो संतान है। न्यायालयीन आदेश के कारण अनावेदक को राशि दी गई थी वर्तमान में जीआईएस और डीपीएफ खाते में लगभग 4 लाख रूपये राशि जमा है। जिसे अब तक नहीं दिया गया है और अनावेदक वर्तमान में अनुकंपा नियुक्ति के तहत प्रोबेशन पिरियड पर है। आयोग के द्वारा अधिकारी कार्यपालन अभियंता पीएचई में कार्यरत है। उन्हें निर्देशित किया जाता है कि वह अनावेदक को शासकीय शोकॉस नोटिस भेजकर 7 लाख रूपये जमा कराने और श्रम न्यायालय के समस्त दस्तावेज और फाइल की प्रमाणित प्रतिलिपि भी जमा कराने के निर्देश दिए हैं। अपने स्तर पर श्रम न्यायालय के अभिलेखों की बारिकी से जांच कर आवेदिका की मदद कर समस्त दस्तावेजों की प्रतिलिपि आयोग की सुनवाई के समक्ष प्रस्तुत करने कहा गया।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका/आवेदिका प्रहलाद कुमार आ. समझराम साहू निवासी चिरपोटी तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम चिरपोटी तह. व जिला दुर्ग स्थित खाता क्रमांक ...... में दर्ज भूमि खसरा नं. 526, 533, 540 रकबा 0.0400, 0.6300 हे. भूमि जो कि आवेदक/आवेदिका प्रहलाद अन्य के नाम पर शामिलात रूप से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का पूर्व में हुए आपसी बंटवारा एवं कास्त कब्जा के आधार पर सामान हिस्सों में खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 15/6/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31/5/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ती श्रीमती किरण यादव ध.प. मोहम्मद इमामुद्दीन उम्र-31 वर्ष निवासी दुर्गा चौक, कृष्णा नगर सुपेला, भिलाई तह. व जिला दुर्ग की हूं। विवाह पूर्व मेरा नाम किरण यादव आ. स्व. बाबू भाई यादव था जो कि मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में दर्ज है। मैने दिनांक 12/03/2021 को अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी दुर्ग (छ.ग.) के समक्ष श्री मोहम्मद इमामुद्दीन आ. मोहम्मद अलताफ के साथ विवाह कर लिया है। विवाह पश्चात मैने अपना नाम किरण यादव आ. स्व. बाबू भाई यादव के स्थान पर श्रीमती सादिया फातिमा ध.प. मोहम्मद इमामुद्दीन रख लिया है। किरण यादव व श्रीमती सादिया फातिमा एक ही व्यक्ति है अर्थात मेरे स्वयं के नाम है जो सत्य व सही है। भविष्य मुझे नाम किरण यादव आ. स्व. बाबू भाई यादव के स्थान पर श्रीमती सादिया फामिता ध.प. मोहम्मद इमामुद्दीन के नाम से जाना पहचाना व संबोधित किया जावे एवं मेरे सारे दस्तावेजों में मेरा नाम किरण यादव आ. स्व. बाबू भाई यादव के स्थान पर श्रीमती सादिया फातिमा ध.प. मोहम्मद इमामुद्दीन दर्ज कराने हेतु यह शपथपत्र निष्पादित कर रही हूं।

मुहर — शपथकर्ती, किरण यादव

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202205101400203/अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवलाल पिता स्व. बाबूलाल निवासी ग्राम धनोरा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक की माता श्रीमती बिन्दा बाई पति स्व. बाबूलाल के नाम से हक एवं स्वामित्व के वाके मौजा धनोरा प.ह.नं. 39 स्थित भूमि खसरा नं. 756/12 रकबा 0.0090 हे. भूमि स्थित है। आवेदक की माता श्रीमती बिन्दा बाई पति स्व. बाबूलाल का स्वर्गवास दिनांक 20/4/2021 को हो चुकी है आवेदक की माता का स्वर्गवास हो जाने से राजस्व अभिलेख से नाम विलोपित कर उनके वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने फौती नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 09/06/2022 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30/5/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

व्यक्तिगत सूचना

रा.प्र.क्र./20220310100088/386/अ-06/वर्ष 2021-22

प्रति, हेनरी अमती पिता लारेंस निवासी राम नगर सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग।

पक्षकार- श्रीमती भुनेश्वरी निखाड़े पति बीरबल निखाड़े निवासी राम नगर सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

विरूद्ध- छ.ग.शासन

आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक भुनेश्वरी निखाड़े पति बीरबल निखाड़े पताराम नगर सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 19 रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 9216/1 रकबा 855 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर बैनामा दिनांक 19/10/2020 को विक्रेता हेनरी अमित पिता लारेंस निवासी से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने बाबत आवेदन पत्र मय बैनामा की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में आपको किसी प्रकार के दावा करना हो तो स्वयं या आपके द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से पेशी दिनांक 07/06/2022 को दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 25/5/2022 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202205103300133/अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका राधिका प्रसाद पिता/पति निहाली राम निवासी वार्ड क्र.15 करहीडीह मौजा करहीडीह प.ह.नं. 49 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 123 रकबा 1.0000 हे. आवेदक के पिता के नाम पर के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी दिनांक 28/7/2013 की मृत्यु हो जाने के कारण वारिसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 27/6/22 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30/5/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202205100400280

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक राधेश्याम देवांगन आ. सुखीराम देवांगन निवासी धनोरा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 116/13 रकबा 0.020 हें/ 2220 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 30/5/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यपालिका दण्डाधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

मामला क्रमांक /.../....2021-22

ईश्तहार

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनिल बहलवाल साकिन जामुल तह. व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा अपने माता कस्तूरी बहलपाल पति स्व. ओमचंद बहलवाल की मृत्यु दिनांक 02/10/2017 को हो चुकी है। उक्त संबंध में मृत्यु प्रमाण पत्र चाहा गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वह दिनांक 10/06/2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है।

आज दिनांक दिनांक 25/05/2022 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा कि साथ जारी किया गया है।

मुहर — कार्यपालिका दण्डाधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यपालिका दण्डाधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

मामला क्रमांक /.../....2021-22

ईश्तहार

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनिल बहलवाल साकिन जामुल तह. व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा अपने पिता ओमचंद बहलवाल आ. स्व. ईतवारी बहलवाल की मृत्यु दिनांक 01/01/2009 को हो चुकी है। उक्त संबंध में मृत्यु प्रमाण पत्र चाहा गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वह दिनांक 10/06/2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है।

आज दिनांक दिनांक 25/05/2022 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा कि साथ जारी किया गया है।

मुहर — कार्यपालिका दण्डाधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार अण्डा (सर्किल) दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र-202205101200048///वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कैलाश देवांगन पिता स्व. रमेश्वर देवांगन निवासी ग्राम विनायकपुर प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग द्वारा लेख है कि आवेदक के हक स्वामित्व व कब्जे में ग्राम विनायकपुर प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. अण्डा स्थिति भूमि ख.नं. 142, 648, 650, 1030 रकबा 0.370, 0.220, 0.080, 0.170 हे. कुल ख.नं. 05 कुल रकबा 1.020 हे. भूमि स्थित है। जिस पर आवेदक कास्तकारी करते हुए उपयोग उपभोग कर रहा है। आवेदक के स्वामित्व में बंदोबस्त के पूर्व ख.नं. 721/11 रकबा 0.29 एकड़ (118 हे.) तथा ख.नं. 716/6 रकबा 0.028 हे दर्ज था दोनों नम्बर मिलाकर नया खसरा नं. 650 बना है। वर्तमान अभिलेख में 650 का कुल रकबा 0.080 हे. दर्ज है। जबकि ख.नं. 721/11, एवं 716/6 दोनों रकबा मिलाकर 0.146 हे दर्ज होना था किन्तु त्रुटिवश 0.080 हे. दर्ज है जिसमें 0.066 हे. की कमी त्रुटि स्पष्ट रूप से दर्शित है। त्रुटि को सुधार करते हुए 0.080 हे. के स्थान पर 0.146 हे. राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम दर्ज करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15/6/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30/5/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 2022051033001326/अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि के. आवेदिका शशि रेखा राव पिता/पति के. अर्जुन राव निवासी बी.एम.वाई चरोदा भिलाई मौजा सिकोला प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 52/102 रकबा 0.0170 हे. आवेदक के पति के. अर्जुन राव के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी दिनांक 24/12/2009 की मृत्यु हो जाने के कारण वारिसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 27/6/22 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30/5/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

■ न्यूज गैलरी

मेयर को जन्मदिन पर बधाई देने लगा तांता

दुर्ग (नव प्रदेश)। नगर निगम के महापौर धीरज बाकलीवाल को जन्मदिन पर बुधवार को बधाईयों को तांता लगा रहा। सुबह से ही उन्हें बधाई देने कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्त्ताओं व आम लोगों का उनके पद्मनाभपुर निवास पहुंचने का क्रम शुरु हो गया था। कई कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं ने श्री बाकलीवाल को फुल माला व पुष्पगुच्छ भेंटकर जन्मदिन की बधाई दी, वहीं कई कार्यकर्त्ताओं ने उनसे केक कटवाकर जन्मदिन की खुशियां मनाई। महापौर धीरज बाकलीवाल को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दूरभाष पर जन्मदिन की बधाई दी है।इसके अलावा कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेताओं के बधाई भी श्री बाकलीवाल को मिले है। विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर आरएन वर्मा और सभापति राजेश यादव बधाई देने श्री बाकलीवाल के निवास पहुंचे थे। उन्होने श्री बाकलीवाल को जन्मदिन पर बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके अलावा एमआईसी सदस्य अब्दुल गनी,हमीद खोखर,दीपक साहू, ऋषभ जैन,संजय कोहले, सत्यवती वर्मा, मनदीप सिंह भाटिया,राजू भाटिया, अलताफअहमद, अजय मिश्रा, बृजमोहन तिवारी, देवेश मिश्रा, गोलू गुप्ता, दिलीप ठाकुर, सीताराम ठाकुर, प्रशांत डोंगांवकर, आरिफ रजा, विकास यादव, गोपाल सिन्हा के अलावा अन्य कांग्रेसजनों ने श्री बाकलीवाल को बधाई दी।

राजस्व निरीक्षक व लाइनमैन सेवानिवृत्त

रिसाली (नव प्रदेश)। नगर निगम रिसाली के राजस्व निरीक्षक हरचरण सिंह अरोरा और लाइनमेन निर्मल देशमुख मंगलवार को सेवानिवृत्त हुए। आयुक्त आशीष देवांगन ने दोनों कर्मचारियों को शाल श्रीफल व उपहार देकर बिदाई दी। श्याम नगर स्थित टंकी कार्यालय में आयोजित बिदाई समारोह में एमआईसी सद्स्य चन्द्रभान सिंह ठाकुर, सहायक अभियंता आरकेजैन, कार्यालय अधीक्षक देवव्रत देवांगन के अलावा निगम के गोपाल सिन्हा, किरण वर्मा, बृजेन्द्र परिहार, जगरनाथ कुशवाहा, अश्वनी देशमुख, संजय वर्मा, चंद्रपाल हरमुख आदि उपस्थित थे।

जन समस्या निवारण शिविर का अयोजन

चरोदा (नव प्रदेश)। नगर निगम भिलाई-चरौदा द्वारा जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आज वार्ड 19, 20, 24, 25 हेतु पंचशील नगर स्कूल के पास, 3 जून को को वार्ड 26, 27, 28, 29 हेतु रेलवे इंस्टीट्यूट चरौदा में, 4 को वार्ड 1, 2, 3, 4, 6 हेतु सामुदायिक भवन उमदा में, 6 को वार्ड 8, 9, 10, 11 हेतु गतवा तालाब पार भिलाई-03 में, 7 को वार्ड 7, 16, 17, 18 हेतु बाजार चौक भिलाई-03 में, 8 को वार्ड 12, 13, 14, 15 हेतु दुर्गा मंच आजाद चौक भिलाई-03 में, 9 को वार्ड 36, 37, 38,3940 के लिए सोमनी शेड में, 10 को वार्ड 30, 31, 32, 33, 34, 35 के लिए देव बलौदा बाजार चौक में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित रहेगा।

आरएमपी-3 ने रचा मासिक उत्पादन का नया कीर्तिमान

भिलाई (नव प्रदेश)। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की मॉडेक्स इकाई, आरएमपी-3 ने मई 2022 में 41,260 टन मासिक उत्पादन का नया कीर्तिमान रचते हुए मार्च, 2022 माह में दर्ज किए सर्वश्रेष्ठ निष्पादन रिकॉर्ड 40,397 टन को ध्वस्त कर दिया है। मई, 2021 में आरएमपी-3 ने 23,994 टन का उत्पादन कर नया रिकॉर्ड दर्ज किया था। आरएमपी-3 बिरादरी संयंर्त के साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस्पात निर्माण में अपनी भागीदारी को सुनिश्चित कर रहा है।

नशीली कप सिरप के साथ दो गिरफ्तार

दुर्ग (नव प्रदेश)। दुर्ग के आदित्य नगर में अवैध नशीली सिरप बिक्री की सूचना मिलने पर डॉ. अभिषेक पल्लव के निर्देशन पर तत्काल टीम गठित किया गया। टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर अंकित यादव पिता मंगल यादव उम्र 23 वर्ष और केवल देवांगन पिता शत्रुधन देवांगन 22 वर्ष के एक्टिवा गाड़ी में अवैध नशीली दवाईयां की बिक्री करते हुए पाया गया। आरोपियों से कुल 75 नग नशीली सीरप, 02 वाहन (एक्टिवा, प्लेजर), 02 नग मोबाईल फोन एवं बिक्री राशि नकदी 1950 रुपए जब्त किया गया।

ग्रीष्मकालीन कार्यशाला में शिक्षण सामग्री बनाने व पढ़ाने के बताए गुर

बेमेतरा/नवप्रदेश। बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वातावरण बनाने के लिए बेमेतरा विकासखण्ड के शिक्षकों के लिए भाषा (हिंदी, अंग्रेजी) एवं गणित विषय से संबंधित तीन दिवसीय टीएलएम (शिक्षण सहायक सामग्री) निर्माण बीते दिनों तीन दिवसीय कार्यशाला अजीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन बेमेतरा के टीएलसी (शिक्षक अधिगम केंद्र) में आयोजित की गई। निर्माण के साथ-साथ इन शिक्षण सहायक सामग्री के कक्षा शिक्षण में उपयोग पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला में भाषा (हिंदी तथा अंग्रेजी) शिक्षण में सहायक टीएलएम मात्रा चक्र, चकरी घुमाओ वाक्य बनाओ, शब्दचकरी, वर्ड बिल्डिंग फ्लिप, ऑनसेट एवं राइम कार्ड, वर्ड पजल, राइम्स चार्ट आदि के साथ-साथ गणित शिक्षण में सहायक टीएलएम दृ जिगसॉ संख्या कार्ड, एक अंकीय संख्या समझ और स्थानीयमान को लेकर गतिविधि कार्ड, पॉकेट बोर्ड, भिन्न को लेकर गतिविधि कार्ड, जोड़ने और घटाने को लेकर टीएलएम का निर्माण किया गया।

छात्रों के लिए तैयार हो रहा खेल मैदान

मल्टी एक्टिविटी से निखारेंगे अपनी खेल प्रतिभा, पढ़ाई के साथ-साथ खेल की भी मिलेगी सुविधा

■ **निगम आयुक्त ने निरीक्षण कर 15 जून से पूर्व सभी निर्माण कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश**

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त प्रकाश सर्वे ने आज अंग्रेजी माध्यम स्कूलों का निरीक्षण किया उन्होंने 15 जून के पूर्व तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण की तीव्रता के साथ ही गुणवत्ता का भी ध्यान रखें। उन्होंने पूरे कैंपस का निरीक्षण अधिकारियों के साथ किया। इस दौरान जोन आयुक्त मनीष गायकवाड, अमिताभ शर्मा, कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े, सुनील दुबे एवं आलोक पसीने तथा उप अभियंता श्वेता महेश्वर मौजूद रहे। सेक्टर छह स्थित इंग्लिश मीडियम स्कूल में बैडमिंटन कोर्ट बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल ग्राउंड तैयार किया जा रहा है बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों का भी लाभ मिलेगा। निगमायुक्त ने कहा कि सभी काम समानांतर करते हुए स्कूल खोलने के पूर्व निर्माण कार्य पूरा कर ले, जो कार्य बारिश पूर्वक किया जा सकता है वह आवश्यक रूप से कर लिया जाए बारिश के दिनों में निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार से बाधा उत्पन्न न हो। नगर निगम भिलाई में 3 शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में भवन रिनोवेशन, निर्माण, खेल सुविधा एवं अन्य आवश्यक कार्य निगमायुक्त प्रकाश सर्वे के निरंतर मानिटरिंग से युद्ध स्तर पर हो रहा है। सेक्टर 6 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में 80 लाख की लागत से छत का संधारण, तीन अतिरिक्त कक्ष निर्माण, बास्केटबॉल कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, पेंटिंग कार्य, फ्रंट व्यू, प्रवेश द्वार, प्रकाश व्यवस्था, वॉल आर्ट, लैंडफिलिंग एवं लेवलिंग, गार्डनिंग, लैंडस्कैपिंग एवं अन्य कार्य किए जा रहे हैं। वही खमरिया में लगभग 60 लाख की लागत से बाउंड्री वाल, प्रवेश द्वार, पार्किंग स्थल एवं अन्य कार्य किए जा रहे हैं। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने तीनों ही स्कूलों में निर्माणाधीन विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि टाइम डेडलाइन के अनुरूप कार्य को पूर्ण कराएं, जोन आयुक्त एवं संबंधित अभियंता इसकी मॉनिटरिंग नियमित रूप से स्वयं करें। मोबाइल मेडिकल यूनिट का निरीक्षण निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे जब भी फील्ड विजिट में निकलते हैं वह जरूर मोबाइल मेडिकल यूनिट के स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण करते हैं। आज उन्होंने गौतम नगर समुदायिक भवन के पास में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। आयुक्त ने दवाइयों की जानकारी ली और किस प्रकार के मरीज ज्यादातर शिविर में आ रहे हैं इसके बारे में चिकित्सकों से पूछा, फार्मासिस्ट ने बताया कि दवाई पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

जेनेरिक मेडिकल स्टोर की मांग

■ **सस्ती दवा व जनहित समस्या की मांगो का होगा निदान : महापौर**

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर निगम पद्मनाभपुर विवेकानंद भवन में ज्येष्ठ नागरिक संघ ने विवेकानंद भवन क्षेत्र में धनवंतरी मेडिकल स्टोर शुरू करने की मांग की मौके पर मौजूद महापौर धीरज बाकलीवाल ने जेनेरिक मेडिकल स्टोर खोले जाने हेतु अपनी सहमति जाहिर की और शासन स्तर पर प्रयास करने का आश्वासन किया बाद में उन्होने प्रस्तावित मेडिकल स्टोर की जगह का निरीक्षण भी किया इस दौरान राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आरएन वर्मा, सभापति राजेश यादव, एल्डरमैन राजेश शर्मा एवं पार्षद कमला शर्मा एवं हेमा शर्मा, एमआईसी सदस्य दीपक साहू, हामिद खोखर, मनदीप भाटिया सहित अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित थे। इसके पूर्व आज सुबह 10 बजे आयुक्त हरेश मंडावी शिविर में पहुंच कर प्राप्त आवेदनों का विभागवार निरीक्षण किया एवम सभी अधिकारियों को शिविर में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकृत करने का निर्देश दिया। आज दिनांक 01/06/2022 को वार्ड क्रमांक 45 एवं 46 में जन समस्या समाधान शिविर का आयोजन विवेकानंद सभागार पद्मनाभपुर में किया गया जिसमें कुल 26 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें मांग के 24 आवेदन, 02 शिकायत समास्या के प्राप्त हुए । राशन कार्ड, पेंशन से संबंधित प्राप्त आवेदनों का ऑन स्पॉट निराकरण किया गया। नये राशन कार्ड आवास योजना से संबंधी एवं लोककर्म विभाग, पेयजल विभाग से संबंधित आवेदनो पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु संबंधित अधिकारियो को आवेदन प्रेषित किये गये। आज गुरूवार को वार्ड क्रमांक 47 एवं 48 का जन समस्या समाधान शिविर का आयोजन शासकीय गुरूनानक स्कूल रायपुरनाका में आयोजित किया गया है। संबंधित वार्ड में नागरिक इस शिविर में उपस्थित होकर लाभ उठाये।

ओवर हिट से घायल हुआ बाज, बजरंग दल ने किया रेस्क्यू, बचाई जान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर के दुर्गा चौक में विगत कुछ दिनों पूर्व पड़ने वाली भीषण गर्मी में एक चील नीचे आ गिरा, जो वापस उड़ न सका। लगातार प्रयास से उसकी कमजोरी बढ़ने लगी जिसकी सूचना दुर्गा चौक निवासी सागर यादव ने विहिप बजरंग दल गौ रक्षा विभाग को दी, जहां तत्काल गौ-रक्षा जिला प्रमुख अंशुल कसार, राहुल ताम्रकार, शुभम नाविक, प्रणय मुल्लेवार मौके पर पहुंचे और बड़े ही कठिन परिश्रम से चील को पकड़ रेस्क्यू किया। बजरंग दल के जिला संयोजक सुनील सेन ने बताया कि संगठन में गौ रक्षा विभाग के समस्त बजरंगी प्रकृति के समस्त प्राणी जैसे गौ वंश, भैरव बाबा पक्षियों के उपचार हेतु अपनी पूरी मेहनत से सेवा दे रहे है। बजरंग दल सनातन संस्कृति के अनुसार पूज्य प्रकृति के संरक्षण हेतु अपना पुरा प्रयास कर रहा है। बजरंग दल के अंशुल कसार ने बताया कि कड़ी मेहनत से चील को पकड़ राजनांदगांव वन विभाग को सुपुर्द कर स्वयं पूरी टीम के साथ रह कर प्रकृति प्राणी का उपचार कराया गया। लगातार 3 दिन के उपचार और केयर से चील खुले आसमान में उड़ने को तैयार हो गया, जिसे वन विभाग द्वारा मनगट्टा स्थित वनों में अपना जीवन जीने छोड़ दिया गया। वहीं गौ रक्षा नगर प्रमुख राहुल ताम्रकार ने बताया कि चील के वन्य प्राणी है, जिसे इसी घटनाओं के जल्द से जल्द पशु चिकित्सक एवं वन विभाग को सूचना देना आवश्यक है, हम मानवों के ऊपर प्रकृति के समस्त प्राणियों की रक्षा की जिम्मेदारी है जिसे अनदेखा न करें।

नशा मुक्ति के लिए निकली रैलियां

दुर्ग (नव प्रदेश)। विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जिले के तीनों विकास खण्डों में नवगठित भारत माता वाहिनी एवं ग्रामीणों द्वारा रैली व शपथ का आयोजन किया गया। इसी के अंतर्गत ग्राम पंचायत अंजोरा (ख) जनपद पंचायत दुर्ग में नशामुक्ति रथ चलाया गया। जो कि बस स्टैण्ड और देशी शराब भट्ठी होते हुए बाजार चौक पहुँचा जहाँ रैली समाप्त हुई। तत्पश्चात् मंचीय कार्यक्रम में जनपद सदस्य हरेन्द्र व ग्राम पंचायत सरपंच माखन साहू द्वारा नशा न करने की अपील ग्रामीणजनों से की गई। इसी कड़ी में नगरीय निकायों में भी विभिन्न रैलियों का आयोजन किया गया, जिसमें कल्याणी नशामुक्ति केन्द्र भिलाई में पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक पल्लव की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ । कार्यक्रम में भारत माता वाहिनी समूह के पदाधिकारीगण, ग्रामीणजन व अधिकारी एवं कर्मचारीगण ने अपनी गरिमामई उपस्थिति दर्ज कराई।

कामधेनु विश्वविद्यालय, अंजोरा में गरीब कल्याण सम्मेलन संपन्न

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कृषि विज्ञान केन्द्र, अंजोरा दुर्ग के तत्वाधान में आजादी का अमृत महोत्सव ''गरीब कल्याण सम्मेलन÷ कार्यक्रम का आयोजन पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय अंजोरा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विजय बघेल, सांसद, दुर्ग लोकसभा थे। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ (कर्नल) एन.पी. दक्षिणकर कुलपति, दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विद्यारतन भसीन, विधायक वैशालीनगर, शंकर लाल देवांगन, जिला महामंत्री एवं संगिता साहू, सरपंच ग्राम पंचायत, अंजोरा (ख) थी।

कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद एवं पीएम किसान की 11वीं किस्त हस्तांतरण कार्यक्रम का जीवन्त प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती पूजा उपरांत कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। उनके एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा विश्वविद्यालय, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्यकी विभागों द्वारा लगायें गये प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।

मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री के जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई तथा कृषकों को कृषि के साथ-साथ पशुपालन, मत्स्यकी, उद्यानिकी की ओर तथा प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने के लिये प्रेरित किये तथा और विभागों के साथ जुड़कर कार्य संपादन करें सभी के प्रयास से जन कल्याणकारी योजनाओं का पूरा-पूरा लाभ मिलेगा।

इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. दक्षिणकर ने कृषकों को प्राकृतिक खेती गोबर, गोमूत्र का उपयोग कर विषमुक्त खेती के लिये आवाहन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री विद्यारतन भसीन ने गरीब कल्याण योजना के तहत गरीबों को प्रत्यक्ष बैंक हस्तातरण से मिल रहे लाभ तथा सभी योजनाओं से अवगत कराया। विश्वविद्यालय के निदेशक विस्तार, डॉ. आर.पी. तिवारी ने अपने स्वागत भाषण में कार्यक्रम के अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी।

निगम की कार्यशैली के खिलाफ भाजपा ने बोला हल्ला

राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय के नेतृत्व में प्रदर्शन में जुटे सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कांग्रेस की सत्ता वाली नगर निगम पर भाजपा द्वारा शहर की दशा बिगड़ने एवं जन समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया गया है। जिसके विरोध में राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय के नेतृत्व में बुधवार को भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने निगम मुख्यालय में हल्ला बोलकर निगम प्रशासन से जवाब मांगा गया। प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्त्ता निगम की लचर कार्यशैली को लेकर खासे आक्रोशित थे। फ्लस्वरुप कार्यकर्त्ताओं द्वारा विधायक, महापौर व निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए निगम के मुख्य प्रवेश द्वार पर लगे बेरीगेट्स को तोड़कर अंदर जाने का प्रयास किया गया। जिससे कार्यकर्त्ताओं और सुरक्षा में तैनात पुलिस बल के बीच धक्कामुक्की की स्थिति भी निर्मित हुई। भाजपा कार्यकर्त्ताओं के इस रुख को देखकर निगम आयुक्त हरेश मंडावी को प्रदर्शनकारियों के प्रतिनिधि मंडल

को चर्चा के लिए बुलाने विवश होना पड़ा। प्रतिनिधि मंडल द्वारा निगम मुख्यालय में आयुक्त हरेश मंडावी से चर्चा कर जन समस्याओं पर जमकर आक्रोश

जताया गया। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने आयुक्त को जनसमस्याओं से संबंधित 15 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। प्रतिनिधि मंडल में शामिल भाजपा नेताओं ने आयुक्त को चेतावनी भरे लहेजे में कहा कि 7 दिन के भीतर समस्याओं का समाधान करे अन्यथा की स्थिति में भाजपा कार्यकर्त्ता पुनः उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगें। भाजपा के प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश भाजपा मंत्री उषा टावरी, जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, महामंत्री ललित चंद्राकर, नटवर ताम्रकार, पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर, नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा, भाजपाउपाध्यक्ष संतोष सोनी, दिनेश देवांगन, मनोज मिश्रा आदि शामिल थे।

सिविल डिफेन्स द्वारा एचआरडी में हम भी है तैयार का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा संचालित नागरिक सुरक्षा संगठन भिलाई (भारत सरकार-गृह मंत्रालय से संबद्ध) द्वारा इस्पात कर्मियों की धर्मपत्नियों व गृहिणियों हेतु एक दिवसीय बुनियादी नागरिक सुरक्षा कार्यशाला हम भी है तैयार का आयोजन 30 मई को मानव संसाधन विकास विभाग के लघु सभागार में आयोजित किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य किसी भी आपदा, विपरीत परिस्थिति व संकटकालीन समय में गृहणियों को धैर्य, हिम्मत के साथ कैसे कार्य करे व संकट से जूझने का प्रयास कैसे करे, बचाव कार्य कैसे करे, प्राथमिक उपचार कैसे दें आदि की जानकारी दी गयी। हम भी है तैयार नागरिक सुरक्षा संगठन, छत्तीसगढ़ द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र के गृहणियों के लिए विशेष रूप से बनाया गया है क्योंकि घर की सम्पूर्ण जिम्मेदारी महिलाएं ही संभालती है व घर में होने वाली किसी भी आपदा, दुर्घटना व अप्रत्याशित घटना में पहली प्रतिक्रिया के रूप में गृहणी ही होती है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202205100400392

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक नूतन कुमार साहू आ. दुर्गा प्रसाद साहू निवासी बघेरा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम मोहलई प.ह.न. 06 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 37/48 रकबा 0.009 हें/ 1003 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25/5/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202205100400481

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक तुलाराम सिन्हा आ. पंचराम सिन्हा निवासी सिकोला द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 17/7 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 685/30 रकबा 0.013 हें/ 1380 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 30/5/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- /अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवलाल पिता स्व. बाबूलाल निवासी ग्राम धनोरा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक की माता श्रीमती बिन्दा बाई पति स्व. बाबूलाल एवं सहखातेदारगण के नाम से हक एवं स्वामित्व के वाके मौजा धनोरा प.ह.नं. 39 स्थित भूमि खसरा नं. 351/1, 841/2 एवं 956 रकबा क्रमशः 0.0480, 0.0300, 0.3700 हे. कुल खसरा नं. 03 कुल रकबा 0.4480 हे. भूमि स्थित है। आवेदक की माता श्रीमती बिन्दा बाई पति स्व. बाबूलाल सहखातेदार का स्वर्गवास दिनांक 20/4/2021 को हो चुकी है आवेदक की माता का स्वर्गवास हो जाने से राजस्व अभिलेख से नाम विलोपित कर उनके वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने फौती नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 09/06/2022 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30/5/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अजीन्द्रनाथ रवीन्द्रनाथन पिता श्री टी.पी.रवीन्द्रनाथन, उम्र - 43 वर्ष, निवासी फ्लैट- नं.-05 ब्लॉक बी/12, चौहान ग्रीन वेली, जुनवानी भिलाई तह. व जिला दुर्ग (दुर्ग) का हूं मेरे पुत्र जिसकी जन्मतिथि 02.02.2012 है, के जन्म प्रमाण पत्र एवं शालेय अभिलेखा में मेरे पुत्र का नाम इक्शान अजीन्द्रनाथ रवीन्द्रनाथन (IKSHAN AJEEN-DRANATH RAVEENDRANATHAN) दर्ज हो गया है मैं अपने पुत्र इक्शान अजीन्द्रनाथ रवीन्द्रनाथन (IKSHAN AJEENDRANATH RAVEENDRANATHAN) का नाम परिवर्तित कर इक्शान अजीन्द्रनाथ (IKSHAN AJEEN-DRANATH) करना चाहता हूं मैं अपने पुत्र के समस्त अभिलेखों में उसका नाम इक्शान अजीन्द्रनाथ रवीन्द्रनाथ (IKSHAN AJEEN-DRANATH RAVEENDRANATHAN) के स्थान पर इक्शान अजीन्द्रनाथ (IKSHAN AJEENDRANATH) कराना चाहता हूं। जिसके लिए छ.ग.राजपत्र में प्रकाशन कराना चाहता हूं। तथा भविष्य में वही नाम विधि अनुसार लिख जावें। जिसके बाबत सारी विधिक कार्यवाही मेरे द्वारा पूर्ण हो गई है। मेरे द्वारा दिए गए सभी दस्तावेजों के आधार पर सरकारी गजट में प्रकाशन किया जावें जिसके आधार पर मैं सभी दस्तावेजों में अपने पुत्र का नाम सुधरवा सकूं।

मुहर

शपथकर्ता
अजीन्द्रनाथ रवीन्द्रनाथन

न्यायालय नजूल अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

आवेदक श्री लिन्दा डिसूजा पिता श्री एन्थोनी डिसूजा उम्र-58 वर्ष निवासी म. नं. 19 अ वार्ड नं. 13 मोहन नगर दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि मोहन नगर, दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थित नजूल शीट नं. 09 भूखण्ड क्रमांक 4/4 का टुकड़ा रकबा 1650 वर्गफीट का दुर्ग जिला गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा पट्टा जारी किया गया है जिसका पंजीयन आवेदक के पक्ष में दिनांक 20/5/22 को किए जाने के उपरांत आवेदक द्वारा नामांतरण हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण में 15 दिवस के भीतर न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावें। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01/06/22 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर

नजूल अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता निखिल जाल (NIKHIL JAL) पिता राजेश जाल (RAJESH JAL) उम्र-18 वर्ष, निवासी क्वा नं. 2/ए, स्ट्रीट नं. 47 सेक्टर-8 भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूं। मेरी जन्मतिथि 28/01/2004 है। भारत सरकार द्वारा मेरे नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक 8190 03736206 में मेरा नाम निखिल जाल (NIKHIL JAL) पिता राजेश जाल (RAJESH JAL) अंकित है जो कि सत्य एवं सही है। मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र व अंकसूची में मेरा नाम निखिल जाल (NIKHIL JAL) परन्तु मेरे पिता का नाम त्रुटिवश राजेन्द्र जाल (RAJENDRA JAL) अंकित है जबकि मेरे पिता का सही व वास्तविक नाम राजेश जाल (RAJESH JAL) जो कि उनके नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक 553146298604 व उनके नाम से जारी खाता आंध्रा बैंक के पासबुक से अभिप्रमाणित है। राजेश जाल (RAJESH JAL) एवं राजेन्द्र जाल दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे पिता का नो है। मेरा सही व वास्तविक नाम निखिल जाल(NIKHIL JAL) पिता राजेश जाल (RAJESH JAL) को मेरे समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों व अन्य अभिलेखों में दर्ज करवाने एवं शासकीय गजट में प्रकाशित करवाने बाबत आवश्यक दस्तावेजों के साथ यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

मुहर

शपथकर्ता
निखिल जाल

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के न्यायालय में मामला
मामले की श्रेणी-राजस्व

क्रमांकः सीजी 5124913052022008

उरला प.ह.न. 00007 हे.

ईश्तहार

तह. दुर्ग के प.ह.नं. 00007 के अंतर्गत ग्राम उरला के भूमिस्वामी बहे.मु.आम. ईशानंद पिता/पति कुंजन लाल साहू पता म.नं. 505 उरला तह. व जिला दुर्ग, संजय सिंह पिता/पति विन्ध्यांचल सिंह पता सिंधिया नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा नं. 630/1 (0.0100) में नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 14/06/2022 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायानय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि के पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/5/22 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के न्यायालय में मामला
मामले की श्रेणी-राजस्व

क्रमांकः सीजी 5106423052022003

दुर्ग प.ह.न. 00024 हे.

ईश्तहार

तह. दुर्ग के प.ह.नं. 00024 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के भूमिस्वामी सीता साहू पिता/पति विजय कुमार साहू पता म.नं. 780 गली क्रमांक 01 गया नगर वार्ड नं. 04 दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा नं. 836/9 (0.0037) में नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 14/6/22 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायानय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि के पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/5/22 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

जिले के नए पुलिस कप्तान ने संभाला पदभार, तीन बार यूपीएससी परीक्षा सफल होकर पाए हैं कामयाबी

■ **काम को लेकर रहते हैं गंभीर, कानून व्यवस्था मजबूत करना जिले में है इनकी प्राथमिकता**

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले के नए एसपी डॉ जितेंद्र यादव ने बुधवार को पदभार ग्रहण कर लिया। पूर्व एसपी गोवर्धन सिंह ठाकुर ने उनका स्वागत सम्मान किया। साथ ही नए एसपी ने आते ही सभी थाना प्रभारियों और अधिकारियों के साथ एक मीटिंग भी ली। बता दें कि राज्य शासन के आदेश के अनुसार बालोद के एसपी रहे गोवर्धन सिंह ठाकुर का सहायक पुलिस महानिरीक्षक रायपुर के रूप में तबादला हुआ है। तो वहीं भानूप्रतापपुर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन डॉक्टर जितेंद्र यादव का बालोद एसपी के रूप में पदस्थापना हुई है। इस पदस्थापना के साथ नए एसपी से हमने फोनिक इंटरव्यू लेते हुए उनसे उनके जीवन के सफर और बालोद जिले में प्राथमिकता को लेकर बातचीत की। जिसमें उन्होंने यहां के मौजूदा हालातों को चुनौती बताते हुए कानून व्यवस्था को सुदृढ करने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि पुलिस की पहुंच हर जनता तक हो इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। समुदायिक पुलिसिंग को पूरी तरह से बढ़ावा दिया जाएगा। बालोद जिले में बढ़ते अवैध शराब बिक्री को लेकर उन्होंने सख्ती दिखाने की बात

कही और कहा कि पहली मीटिंग में भी मैंने सभी थाना प्रभारियों को इसको लेकर विशेष हिदायत दे दी है कि कहीं अवैध शराब नही बिकनी चाहिए। जो इस तरह से धंधा कर रहें उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो। कानून व्यवस्था का उल्लंघन करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। उन्होंने अपने जीवन से जुड़ी बातों को साझा करते हुए कहा कि वे किसान के बेटे हैं और खुद भी खेती किसानी करके पढ़ाई किए हैं। जब एक जॉब लगा तो जॉब करते करते उन्होंने यूपीएससी की तैयारी की। एक बार नहीं उन्होंने तीन-तीन बार यूपीएससी क्रेक किया है। और तीसरी बार में पुलिस सेवा में आए हैं। जशपुर जिले के जितेंद्र कुमार यादव ने तीसरी बार 2019 में यूपीएससी में अपना परचम फहराया था। यूपीएससी 2019 की परीक्षा में उन्होंने 370वीं रैंक हासिल की थी। इससे पहले भी उन्होंने 2015 और 2018 में 170वीं रैंक के साथ आईपीएस में उनका सेलेक्शन हुआ था। जितेंद्र यादव छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में प्रशिक्षु आईपीएस के रूप में पदस्थ रहे इसके बाद दुर्ग फिर भानुप्रतापपुर में पदस्थ रहे। अब बालोद ज्वाइन किए हैं।

अगर ठान ले तो हर कामयाबी है मुमकिन : एसपी

सिविल सर्विसेज एक्जाम्स की तैयारी कर रहे युवा आईपीएस बनने का सपना संजोये परीक्षा में भाग लेते हैं, लेकिन उनका सपना तब साकार होता है जब वह उस स्तर की तैयारी करते हुए सफल होते हैं। देश के उच्चस्तरीय परीक्षाओं में से एक सिविल सर्विसेज की परीक्षा होती है इसमें सभी को सफलता मिले यह जरूरी नहीं लेकिन जो मन मे ठान ले और लक्ष्य बनाकर कड़ी मेहनत करें तो सफलता उसके कदम चूमती है।

कृषि उपयोग दवाई खराब होने से फैल रहा जहरीला प्रदूषण

देवकर/कोदवा/नवप्रदेश। देवकर संपदा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मोहभट्ठा सेवा सहकारी समिति मर्यादित मोहभट्ठा-671 में शासन प्रशासन के द्वारा किसानों के खेत में फसल पर उपयोग के लिए दवाई आते है। जिनके बिक्री सही रूप से नहीं हो पाई है। लिहाजा सेवा सहकारी समिति मर्यादित मोहभट्ठा में बचत कीटनाशक, टॉनिक, पाउडर, इत्यादि जहरीली लिक्विड दवाई लगभग 2 से 3 साल पुराने स्टॉक में पड़े हुए है। वही खराब हो कर जहरीली वास्प में तब्दील होकर पूरे वातावरण में फैल रहा है। इसके साथ सेवा सहकारी समिति मर्यादित कार्यालय में प्रतिदिन सैकड़ो किसान खरीब फसल के कृषि कार्य हेतु कार्यालय के समक्ष भीड़ का तांता लगा रहता है। वही खराब दवाई जहरीली व बर्दास्त से हद पार गैस किसान को

नुकसान फैला सकते है। इस लापवारी के चलते जिम्मेदार अधिकारी मौन व चुप्पी बैठे है।

सेवा सहकारी समिति मर्यादित मोहभट्ठा 671 के अध्यक्ष मोतीलाल मारकंडे का कहना है कि किसानों को यह दवाई भेजने के लिए आते है इस दौरान बचत दवाई इधर उधर पड़े रहते है और इसके प्रति कोई ध्यान नही देते जिनके कारण से यह सब हो रहा है। इस दवाई के बारे में हमे प्रशासन को जवाब देना पड़ता है। इसलिए एक कक्ष में पड़े हुए है। कुछ दिनों में इसे फेक दिया जाएगा।

संगठन महामंत्री साय से मिले महामंत्री दीवान

नवागढ़/नवप्रदेश। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय रायपुर में बेमेतरा जिला महामंत्री विकास धर दीवान ने संगठन महामंत्री पवन साय से सौजन्य मुलाकात कर संगठनात्मक विषय पर चर्चा की और जिले में पार्टी द्वारा किये जा रहे कार्यो से अवगत कराया।

डिमांड राशि जमा करने के बावजूद नहीं मिल रहा स्थाई कनेक्शन

खैरागढ़/नवप्रदेश। नवघोषित खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के लगभग 2623 किसान बीते डेढ़ साल से स्थाई बोर कनेक्शन के लिए भटक रहे हैं। इन किसानों ने प्रति किसान मांग अनुसार लगभग 2 लाख रुपए के आसपास डिमांड जमा भी करा दिया है। इस बीच किसानों को अब नये संकट का सामना करना पड़ रहा है और दोहरी मार पड़ रही है। एक तो स्थाई कनेक्शन के लिए डेढ़ साल भटकना पड़ रहा है तो दूसरी तरफ पुनः अइस्थाई कनेक्शन के लिए फिर से पैसा जमा करना पड़ रहा है। कुछ जगह बिजली विभाग के जेई स्तर के अधिकारी इसमें भी नया खेल-खेल रहे है। जिन किसानों ने पूर्व से ही अस्थाई कनेक्शन ले रखा है। उन किसानों को दूसरी जगह शिफ्ट कर नये किसानों को उसी ट्रांसफार्मर में कनेक्शन दिया जा रहा है। किसानों के सामने खड़ी संकट में से बिजली विभाग के अधिकारियों को कोई लेना देना नहीं है बल्कि स्थाई कनेक्शन के लिए

पहुंचने वाले किसानों से दुर्व्यवहार किया जा रहा है। यदि 2623 किसानों से डेढ़ सालों पूर्व से जमा की गई राशि का आकलन किया जाए तो लगभग प्रति किसान की हिसाब से 52 करोड़ 66 लाख रुपये से अधिक की राशि वसूल कर डेढ़ साल से जमा कर रखे हैं इसके बावजूद उन्हीं किसानों को न केवल भटकाया जा रहा है बल्कि कार्यालय पहुंचने पर उनके साथ दुर्व्यवहार भी किया जा रहा है। इस संबंध में विभाग के एई किरण जांगड़े से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि शासन की ओर से जो टारगेट आता है। वहीं टारगेट कम है, अभी लगभग 428 का टारगेट आया है।

बिजली विभाग की लापरवाही से दुर्घटना की आशंका

खैरागढ़/नवप्रदेश। भोरमपुर में विद्युत विभाग की मनमानी के चलते कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। ग्रामीण रमेश ठाकुर ने एसडीएम को 17 नवम्बर 2021 को शिकायत की थी कि भोरमपुर से बेन्द्रीडीह रोड में उनका निजी तालाब है। जिसमें मवेशियों के आना- जाना लगा रहता है। इसी तालाब में विद्युत विभाग पांडादाह द्वारा बिना अनुमति के 3 पोल लगाया गया है। वहीं 1 पोल झुक गया है जिसके गिरने की आशंका भी है। तालाब के आस पास अन्य लोगों का खेत है। पानी का उपयोग ग्रामवासी भी करते हैं। आवेदन के 6 महीने बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होना दुर्घटना को आमंत्रण देना है। रमेश ठाकुर का कहना है कि पोल लगाने से पहले विभाग द्वारा कोई अनुमति नहीं लिया गया है जबकि कई वर्षों से तालाब है।

सहसपुर में संत शिरोमणि सतगुरु कबीर साहेब प्राकट्य उत्सव

देवकर/नवप्रदेश। नगर पंचायत देवकर के निकटवर्ती ग्राम सहसपुर में ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर संत शिरोमणि सतगुरु कबीर साहेब प्राकट्य उत्सव मनाया गया। सहसपुर (केवल धाम धमधा) में आमिन माता एवं कबीर नवयुवक मंडल द्वारा 30 मई सोमवार को प्रातः गुरु महिमा बरसाईत पुनो माह्तम, दोपहर सत्यनाम धुन के साथ गलियों में शोभायात्रा किया गया। इस पश्चात ठंडी शरबत पीलाकर सभी संत जनों का सेवा का अवसर प्राप्त हुआ। शाम मुल संध्या पाठ के साथ सत्संग भजन एवं खीर पुड़ी प्रसाद वितरण किया गया।

मोदी सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपाईयों ने सुना संवाद

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 8 वर्ष पूर्ण होने पर शिमला से सीधा प्रसारण जिला भाजपा कार्यालय कवर्धा में सुना गया, कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान योजना, उज्ज्वला योजना, जैसे अनेक योजना के लाभार्थीयों से चर्चा कर देश के 10 करोड़ से अधिक किसान परिवारो को 21 हज़ार करोड़ रुपय का प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 11वी किस्त का राशी हस्तांतरण किया गया, साथ ही गरीब कल्याण योजना जैसे अनेक योजना से जुड़े लाभार्थीयों से चर्चा किए, नये भारत के निर्माण में अहेम योगदान, सीमा सुरक्षा जैसे विषय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने बात रखी साथ ही आज का भारत

मजबूरी में हाथ फैलाने वाला भारत नही रहा आज का भारत 21वीं सदी का भारत है जो कोरोना जैसे महामारी में सैकड़ों देशों को दवाइयां पहुंचा कर सहयोग किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर, पूर्व विधायक अशोक साहू, जिला भाजपा उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष संतोष पटेल, जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेन्द चन्दवंशी, जिला कोषाध्यक्ष अजीत चंद्रवंशी, मंत्री सुरेश दुबे, जिला कार्यालय मंत्री पन्ना लाल चंद्रवंशी, सोशल मीडिया संयोजक दुर्गेश ठाकुर, जिला ई.टि. संयोजक बसंत नामदेव, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा भुनेश्वर चन्द्राकर, मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष चंदन पटेल, पिपरिया मंडल महामंत्री सुनील साहू, कवर्धा ग्रामीण किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष पवन पटेल, महामंत्री मुकेश चंद्रवंशी, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष संजय मिश्रा, किसान मोर्चा मंडल मंत्री खेमराज साहू, किसान मोर्चा मंडल मंत्री कमलेश दिवेदी, किसान मोर्चा महामंत्री शंभू देवागन, अजय अवश्थी, गोपाल साहू शहर मंडल उपाध्यक्ष, सहयोजक झुगगी झोपडी प्रकोट देव चौबे, दली चंन्द दुर्वे, विजय पटेल, कैलाश चौहान, दुखित राम साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक-8 मोहबा बाजार रायपुर
त्रुटि सुधार
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना
नामांतरण प्र.क्र. 01/2022-23
वार्ड का नाम- शहीद भगत सिंह-21
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शहीद भगत सिंह-21 स्थित मकान/ भूमि RPR821G659 जो कि निगम अभिलेख में सिंघानिया बिल्ड प्रा. लि. डाय. सुबोध सिंघानिया पिता श्यामलाल के नाम से दर्ज है, जिसको श्री पूनम वासनिक w/o प्रीतम एन वासनिक, प्रीतम नारायण वासनिक पिता नारायण किसन वासनिक ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 07 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 8
नगर पालिक निगम, रायपुर

न्यायालय तहसीलदार आरंग के न्यायालय में मामला क्रमांक 202112112500099
विषय-अ-6 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2021-22
आरंग प.ह.नं. 00054 [2457/5(0.650 हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - श्रीमती सावित्री गुप्ता, श्रीमती सीमा अग्रवाल, श्रीमती श्रद्धा गुप्ता,
अनावेदक पक्षकार -छ.ग. शासन, ब्रम्हानंद, नरेन्द्र, संदीप, शकुन, त्रिवेणी
ईश्तहार
प.ह.नं. 54 ग्राम आरंग तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग.
एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती सावित्री गुप्ता पिता स्व. मन्नू लाल गुप्ता वगैरह निवासी समता कालोनी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम आरंग प.ह.नं. 54 तहसील आरंग स्थित परिवर्तित भूमि खाता क्रमांक 478 सीट क्रमांक 06 खसरा नं. 2457/5 प्लाट नं. 28 क्षेत्रफल 600 वर्गफीट भूमि भूमिस्वामी मन्नू लाल पिता बनवाली गुप्ता के नाम पर बी-1 में भूमि स्वामी दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार मन्नूलाल पिता बनवाली गुप्ता की दिनांक 17/03/1983 एवं रामकुमारी बेवा मन्नूलाल की दिनांक 24/07/2021 को फौत हो जाने के कारण आवेदक द्वारा मृतक खातेदार के विधिक वारिसानों के नाम पर फौती नामांतरण किए जाने मांग किया है।
अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 13/06/2022 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/05/2022 को जारी किया जाता है।
GOVIND KUMAR SINHA
सील
तहसीलदार
आरंग

न्यायालय तहसीलदार आरंग के न्यायालय में मामला क्रमांक 202204112500069
विषय-अ-6 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2021-22
मोखला (प.ह.नं. 00060)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - श्रीमती जमुना साहू,
अनावेदक पक्षकार -छ.ग. शासन
ईश्तहार
एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासी को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती जमुना साहू पति श्री हेमंत साहू निवासी ग्राम चरौदा पो.आ. भिलाई तहसील आरंग जिला रायपुर द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम मोखला प.ह.नं. 60 रा.नि.मं. भिलाई स्थित खसरा नं. 2590, 2591 रकबा क्र. 0.20000, 1600 कुल खसरा 02 कुल रकबा 0.3600 हे. भूमि भूखन साहू पिता सियाराम साहू के नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज है। खातेदार भुवन साहू पिता सियाराम साहू ने अपने जीवनकाल में आवेदिका के हक एवं पक्ष में पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित कराए हैं जिसे उपपंजीयक महोदय रायपुर ने पुस्तक क्रमांक अ 3 ग्रंथ क्रमांक-332 में पृष्ठ क्रमांक 06 से 09 तक विलेख क्रमांक 240 देकर दिनांक 07.08.2015 पंजीकृत किए हैं। वसीयतकर्ता भुवन साहू पिता सियाराम साहू का निधन दिनांक 09.10.2015 को हो चुका है। उक्त वसीयत के आधार पर आवेदिका नामांतरण किए जाने की मांग किया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 20/06/2022 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 31/05/2022 को जारी किया जाता हैं।
GOVIND KUMAR SINHA
सील
तहसीलदार
आरंग

न्यायालय तहसीलदार आरंग के न्यायालय में मामला क्रमांक 202204112500069
विषय-अ-6 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2021-22
मोखला (प.ह.नं. 00060)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - श्रीमती जमुना साहू,
अनावेदक पक्षकार -छ.ग. शासन
ईश्तहार
एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासी को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती जमुना साहू पति श्री हेमंत साहू निवासी ग्राम चरौदा पो.आ. भिलाई तहसील आरंग जिला रायपुर द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम मोखला प.ह.नं. 60 रा.नि.मं. भिलाई स्थित खसरा नं. 2590, 2591 रकबा क्र. 0.20000, 1600 कुल खसरा 02 कुल रकबा 0.3600 हे. भूमि भूखन साहू पिता सियाराम साहू के नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज है। खातेदार भुवन साहू पिता सियाराम साहू ने अपने जीवनकाल में आवेदिका के हक एवं पक्ष में पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित कराए हैं जिसे उपपंजीयक महोदय रायपुर ने पुस्तक क्रमांक अ 3 ग्रंथ क्रमांक-332 में पृष्ठ क्रमांक 06 से 09 तक विलेख क्रमांक 240 देकर दिनांक 07.08.2015 पंजीकृत किए हैं। वसीयतकर्ता भुवन साहू पिता सियाराम साहू का निधन दिनांक 09.10.2015 को हो चुका है। उक्त वसीयत के आधार पर आवेदिका नामांतरण किए जाने की मांग किया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 20/06/2022 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 31/05/2022 को जारी किया जाता हैं।
GOVIND KUMAR SINHA
सील
तहसीलदार
आरंग

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com
//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //
नामांतरण प्र.क्र. 67/22-23
वार्ड का नाम- शंकर नगर-30
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शंकर नगर-30 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 552ए न्यू शांति नगर शंकर नगर जो कि निगम अभिलेख में श्री अब्दुल खालिक s/o पीर मोहम्मद के नाम से दर्ज है, जिसको 1 श्रीमती अमीना बेगम w/o स्व. अब्दुल खालीक 2. सरफराज आलम s/o अब्दुल खालिक रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
दिनांक
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-02
शहीद स्मारक स्कूल के.के. रोड रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना
नामांतरण प्र.क्र. 68/2022-23
वार्ड का नाम- हवलदार अब्दुल हमीद-36
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि हवलदार अब्दुल हमीद-36 स्थित मकान/ भूमि RPR737G00289 जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती गोदावरी अग्रवाल w/o रामसुंदर अग्रवाल, कमलेश, बालाजी s/o रामसुंदर अग्रवाल के नाम से दर्ज है, जिसको 1. श्री कमलेश अग्रवाल 2. बालाजी अग्रवाल दोनों के पिता स्व. रामसुंदर अग्रवाल ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 02
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-02
शहीद स्मारक स्कूल के.के. रोड रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना
नामांतरण प्र.क्र. 69/2022-23
वार्ड का नाम- राजीव गांधी-13
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि राजीव गांधी-13 स्थित मकान/ भूमि V3C-RPR223E00059 जो कि निगम अभिलेख में नाकोडा बिल्डर्स स्वयं पार्टनर विकास पारख पिता श्री लूनकरण पारख के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती मेघा शुक्ला पति श्री हीतेश शुक्ला ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 02
नगर पालिक निगम, रायपुर

न्यायालय तहसीलदार आरंग के न्यायालय में मामला क्रमांक 202205112500011
विषय-ब-121 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2021-22
निसदा प.ह.नं. 00057 [301(0.3100 हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - तोष राम साहू,
अनावेदक पक्षकार -छ.ग. शासन
ईश्तहार
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तोषराम साहू पिता स्व. केजूराम साहू कास्तकार निवासी ग्राम निसदा तहसील आरंग जिला रायपुर द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम निसदा प.ह.नं. 57 रा.नि.मं. भिलाई, तहसील आरंग जिला रायपुर स्थित भूमि ख.नं. 301 रकबा 0.3100 हे. भूमि आवेदक सहित अन्य के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक का पूर्व में जो जारी मूल ऋण पुस्तिका असावधानीवश कहीं गुम हो जाने के कारण खाद बीज एवं कृषि कार्य करने में परेशानियां होने के कारण डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका जीर किए जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश कर निवेदन किया गया है।
अतएव एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक के आवेदन पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति करना हो तो दिनांक 13/06/2022 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार एवं सुनवाई नहीं होगी।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 20/05/2022 को जारी किया जाता हैं।
GOVIND KUMAR SINHA
सील
तहसीलदार
आरंग

न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला-रायपुर छ.ग.
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. /ब-121 वर्ष 2021-22
ग्राम- बोरिद प.ह.नं. 29
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक खोरबाहरा ध्रुव पिता प्यारी ध्रुव निवासी ग्राम बोरिद तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. ने आवेदन प्रस्तुत कर आवेदक अपने माता का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र हलफनामा पेश किया है। जिसमें आवेदक के माता सुखवंतीन ध्रुव पति प्यारी ध्रुव की मृत्यु दिनांक 20.05.2008 को ग्राम बोरिद में होना दर्शाया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/ आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 06.06.2022 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार आज दिनांक 18.05.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।
सील
तहसीलदार
आरंग

न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला-रायपुर छ.ग.
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. /ब-121 वर्ष 2021-22
ग्राम- बोरिद प.ह.नं. 29
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक खोरबाहरा ध्रुव पिता प्यारी ध्रुव निवासी ग्राम बोरिद तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. ने आवेदन प्रस्तुत कर आवेदक अपने पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र हलफनामा पेश किया है। जिसमें आवेदक के पिता प्यारी ध्रुव पिता अधिराजी की मृत्यु दिनांक 28.10.2008 को ग्राम बोरिद में होना दर्शाया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/ आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 06.06.2022 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार आज दिनांक 18.05.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।
सील
तहसीलदार
आरंग

कार्यालय नगर पालिका परिषद सरायपाली, जिला-महासमुन्द (छ.ग.)
Email ID-cmonppsaraipali@gmail.com
क्र. 267/न.पा.प./लो.नि.वि./2022-23 सरायपाली, दिनांक 31.05.2022
// मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //
नगर पालिका परिषद सरायपाली क्षेत्रांतर्गत एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से त्रि-लिफाफा पद्धति में रजिस्टर्ड/पंजीकृत डाक के माध्यम से निविदा प्रपत्र ''अ'' अंतर्गत प्रचलित एस.ओ.आर. CGPWD Building/Road SOR w.e.f. on 01.01.2015 से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।
1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि - 22.06.2022 समय 03.00 बजे अपरान्ह तक।
2. निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि- 27.06.2022 समय 04.00 बजे अपरान्ह तक।
3. निविदा प्रस्तुत किए जाने की अंतिम तिथि - 05.07.2022 समय 03.00 बजे अपरान्ह तक।
4. प्रस्तुत निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि - 05.07.2022 समय 04.00 बजे अपरान्ह से।

क्र.	कार्य विवरण	अनु. लागत (रु. लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	समय सीमा
01	वार्ड क्रमांक 01 में नारायण घर से हॉस्टल तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	6.91	7000/-	750/-	03 माह
02	वार्ड क्रमांक 01 में भंवरपुर रोड से मुक्तिधाम तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	15.00	15000/-	750/-	
03	वार्ड क्रमांक 03 में जोगी घर से पुलिया तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	7.25	7500/-	750/-	
04	वार्ड क्रमांक 05 में सरसीवां रोड से बालेश्वर मंदिर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	4.15	4500/-	750/-	
05	वार्ड क्रमांक 13 में सुजीत घर से अघरिया हॉस्टल तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	11.46	11500/-	750/-	
06	वार्ड क्रमांक 13 में सुजीत घर के पास मनोज घर से ओडिया घर तक, कैलाश घर से माखीजा घर तक, बस्ती सरायपाली से टिकम गुरूजी घर तक, विनायक कालोनी में घनश्याम घर से मेन रोड तक आर. सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	6.05	6500/-	750/-	
07	वार्ड क्रमांक 15 में टोप्पो घर से विजय घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	2.81	3000/-	750/-	
08	वार्ड क्रमांक 15 में प्रकाश घर के समीप सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	5.01	5500/	750/-	

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://uad.cg.gov.in/ से एवं कार्यालय के सूचना पटल में कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।
टीप - निविदा हेतु भौतिक दस्तावेज रजिस्टर्ड/पंजीकृत डाक के माध्यम से प्राप्त की जावेगी।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सरायपाली

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com
//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //
नामांतरण प्र.क्र. 67/22-23
वार्ड का नाम- शंकर नगर-30
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शंकर नगर-30 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 552 न्यू शांति नगर शंकर नगर जो कि निगम अभिलेख में श्री अब्दुल खालिक s/o पीर मोहम्मद के नाम से दर्ज है, जिसको 1. श्रीमती अमीना बेगम w/o स्व. अब्दुल खालीक 2. सरफराज आलम s/o अब्दुल खालिक रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
दिनांक
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com
//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //
नामांतरण प्र.क्र. 66/22-23
वार्ड का नाम- कालीमाता-11
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कालीमाता-11 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 11/ FLAT No. 304, Block No.A तृतीय तल सिक्टल ऑरकेट (RPR330C0457A) जो कि निगम अभिलेख में श्री दीपक कुमार जायसवाल पिता श्यामा प्रसाद जायसवाल के नाम से दर्ज है, जिसको 1. श्रीमती मधु माथुर पति प्रबोध चन्द्र माथुर 2. श्री प्रबोध चन्द्र माथुर पिता प्रमोदचन्द्र माथुर रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
दिनांक
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर
नगर निगम मुख्यालय नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.)
फोन : 0771-25355780, फैक्स:0771-227395
ई मेल : dcrmc@reddiffmail.com
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना
नामांतरण प्र.क्र. 37/2022-23
वार्ड का नाम- चन्द्रशेखर आजाद-60
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि चंद्रशेखर आजाद-60 स्थित मकान/ भूमि 60/52/एफ/ 1065 खसरा नं. 306/27 रावतपुरा फेस-2 मठपुरैना जो कि निगम अभिलेख में मेसर्स राज कंस्ट्रक्शन द्वारा भागीदार 1. गौतम कुमार ओझा पिता श्री राजनारायण ओझा 2. श्रीमती रीना ओझा पति गौतम कुमार 3. श्रीमती मंजू देवी ओझा पति संतोष ओझा 4. श्रीमती कलावती ओझा पति स्व. राजनारायण ओझा के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती लता सेन पति श्री देवराज सेन ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर
नगर निगम मुख्यालय नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.)
फोन : 0771-25355780, फैक्स:0771-227395
ई मेल : dcrmc@reddiffmail.com
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना
नामांतरण प्र.क्र. 36/2022-23
वार्ड का नाम- चन्द्रशेखर आजाद-60
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि चंद्रशेखर आजाद-60 स्थित मकान/ भूमि 60/52/एफ/ 145 खसरा नं. 295/86 रावतपुरा फेस-2 मठपुरैना जो कि निगम अभिलेख में मेसर्स धीवर कंस्ट्रक्शन द्वारा भागीदार श्रीमती सरोज धीवर पति राजेन्द्र कुमार धीवर वगैरह के नाम से दर्ज है, जिसको 1. सीमूलता साहू पति श्री उमाशंकर साहू 2. श्रीमती रेणुका साहू पति नारायण लाल साहू ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com
आम सूचना
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल कालोनी टाटीबंध रायपुर में निर्मित ढांचा में से भवन/ढांचा क्र.-457 में श्रीमती हरप्रीत कौर बल पति श्री परगत सिंग बल को स्ववित्तीय/ एकमुश्त /आफर आधार पर आबंटित/ नामांतरण किया गया है। उनके द्वारा दि. 24.11.15 को लीजडीड/ सेलडीड/ विक्रय विलेख पंजीकृत करा लिया गया है। मूल आबंटी द्वारा उक्त भवन श्री भूरा कुमार किरार पिता श्री मिश्रीलाल किरार के पक्ष में दिनांक 24.10.19 को विक्रय कर दिया।
तदउपरांत क्रेता द्वारा उक्त भवन/ भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन क्रेता श्री भूरा कुमार किरार पिता श्री मिश्री लाल किरार के नाम पर नामांतरण किया जाना है।
अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशित की तिथि से 15 दिन के अंदर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार
राजस्व प्रकरण क्रमांक ब/121
ग्राम- छोवभट्ठी
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेत्तर पिता श्री पकलू ग्राम छोवभट्ठी तहसील आरंग द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने माता खोरबाहरीन मृत्यु दिनांक 5/10/2008 है। का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक मृत्यु को आदेश जारी करने की मांग किया है, ताकि मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सके।
उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति का दावा/ आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 05/06/2022 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार आज दिनांक 10/5/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।
सील
तहसीलदार
आरंग

तंबाकू के खिलाफ स्वास्थ्यकर्मियों ने निकाली जागरूकता रैली

◗ अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस पर हुए विविध आयोजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। धूम्रपान से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति समाज में जनचेतना विकसित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर जिले में विविध जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। नर्सिंग छात्रों ने रैली निकाली तथा मेडिकल कॉलेज में चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रतिभागियों ने संदेश दिया कि धूम्रपान, तंबाकू या तंबाकू निर्मित उत्पादों का सेवन हमारे पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा है। धूम्रपान या तंबाकू का सेवन नहीं करने से शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य को सुरक्षित एवं सुदृढ़ रखा जा सकता है।

जनसामान्य में धूम्रपान के विरुद्ध सकारात्मक वातावरण निर्मित करने के लिए जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों तथा हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में तंबाकू व तंबाकूयुक्त अन्य उत्पादों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान समाज को तंबाकू जैसी बुराई से बचाने का प्रयास किया गया। हर साल 31 मई को अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस मनाया जाता है। इस साल यह दिवस तंबाकू, हमारे पर्यावरण के लिए खतरा के विषय पर मनाया गया।

इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया धूम्रपान एक सामाजिक बुराई है। तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। तंबाकू खाने से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी होने का खतरा बढ़ जाता है। इस संदेश का प्रचार-प्रसार करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम किए गए। तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों पर जोर देते हुए नर्सिंग छात्रों ने जागरुकता रैली निकाली जिसमें स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने भी बढ-चढ़कर हिस्सा लिया। इसी तरह पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज में धूम्रपान-तंबाकू निषेध पर आधारित चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने तंबाकू हमारे पर्यावरण के लिए खतरा विषय पर धूम्रपान या तंबाकू सेवन नहीं करने का संदेश दिया।

नशामुक्ति के लिए परिचर्चा व नुक्कड़ नाटक

अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर जिले में जन-जागरुकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई, जिसमें परिचर्चा भी शामिल है। ग्रामीण क्षेत्र में नुक्कड़ नाटक व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए गए। तंबाकू के दुष्प्रभाव की जानकारी समुदाय में प्रचारित करने के लिए सोशल मीडिया में नशा-पान के दुष्प्रभावों का प्रचार किया गया।

डॉक्टरों ने दिया परामर्श

धूम्रपान की वजह से कैंसर होने का खतरा बढ़ जाता है। कैंसर होने पर मरीज ही नहीं पूरे परिवार को नुकसान होता है, इसीलिए विशेष जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को यह बताया गया कि कैंसर से बचने के लिए तंबाकू एवं धूम्रपान का सेवन अवश्य छोड़ना चाहिए। इससे खुद तो बचेंगे ही तथा समाज को भी एक नई दिशा दे सकेंगे। इस बारे में मेडिकल कॉलेज व जिला अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा परामर्श दिया गया।

विधायक छाबड़ा की अनुशंसा से जिपं से मिली 35 लाख रुपए के कार्यों की स्वीकृति

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा के अनुशंसा से क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों हेतु जिला पंचायत बेमेतरा से 15 वे वित्त के तहत 35 लाख रुपए की राशि के कार्यों की स्वीकृति मिली। स्वीकृत कार्यों में सड़क निर्माण मद के तहत ग्राम बैजलपुर छबि बिलाश के घर से दिलीप के घर तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य 2.50 लाख, ग्राम तिवरैया शीतला मंदिर के समीप सिमेंटिकरण कार्य 2.50 लाख, ग्राम हतपान समारू के घर से जयराम कुर्रे के घर तक सीसी रोड़ निर्माण 2.50 लाख रुपए, स्वच्छता मद के तहत ग्राम कठिया में पंचायत भवन से बिसौहा साहू कांप्लेक्स तक पक्का नाली निर्माण कार्य 3.75 लाख, ग्राम ताकम में लोहार के घर से दिनेश मेहर के घर तक पक्का नाली निर्माण कार्य 3.75 लाख रुपए, सांस्कृतिक गतिविधि मद के तहत ग्राम तारालीम में सांस्कृतिक मंच निर्माण 3 लाख, ग्राम खर्रा में कबीर कुटी के पास सांस्कृतिक मंच निर्माण 2.50 लाख, ग्राम बूढ़ाजौंग में सांस्कृतिक मंच निर्माण 2 लाख रुपए, पेयजल मद के तहत ग्राम खम्हरिया (एम) में प्रा.शा.भवन में बोर खनन एवं पम्प स्थापना 1.25 लाख, ग्राम चीखला में वार्ड न 01 में बोर खनन एवं पम्प स्थापना 1.25 लाख, ग्राम देवरबीजा में धोबी समाज सामुदायिक भवन के पास बोर खनन एवं पम्प स्थापना 1.25 लाख, ग्राम भरचटटी में तालाब के पास बोर खनन एवं पम्प स्थापना 1लाख, ग्राम नवागांव (लावातरा ढा) में पुराना तालाब के पास बोर खनन एवं पम्प स्थापना 1लाख, ग्राम हसदा में कुर्मी भवन के पास बोर खनन एवं पम्प स्थापना 1.25 लाख, ग्राम भेड़नी में नर्मदा धाम के पास वाटर कूलर स्थापना 50 हजार रुपए शामिल है।

जोगी की पुण्यतिथि पर जेसीसी जे का स्मृति मार्च

◗ जिला मुख्यालयों, विधानसभाओं तथा ब्लॉक मुख्यालयों में निकाली विशाल जोगी स्मृति मार्च

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ ने 29 मई को छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री स्व अजीत जोगी की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में 30 मई को उनकी स्मृत्ति में प्रदेशव्यापी जोगी स्मृति मार्च निकाला। छत्तीसगढ़ के सभी जिला, विधानसभा और ब्लॉक मुख्यालयों में जोगी स्मृत्ति मार्च का आयोजन किया गया। फूलों से सुसज्जित जीप में अजीत जोगी की विशालकाय फोटो को रखकर बड़ी संख्या में जनता कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने ठाकुर प्यारेलाल चौक से कलेक्टेड कार्यालय तक जोगी स्मृत्ति मार्च निकाला। इस अवसर पर आम जनमानस भी बड़ी संख्या में मार्च में शामिल हुआ और अजीत जोगी का स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनकी जनसेवा को याद किया।

जोगी स्मृत्ति मार्च के दौरान जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के जिला, प्रदेश, शहर एवं ब्लाक के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी की प्रतीमा स्थापित करने के लिए स्थान आवंटित करने की मांग सरकार से की।

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के जिला अध्यक्ष विष्णु लोधी व कोर कमेटी सदस्य नवीन अग्रवाल ने एक स्वर में कहा कि छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी एक युग पुरुष थे। छत्तीसगढ़ की माटी में एक गरीब आदिवासी के यहां जन्मे श्री जोगी ने गरीबी, लाचारी और असहाय से भरे विषम काल में पल-बढ़कर, परिस्थितियों से लड़ कर, एक दक्ष गोल्ड मेडलिस्ट इंजीनियर, प्रोफेसर, आईपीएस एवं आईएएस बने और छत्तीसगढ़ राज्य बनने के उपरांत प्रथम मुख्यमंत्री बनकर उन्होंने छत्तीसगढ़ की अस्मिता का मान बढ़ाया और सदैव किसानों व गरीबों का मसीहा बने रहें, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, असहाय और पिछड़ों के उत्थान और सेवा के लिए कार्य किया एवं संपूर्ण जीवन न्यौछावर किया।

शहर जिलाध्यक्ष शमसुल आलम ने कहा कि युगपुरुष अजीत जोगी छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे पुत्र थे। छत्तीसगढ़ के लोगों को जोगी जी से अपार स्नेह था और आम लोगों ने उन्हें कभी भी नेता नहीं बल्कि घर के एक सदस्य के रूप में मान दिया। छत्तीसगढ़ के ढाई करोड़ जनता की जनभावनाओं का सम्मान करते हुए, छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री व प्रशासन द्वारा जोगी की प्रतिमा स्थापित करने हेतु स्थान दें।

उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष विष्णु लोधी, कोर कमेटी के सदस्य नवीन अग्रवाल, शहर जिला अध्यक्ष शमशूल आलम, कोषाध्यक्ष भगवती वर्मा, विसराम वर्मा, लिलाम्बर वर्मा, जोगी छात्र संघ के शहर जिला अध्यक्ष उदित हरिहरनो, रजनीश अम्पादे, अरहान आलम, नरसीग वर्मा, राम टेमभुरकर, भरत वर्मा आदि बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

8 साल में 8 योजनाओं ने जनता की तकदीर और तस्वीर बदली : सिन्हा

गरियाबंद/नवप्रदेश। भाजपा जिला गरियाबंद के पूर्व जिला महामंत्री एवं मार्केटिंग सोसायटी किसान राईस मिल गरियाबंद अध्यक्ष मुरलीधर सिन्हा ने बताया कि भारत के लोकप्रिय एवं यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आठ साल के कार्यकाल में आठ जन कल्याणकारी योजनाओं ने तकदीर और तस्वीर बदल दी है।

वरिष्ठ भाजपा नेता श्री सिन्हा के अनुसार कि केन्द्र की एनडीए सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सफलतम आठ साल पूरा होने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जब मई 2014 को प्रधानमंत्री पद की शपथ लिये तो सर्वप्रथम पहली योजना स्वच्छ भारत अभियान चलाया गया, पूरे देश मे 10.97 करोड़ इज्जत घर शौचालय निर्माण किया जो आज गांव, शहर की गली स्वच्छ दिखने लगा है । दूसरी महती कल्याणकारी उज्जवला योजना के अन्तर्गत 9 करोड़ रसोई गैस कनेक्शन देकर माँ-बहनों को जहरीली धुँआ से मुक्ति दिलाया है । तीसरी महत्वपूर्ण कल्याणकारी प्रधानमंत्री आवास योजना है जो दो करोड़ से अधिक लोगों को पक्का मकान मिला और 2025 तक योजना सतत जारी रहेंगे, यह पक्के छत का मकान सपना साकार हुआ है। चौथी कल्याणकारी योजना मुद्रा बैंक योजना से 5 करोड़ से अधिक लोगों को बिना गैरेन्टर के ऋण देकर रोजगार प्रदान किया है, अब लाभार्थी रोजगार माँगने की बजाय रोजगार देने वाले उद्यमी बन गये हैं । पांचवीं जन-धन योजना है जो जीरो बैलेंस में 45 करोड़ से ज्यादा बैंक खातेदार हो गये हैं, जो कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ सीधा बैंक खाते में जा रहा है । छठवीं योजना किसानों के लिए है किसान सम्मान निधि है, देश के 12.5 करोड़ किसानों को प्रति वर्ष छैःहजार रूपये मिलते हैं । 31 मई 2022 को 11वीं किश्त की राशि भी जारी हुई है । सातवीं जन कल्याणकारी योजना जल-जीवन मिशन है । शुद्ध पेयजल के लिए घर-घर नल से जल प्रदाय करना है, अब तक 6.3 करोड़ घरों में नल से जल प्रदाय होने लगा है जो निरन्तर जारी है ।आठवीं योजना जीवन को स्वस्थ्य रखने का है । आयुष्मान भारत योजना है, इस योजना के अन्तर्गत 5 लाख रूपये तक मुफ्त ईलाज करना है जो अब तक17.8 करोड़ पूरे भारत में कार्ड बनाकर लाभ दीये जा रहें हैं । भाजपा नेता मुरलीधर सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में और 8 साल के सफ्लतम कार्यकाल में देशवासियों का तकदीर एवं तस्वीर बदला है ।

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH
WATER RESOURCES DEPARTMENT
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
M.R.P. PHASE ll WORK DIVISION, RAIPUR (C.G.)
CORRIGENDUM NO.1

(1) In System Tender No. 99347 N.I.T. No 03/SAC/2022-23, Raipur, Dated 11.05.2022 whose G-Number is 91143 dated 12/05/2022 following amendments are made :-
(2) In System Tender No. 99349 N.I.T. No. 04/SAC/2022-23 Raipur,Dated 11.05.2022 whose G-Number is 91144 dated 12/05/2022 following amendments are made :-

S. No.	Amendments
1	Online Tenders are invited for the following works up to 15.06.2022 at 17.30
2	Bid Open Start Date and time : 16.06.2022, 11.30 Hours

Note :- All other terms and conditions will remain be unchanged.

Executive Engineer
M.R.P., Phase ll Work Division, Raipur
For, Superintending Engineer
Mahanadi Circle, Raipur (C.G.)

G-91705/4

एकदिवसीय वार्षिक अधिवेशन संपन्न

बेमेतरा/नवप्रदेश। झेरिया यादव समाज जिला व तहसील स्तरीय एकदिवसीय वार्षिक अधिवेशन जिलें के बेरला ब्लाक के ग्राम लावतरा (भरदा बेरला) रविवार को आयोजित किया गया था। प्रथम सत्र दीप प्रज्वलित के मुख्य अतिथि बेमेतरा विधानसभा के पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, अध्यक्षता झेरिया यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव, विशिष्ट अतिथि बेमेतरा जिलाध्यक्ष चिंताराम यादव, पार्षद नगर निगम चरोदा भिलाई ललित यादव, नगर पंचायत बेरला सभापति प्रमोद गौसेवक, छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग सदस्य आशा संतोष यादव, जामूल नगर पालिका पूर्व पार्षद व जामुल परिक्षेत्र अध्यक्ष अश्वनी यादव उपस्थित रहे। इसके पश्चात हमारे समाज के बाल कलाकार रोशन यादव कि टीम बिलासपुर जिला की सुपरहिट बाल नृत्य की प्रस्तुति व राउत नाचा कृष्ण झांकी के साथ कार्यक्रम समापन सत्र की ओर बढ़ता रहा। अधिवेशन में बेमेतरा जिला के पदाधिकारी जिलाध्यक्ष चिंताराम यादव, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम यादव, जिलासचिव अनुज यादव, बेरला ब्लॉक अध्यक्ष हरिश्चंद्र यादव, जिलाउपाध्यक्ष सेवाराम यादव, जिला महामंत्री हेमकांत यादव, जिला मिडिया प्रभारी रोशन यादव, रांका राज अध्यक्ष सुंदर यादव, बेमेतरा ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष अमित यादव, बेमेतरा नगर अध्यक्ष दामोदर यादव, नंदू यादव, बेरला ब्लॉक के उपाध्यक्ष सुखीराम यादव, कोषाध्यक्ष गयानंद यादव, पूर्व पार्षद बलराम यादव, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि व संगठन मंत्री आनंद यादव, प्रचार सचिव बिसौहा यादव, बेरला नगर सचिव अमलेश यादव, भैय्याराम यादव, उधोराम यादव, खिलावन यादव, नारद यादव, परस यादव, सोहन यादव, अशोक यादव, महिला प्रकोष्ठ के कुंती यादव ब्लॉक अध्यक्ष बेरला, रजनी यादव, फगनी यादव, मंजू यादव, संतोषी यादव, युवा प्रकोष्ठ के अनिल यादव, जनकराम यादव, धनेश यादव, लोकनाथ यादव, ओकेश्वर यादव, हेमंत यादव, दीपक यादव, धनंजय यादव सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व प्रदेश, जिला, ब्लॉक, तहसील, परिक्षेत्र समाज प्रमुख की उपस्थिती में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कलेक्टर ने की वर्मी कम्पोस्ट के उत्पादन एवं विक्रय की समीक्षा

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रदेश सरकार की गोधन न्याय योजना आज सबसे लोकप्रिय योजना का रुप ले चुकी है, इससे ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में गौपालकों को आमदनी का अतिरिक्त जरिया मिला है। कलेक्टर ने कल गोधन न्याय योजना के अन्तर्गत खरीदे गये गोबर से वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण और उठाव के संबंध में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं नगर पालिका/नगर पंचायत के सीएमओ से जानकारी ली। उन्होने खाद का सतत् रुप से उठाव जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा प्राप्त लक्ष्य के अनुरुप गौठानों में गोबर खरीदी एवं वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण करायें। समीक्षा बैठक के दौरान कुछ नगर पंचायतों में वर्मी कम्पोस्ट के निर्माण और उठाव कार्य में धीमी प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त की। कलेक्टर ने कृषि विभाग के उप संचालक को वर्मी कम्पोस्ट के उत्पादन एवं उठाव की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि बेमेतरा जनपद पंचायत के अन्तर्गत कुल 94 गौठान स्वीकृत किए गये हैं जिसमें से 66 गौठान निर्माण पूर्ण कर लिये गये हैं। वि.ख. साजा के अन्तर्गत 121 गौठान स्वीकृत है जिसमें 98 पूर्ण है, वि.ख. नवागढ़ के अन्तर्गत स्वीकृत गौठान 95 जिसमें 61 पूर्ण है। वि.ख. बेरला के अन्तर्गत 90 गौठान स्वीकृत है जिसमें 58 पूर्ण हैं।

जिलें के चयनित गौठानों में आजीविका मूलक गतिविधियों तथा स्व-सहायता समूह द्वार किये जा रहे मछली पालन, मूर्गी पालन, अण्डा उत्पादन, मशरुम उत्पादन, दोना पत्तल निर्माण आदि की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि गौठान को आजीविका के ठौर के रुप में विसित करें। आने वाली बारिश सीजन के दौरान बाड़ी विकास के अन्तर्गत साग-सब्जी का उत्पादन कर महिला समूह की आय में वृद्धि करें। उद्यानिकी विभाग द्वारा बाड़ी विकास के अन्तर्गत सब्जी बीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कबीरधाम (छ.ग.)
निविदा आमंत्रण सूचना

ऑनलाईन निविदाएं प्रपत्र-''ए'' में प्रतिशत दर पर नीचे उल्लेखित कार्य के लिए DWSM, KABIRDHAM की ओर से कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव *DWSM* द्वारा एकीकृत पंजीयन व्यवस्था ई-रजिस्ट्रेशन निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य का विवरण :- कबीरधाम जिले के बोडला एवं कवर्धा विकासखण्ड में स्वीकृत एकल ग्राम नल जल प्रदाय योजनांतर्गत पेयजल प्रदाय एवं इत्यादि कार्य।

निविदा सूचना क्रमांक/दिनांक	निविदा सिस्टम क्रमांक	योजना का नाम एवं विकासखण्ड	अनुमानित लागत (रुपए लाख में)
87/Dt. 26.05.2022	100343	विकासखण्ड बोडला के ग्राम बरहट्टी	93.32
88/Dt. 26.05.2022	100346	विकासखण्ड बोडला के ग्राम बोयकरखार	83.49
89/Dt. 26.05.2022	100322	विकासखण्ड बोडला के ग्राम सेवईकचार	55.86
90/Dt. 26.05.2022	100323	विकासखण्ड बोडला के ग्राम सिरमी	52.26
91/Dt. 26.05.2022	100326	विकासखण्ड कवर्धा के ग्राम गोरखपुर	70.33
92/Dt. 26.05.2022	100327	विकासखण्ड कवर्धा के ग्राम थुवाडीह	55.33

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 26.05.2022 से देखी जा सकती है।

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि - 17.06.2022

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कबीरधाम (छ.ग.)

जी-91669/2

प्रथम पेज का शेष

एक परिवार से...

में उदयपुर में सोनिया गांधी और राहुल गांधी की कही बातों को बताया गया, कुछ बातें तो हमलोगों को पता है वो हमलोग बतायेंगे और फि र संगठन के लोगों से विचार कर एआईसीसी को भेजेंगे।

कांग्रेस का ट्रेनर ही...

संबंध में कहा कि राहुल को इस बात का कन्फ्यूजन है कि भारत राष्ट्र है क्या नहीं, वे क्या राष्ट्रवाद की बात करेंगे। छत्तीसगढ़ में 2023 के चुनाव में चेहरे को लेकर पूर्व सीएम ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस दोनों ही जगह केंद्रीय नेतृत्व चेहरे तय करता है।

पिछले 8 सालों में ...

के जवाब में रमन ने कहा कि कांग्रेस की हालत खराब है। उत्तरप्रदेश में पांचवें और बिहार में तीसरे-चौथे स्थान पर पहुंच गई है। बड़े राज्यों में चौथे-पांचवें स्थान के लिए संघर्ष कर रही है। खाद की समस्या के संबंध में पूर्व सीएम ने कहा कि वितरण व्यवस्था सुधारने की जरूरत है। सोसायटी में देना चाहिए, जबकि सरकार व्यापारियों को दे रही है।

नेशनल हेराल्ड केस में ...

सैम पित्रोदा पर आरोप लगाए थे। उनका आरोप था कि यंग इंडिया लिमिटेड के जरिए गलत तरीके से इसका अधिग्रहण किया गया है और कांग्रेस नेताओं ने 2,000 करोड़ रुपये तक की संपत्ति हथिया ली। इस मामले की जांच 2014 में ईडी की ओर से शुरू की गई थी। कांग्रेस इस मामले को लेकर कहती रही है कि यंग इंडिया लिमिटेड का मकसद प्रॉफिट कमाना नहीं है बल्कि इसका गठन चैरिटी के लिए किया गया है।

पवन बंसल से भी हुई थी पूछताछ

इससे पहले 12 अप्रैल को नेशनल हेराल्ड से जुड़े धनशोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस नेता पवन बंसल से पूछताछ की थी। इस दौरान उनसे वित्तीय लेन-देन सहित कई पहलुओं को लेकर सवाल किए गए थे।

सिंघवी बोले- डराने...

हम डरेंगे नही, झुकेंगे नहीं... सीना ठोक कर लड़ेंगे।' अभिषेक मनु सिंघवी ने भाजपा पर अपने राजनीतिक विरोधियों को डराने के लिए केंद्रीय एजेंसियों को कठपुतली की तरह इस्तेमाल करने का आरोप लगया है।

सिंगर केके का लाइव ...

कॉलेज में उन्होंने वो प्रोग्राम किया था। लेकिन दूसरे दिन कॉन्सर्ट के बाद यह हादसा हुआ है। केके का पूरा नाम कृष्ण कुमार कुन्नथ है। केके 53 साल के थे। उन्होंने हिंदी में 200 से ज्यादा गाने गाए हैं। उन्होंने फिल्म हम दिल दे चुके सनम जैसी फिल्म में भी गाने गाए थे। केके के निधन से बॉलीवुड में शोक की लहर है। कई हस्तियों ने शोक जाहिर किया है।

50 लाख के हीरों के...

बुधवार दोपहर कुशियार बरछा-कचना धुरवा के पास नाकाबंदी की। इसी बीच स्कूटी पर बताए गए हुलिए में दो लोग आते दिखाई दिए। पुलिस को चेकिंग करते देख स्कूटी चालक हड़बड़ा गया। स्कूटी चालकों को मुड़ता देख पुलिस ने रुकने का इशारा किया, इस पर तेजी से भागने लगे। उन्हें भागते देख पुलिस ने पीछा किया और घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने नाम-पता ओडिशा के नवरंगपुर बारसुंडी टोला निवासी खोकन ढली और विप्लव ढली बताया। यह भी पता चला कि दोनों पिता-पुत्र हैं। तलाशी के दौरान आरोपियों से 745 हीरे बरामद हुए। पुलिस ने आरोपियों से हीरों के संबंध में कागज मांगे, लेकिन वे नहीं दिखा पाए। इस पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से 7 हजार रुपए कीमत का मोबाइल और स्कूटी भी जब्त की गई। फि लहाल आरोपियों को हीरे खदान से कैसे मिले, इस संबंध में पुलिस पूछताछ कर रही है।

घाटी में फिर पलायन...

अंदर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, आज कई जगहों पर प्रवासी पंडितों के ट्रांजिट कैंप को सील कर दिया गया। श्रीनगर के इंद्रा नगर पड़ोस में, जहां समुदाय के कई कर्मचारी रहते हैं, वहां पुलिस ने एंट्री प्वाइंट्स को ब्लॉक कर दिया और किसी भी कश्मीरी पंडित को बाहर आने की अनुमति नहीं दी गई। सबसे बड़े ट्रांजिट कैंपों में से एक, वेसु पंडित कॉलोनी में, सैकड़ों कश्मीरी पंडितों ने विरोध प्रदर्शन किया और न्याय व घाटी से दूसरी जगह पुनर्वास की मांग करते हुए नारे लगाए।

शिविरों के मुख्य द्वारों को बंद कर दिया गया

किसी भी पंडित को बाहर नहीं आने दिया जाए, यह सुनिश्चित करने के लिए कई शिविरों के मुख्य द्वारों को बंद कर दिया गया है। प्रदर्शनकारियों ने कल कहा था कि समुदाय अपनी सुरक्षा के लिए सरकार से अपील करते-करते थक गया है। एक प्रदर्शनकारी ने एनडीटीवी को बताया, ÷हमें स्थानांतरित किया जाना चाहिए ताकि हमें बचाया जा सके। हमारा प्रतिनिधिमंडल उपराज्यपाल (मनोज सिन्हा) से मिला था और हमने उनसे हमें बचाने के लिए कहा था। हम घाटी में सामान्य स्थिति वापस आने तक दो से तीन साल के लिए अस्थायी स्थानांतरण की मांग कर रहे हैं।

जल्दी मिलेगा अच्छी ...

में छिटपुट बारिश के आसार हैं। साथ ही पांच दिनों के दौरान बिहार, झारखंड, ओडशा और गंगीय पश्चिम बंगाल में छिटपुट बारिश हो सकती है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग बिलासपुर (छ.ग.)

नगर निगम टाउन हाल के पीछे पिन-495001 फोन नं. 07752-428657 Email- bridge_bilaspur@rediffmail.com

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 2074/NIT-18/2022-23/संशोधन क्र. 1/व.ले.लि./दिनांक 30.05.2022

इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा विज्ञप्ति क्र. 1940 दिनांक 18.05.2022 Advt. No. 91319 में निविदा संबंधी प्रक्रिया की निर्धारित तारीखों को परिवर्तित कर निम्नानुसार पढ़ा जावे।

विवरण	पूर्व में सूचित दिनांक	संशोधित दिनांक
निविदा हेतु आवेदन की अंतिम दिनांक	27.05.2022	06.06.2022
निविदा प्राप्ति की अंतिम दिनांक	02.06.2022	10.06.2022
निविदा खोलने की दिनांक	03.06.2022	13.06.2022

छ.ग. शासन लोक निर्माण विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर के पत्र क्र. एफ 21-5/टी/19/2012/ निविदा/ नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 15.10.2020 के माध्यम से विशेष प्रक्रिया जो निम्नानुसार है :-

(अ) Special Condition for SOR item No. 8.4, 8.5, 8.6, 8.7 Retro-reflectorized Traffic sings, direction & Place Identifications signs & ovethead signs.

1. The bidder of tender shall submit authorized converter certificate issued by Retro Reflective Sheeting manufacture, the retro Reflective sheeting manufacturer should have an subsidiary in India, the certificate issued by National Distributor or Agency will not be allowed.
2. The bidder of tender shall submit current tender specific authorized converter crtificate issued by retro Reflective sheeting manufactacturer, the Retro Reflrvtive sheeting manifacture should have an subsidiary in India, the certificate issued by National Distributor or Agency will not be allowed.
3. The bidder shall obtain from the manufacturer of Retro Reflective sheeting a pre-Qualification warranty certificate for 10year for class C type of sheeting and for 7 years for class B Type of sheeting in original for satisfactory field performance of Retro Reflective sheeting sign as per IRC 67-2012 Clause 6.7 & 6.9 which should be jointly attested by Retro Reflective sheeting manufacturer and Authorized Tenderer/converter.
4. The bidder shall submit Government/International Lab Test Report for Retro Reflective sheeting for meeting test results criteria as per IRC 67-2012.

(सुकदेव राम सिन्हा)
कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग
बिलासपुर (छ.ग.) मो.नं. 9424288333

जी-91719/4

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

सोनिया को नोटिस पर बोले अनुराग ठाकुर एजेन्सी अपना काम करती हैं

नई दिल्ली (वार्ता)। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा नोटिस दिये जाने पर कोई सीधी प्रतिक्रिया करने से इंकार करते हुए आज कहा कि सरकारी एजेन्सी अपना काम करती हैं। श्री ठाकुर ने बुधवार को यहां केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बारे में जानकारी देने के लिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से श्रीमती गांधी और श्री राहुल गांधी को नोटिस दिये जाने के बारे में पूछे गये सवाल के जवाब में कहा , सरकारी एजेन्सी अपना काम काम करती हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि यह सवाल केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक से जुड़ा हुआ नहीं है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढती कीमतों के संदर्भ में पूछे गये सवाल को भी उन्होंने टाल दिया लेकिन कहा कि अर्थव्यवस्था की दृष्टि से भारत के आंकड़े संतोषजनक है और दुनिया ने भी इस बात को माना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था आठ प्रतिशत से उपर की दर पर बढ रही है।

मोदी ने मांडविया को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा रसायन और उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने बुधवार को यहां एक ट्वीट में कहा कि श्री मांडविया हमारे स्वास्थ्य, रसायन और उर्वरक क्षेत्र को सुदृढ़ करने के व्यापक प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ÷केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया को जन्म दिन की शुभकामनाएं। उनके दीर्घ और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना है।

राजनाथ से मिलेंगे इजरायली रक्षा मंत्री

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत यात्रा पर बुधवार को यहां आ रहे इजरायल के रक्षा मंत्री बेनी गेंट्ज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात के दौरान 'विशेष सुरक्षा घोषणा ' पर हस्ताक्षर करेंगे। इस घोषणा पत्र पर भारत और इजरायल के बीच सुरक्षा और राजनयिक संबंधों के 30 वर्ष पूरा होने के मौके पर हस्ताक्षर किये जा रहे हैं। श्री गेंट्ज को गत मार्च में भारत यात्रा पर आना था लेकिन इजरायल में आतंकवादी हमलों के मद्देनजर उन्होंने अपने दौरे को टाल दिया था। इजरायल ने हाल के वर्षों में भारत के साथ रक्षा संबंधों को पुख्ता बनाने की दिशा में कई कदम उठाये हैं जिनमें हवाई और मिसाइल रक्षा प्रणाली पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इजरायली हथियार प्रणालियों का भारत बड़ा खरीददार है और दोनों देशों की कंपनी संयुक्त रूप से भी कुछ परियोजनाओं पर काम कर रही हैं। इजरायली प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट का भी यहां आने का कार्यक्रम है हालाकि अभी इस यात्रा की तारीखों को अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

चीन के सिचुआन प्रांत में भूकंप के तेज झटके

बीजिंग (वार्ता/शिन्हुआ)। चीन के सिचुआन प्रांत में याआन शहर के लुशान काउंटी में बुधवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। चीनी भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) के अनुसार भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार शाम पांच बजे महसूस किये गये।भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.1 पर मापी गयी। सीईएनसी ने कहा कि भूकंप का केंद्र 30.37 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 102.94 डिग्री पूर्वी देशांतर पर जमीन की सतह से 17 किलोमीटर की गहराई में था।

ग्रेट व्हाइट शार्क व मेगालोडन के बीच खाने की जंग में संभवत: हारी मेगालोडन

लंदन (वार्ता)। कभी विशाल समुद्र पर राज्य करने वाली दैत्याकार और बहुत ही बड़े दांतों वाली मेगालोडन के विलुप्ति का कारण खोज रहे वैज्ञानिकों के अध्ययन में पता चला है कि प्रागैतिहासिक काल में खाने के लिए ग्रेट व्हाइट शार्क और मेगालोडन के बीच हुई प्रतिद्वंदिता में मेगालोडन पिछड़ गयी और खाने की कमी के चलते विलुप्त हो गयी। बीबीसी ने अध्ययन के हवाले से बताया कि समुद्र के विशालकाय जीवाश्म दांतों के अध्ययन का हवाला देते हुए कहा कि उसे भोजन के लिए शिकारी सफेद शार्क के साथ प्रतिस्पर्धा करनी थी। बीबीसी के अनुसार नवीनतम अध्ययन में अंतरराष्ट्रीय शोधकर्ताओं ने जीवित और विलुप्त शार्क के दांतों में जिंक आइसोटोप का उपयोग लंबे समय से मृत जानवरों के भोजन को समझने के लिए एक उपकरण के रूप में किया। मेंज में जोहान्स गुटेनबर्ग विश्वविद्यालय के प्रोफेसर थॉमस टुटकेन ने कहा कि यह सबूत है कि महासागरों में जलीय खाद्य संसाधनों पर आधुनिक सफेद और मेगालोडन के बीच प्रतिस्पर्धा होती थी, जब दोनों जीवित थे। यह अध्ययन नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित हुआ है।

चीन के हुनान प्रांत में विस्फोट, एक की मौत, 13 घायल

बीजिंग (वार्ता/स्पूतनिक) चीन के हुनान प्रांत के चांग्शा शहर में एक नूडल रेस्तरां में विस्फोट के बाद आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और अन्य 13 घायल हो गए। स्थानीय सरकार ने बुधवार को यह जानकारी दी।प्राप्त जानकारी के मुताबिक यह घटना बुधवार को स्थानीय समयानुसार सुबह करीब साढ़े छह बजे हुई। आग लगने की सूचना मिलने के बाद मौके पर दमकलकर्मी, डॉक्टर और कानून संबंधी अधिकारी तुरंत पहुंचे। सभी पीड़ितों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया।विस्फोट के समय काफी संख्या में लोग रेस्तरां के अंदर थे। चीनी रेस्तरां, कैंटीन और छोटे कैफे में सुबह के समय साढ़े पांच बजे से आठ बजे तक नाश्ता का समय होता है।विस्फोट के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। संबंधित अधिकारी जांच कर रहे हैं।

नेशनल हेराल्ड की आड़ में हमारी आवाज दबाना चाहते हैं मोदी : कांग्रेस

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि वह नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी तथा पार्टी नेता राहुल गांधी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की तरफ से नोटिस भिजवा कर डराने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को समझ लेना चाहिए कि कांग्रेस इस तरह के हथकंडों से डरने वाली नहीं है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख रणदीपसिंह सुरजेवाला तथा वरिष्ठ प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नेशनल हेराल्ड की आवाज को दबाने का काम आजादी से पहले अंग्रेजों ने किया था और आज फिर उस अंग्रेजी हुकूमत का समर्थन करने वाली विचारधारा 'आज़ादी के आंदोलन की आवाज़' दबाने का षडयंत्र कर रही है। इस षडयंत्र के मुखिया स्वयं श्री मोदी हैं और इसके लिए वह ईडी का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा भाजपा जिस विचारधारा से आती है उस मानसिकता ने अंग्रेजों का साथ दिया था और आज भी 'गुलामी की प्रतीक' वह मानसिकता 'आज़ादी की कुर्बानियों' से प्रतिशोध ले रही है। इस बार उन्होंने एक 'कायराना तथा डरपोक साजिश' रची है। नेशनल हेराल्ड मामले में अब श्री मोदी ने श्रीमती गांधी और श्री राहुल गांधी को ईडी से नोटिस जारी करवाया है।कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अंग्रेजी हुकूमत की जड़ उखाड़ने के लिए कांग्रेस ने 1937 में 'नेशनल हेराल्ड' समाचार पत्र शुरु किया था जिसके प्रणेता महात्मा गांधी, पंडित नेहरु, सरकार पटेल, पुरुषोत्तम दास टंडन, आचार्य नरेंद्र देव, रफी अहमद किदवई जैसे कई बड़े नेता थे।

एलआईसी के निदेशक मंडल ने स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी

कोविड -19 महामारी के कारण वर्ष की शुरुआत एक मंदी से हुई थी

मुंबई। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के निदेशक मंडल ने 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी। नीचे हमारे स्टैंडअलोन परिणामों की मुख्य विशेषताएं हैं

31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए, एलआईसी ने 31 मार्च, 2021 को समाप्त पिछले वित्तीय वर्ष के 4,02,844 करोड़ रुपये की तुलना में 4,27,419 करोड़ की शुद्ध प्रीमियम आय अर्जित कर 6.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। 31 मार्च, 2022 को समाप्त पूरे वर्ष के लिए कर पश्चात लाभ (पीएटी) 4,043.12 करोड़ रुपये रहा जो कि 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए 2,900.57 करोड़ था। जिससे इस मद में 39.39 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए प्रति शेयर आय (ईपीएस) रु 6.39 प्रति शेयर रही। 31 मार्च, 2022 को समाप्त अवधि के लिए अप्राप्त लाभ को छोड़कर पॉलिसीधारकों के फंड पर निवेश पर यील्ड 8.55त्न रही, जबकि 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए 8.69' थी। पिछले 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के 0.05त्न की तुलना में पॉलिसीधारकों के फंड में शुद्ध एनपीए 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए 0.04' तक घट गया।

31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए सॉल्वेंसी अनुपात 1.85 रहा, जबकि 31 मार्च, 2021 को समाप्त अवधि के लिए 1.76 था । 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए, 13वें महीने, 25वें महीने, 37वें महीने, 49वें महीने और 61वें महीने के लिए निरंतरता अनुपात क्रमशः 75.59', 73.47', 66.58', 63.85' और 61.00' रहा। निदेशक मंडल ने 1.50 रुपये प्रति शेयर के लाभांश की सिफारिश की है। कुल लाभांश भुगतान 948.75 करोड़ रुपये होग जो कि कुल पीएटी का लगभग 23.46' है ।

हालांकि कोविड -19 महामारी के कारण वर्ष की शुरुआत एक मंदी से हुई, पर एलआईसी विपणन गतिविधियों को बढ़ाने में सक्षम रही और जनवरी से मार्च 2022 की तिमाही में पिछले साल की इसी तिमाही की तुलना में व्यक्तिगत प्रथम वर्ष प्रीमियम आय में 18.70' की महत्वपूर्ण वृद्धि के साथ वर्ष की समाप्ति हुई। एलआईसी ने 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए भारित प्राप्त प्रीमियम (डब्ल्यूआरपी) में 6.31' की वृद्धि दर्ज की। एलआईसी ने पिछले वर्ष की तुलना में 3.56' की वृद्धि के साथ वर्ष के दौरान 2.17 करोड़ नई पालिसियों को पूर्ण किया। 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए व्यक्तिगत पॉलिसियों में एलआईसी की बाजार हिस्सेदारी 74.60' रही। समूह व्यवसाय में एलआईसी की बाजार हिस्सेदारी 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के दौरान पालिसियों / योजनाओं की संख्या के हिसाब से 89.07' और प्रथम वर्ष का प्रीमियम के आधार पर 76.16 प्रतिशत रही। 31 मार्च 2022 के अंत तक एलआईसी की बाजार हिस्सेदारी समग्र प्रथम वर्ष की प्रीमियम आय में 63.25त्न रही।

उच्च न्यायालयों के लिए 10 न्यायाधीश, चार अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त

नई दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने भारत के मुख्य न्यायाधीश एन. वी. रमन्ना के परामर्श पर विभिन्न उच्च न्यायालयों के लिए 10 न्यायाधीशों और चार अतिरिक्त न्यायाधीशों की नियुक्ति की है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय की ओर से बुधवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक मद्रास उच्च न्यायालय के नौ अतिरिक्त न्यायाधीशों को पदोन्नत कर न्यायाधीश पद पर नियुक्त किया गया है, जबकि एक वकील को दिल्ली उच्च न्यायालय का न्यायाधीश बनाया गया है। इसके अलावा दो न्यायिक अधिकारियों को कलकत्ता उच्च न्यायालय का अतिरिक्त न्यायाधीश और एक वकील को पदोन्नत कर दिल्ली उच्च न्यायालय का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। बयान के मुताबिक, मद्रास उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति गोविंदराजुलु को पदोन्नत कर उच्च न्यायालय का न्यायाधीश बनाया गया है। इसी प्रकार अन्य अतिरिक्त न्यायाधीशों - न्यायमूर्ति वीरसामी शिवागनानम, न्यायमूर्ति गणेशन इलांगोवन, न्यायमूर्ति अनंती सुब्रमण्यम, न्यायमूर्ति कन्नम्मल शनमुगा सुंदरम, न्यायमूर्ति सती कुमार सुकुमार कुरुप, न्यायमूर्ति मुरली शंकर कुप्पुरजू, न्यायमूर्ति मंजुला रामराजू नल्लिया और न्यायमूर्ति थमिलसेल्वी टी. वलयपलायम को अतिरिक्त न्यायाधीश से पदोन्नत कर मद्रास उच्च न्यायालय में ही न्यायाधीश पद पर नियुक्त किया गया है। इसके अलावा वकील अनीश दयाल को दिल्ली उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। मद्रास उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति ए.ए. नक्कीरन का कार्यकाल अगले एक साल के लिए बढ़ाया गया है। वकील अमित शर्मा को दिल्ली उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के तौर पर पदोन्नत किया गया। न्यायिक अधिकारी श्रीमती शंपा दत्त (पॉल) और सिद्धार्थ रॉय चौधरी को कलकत्ता उच्च न्यायालय का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

बिश्नोई ने दिल्ली हाई कोर्ट से याचिका वापस ली

नई दिल्ली (वार्ता)। पंजाबी गायक सिद्धू मूसावाला की हत्या के बाद सुर्खियों आए गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर अपनी याचिका वापस ले ली।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की एकल पीठ के समक्ष बिश्नोई की याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की गई थी। तिहाड़ जेल में बंद बिश्नोई ने पंजाब पुलिस की हिरासत में फर्जी मुठभेड़ में मारे जाने की आशंका व्यक्त करते हुए याचिका दायर की थी। बिश्नोई ने पुलिस हिरासत के दौरान पर्याप्त सुरक्षा की गुहार लगाते हुए याचिका दायर की थी, लेकिन उसने यह दलील देते हुए अपनी याचिका वापस लेते हुए कहा कि वह पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका दायर करेगा। गैंगस्टर बिश्नोई ने अपनी याचिका में आरोप लगाया था कि पंजाब पुलिस उसकी हिरासत की मांग कर सकती है और हिरासत की अनुमति मिलने के बाद पुलिस उसे नकली मुठभेड़ में मार सकती है। जानेमाने गायक मूसवाला की पिछले हफ्ते अज्ञात लोगों ने उस वक्त उनकी गोली मारकर हत्या कर दी थी, जब वह अपने एसयूवी वाहन से कहीं जा रहे थे। पंजाब पुलिस ने अपनी प्रारंभिक जांच में मूसावाला की हत्या में बिश्नोई गिरोह के शामिल होने की आशंका व्यक्त की थी।

मोदी कश्मीर की फिल्म नहीं सच्चाई को देखें: राहुल

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर की स्थिति को लेकर मोदी सरकार पर हमला करते हुए बुधवार को कहा कि कश्मीर की सच्चाई फिल्म की बजाय जमीन पर देखी जानी चाहिए।

श्री गांधी ने ट्वीट कहा,÷ कश्मीर में पिछले पांच महीनों में 15 सुरक्षाकर्मी शहीद हुए और 18 नागरिकों की हत्या कर दी गई है। कल भी एक शिक्षिका की हत्या कर दी गयी। वहां 18 दिनों से कश्मीरी पंडित धरने पर हैं लेकिन भाजपा आठ साल का जश्न मनाने में व्यस्त है। प्रधानमंत्री जी, ये कोई फ़िल्म नहीं, आज कश्मीर की सच्चाई है। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में आतंकवादियों ने मुगलवार को कश्मीरी पंडित शिक्षिका रजनी की गोपालपोरा में हाई स्कूल में गोली मारकर हत्या कर दी थी।

श्रीलंका ने खाद्य संकट दूर करने का लिया संकल्प

कोलंबो (वार्ता)। श्रीलंका सरकार देश में जारी आर्थिक संकट के बीच उपजे खाद्य संकट को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार ने कृषि संकट की स्थिति से निपटने के लिए कई कदमों की घोषणा की है। यह स्थिति तब उपजी जब राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे ने उर्वरकों के आयात पर अचानक प्रतिबंध लगाने की घोषणा की, जिससे धान उत्पादन में तेजी से गिरावट आई।

राष्ट्रपति ने अब एक राष्ट्रीय उर्वरक नीति और उर्वरक आवश्यकताओं के लिए फॉस्फेट के सर्वोत्तम उपयोग का आह्वान किया है। नए कृषि मंत्री महिंदा अमरवीरा ने कहा कि देश अगले साल तक चावल के मामले में आत्मनिर्भर हो जाएगा। कृषि मंत्री ने कहा,''अगले महा खेती के मौसम के बाद, हम चावल का आयात बंद कर देंगे और हम आत्मनिर्भर होंगे। मैं जिम्मेदारी के साथ कह सकता हूँ। हमारे पास सभी हितधारकों के साथ एक कार्यक्रम है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि देश में विदेशी मुद्रा संकट से निपटा नहीं गया, तो निश्चित रूप से आने वाले महीनों में खाद्यान्न की भारी कमी का सामना करना पड़ेगा, जिससे अभूतपूर्व खाद्य पदार्थों की कमी हो जाएगी। श्री अमरवीरा ने कहा कि धान उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार किसानों से बाजार मूल्य से अधिक कीमत पर चावल खरीदने को तैयार है। इसके साथ ही सरकार ने देश भर में बंजर सरकारी जमीन को युवा किसानों को अनाज उगाने के लिए देने का निर्देश दिया है। राष्ट्रीय उर्वरक नीति में किसानों और अधिकारियों के बीच आयात, वितरण, उचित प्रबंधन, जागरूकता और समन्वय शामिल होना चाहिए। एक अधिकारी ने कहा कि यला मौसम के दौरान खेती के लिए उपयोग नहीं किए जाने वाले धान के खेतों की पहचान करके और हरा चना, लोबिया और सोयाबीन सहित आवश्यक फसलों की खेती को प्रोत्साहित करके, किसान अधिक आय अर्जित कर सकते हैं।

हर घर दस्तक अभियान का दूसरा चरण शुरू

नई दिल्ली (वार्ता)। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने कोविड टीकाकरण में तेजी लाने और सभी पात्र लाभार्थियों को कोविड टीका देने के लिए दो महीने का 'हर घर दस्तक' अभियान का द्वितीय चरण बुधवार से शुरू किया जिसमें वृद्धाश्रमों, स्कूलों, कॉलेजों, जेलों, ईंट भट्टों के लिए विशेष अभियान शुरू किए जाएंगे।

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को यह सूचित किया कि पिछले सप्ताह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के स्वास्थ्य सचिवों के साथ कोविड ????टीकाकरण की स्थिति की समीक्षा की थी। समीक्षा में यह पाया गया कि कुछ विशेष क्षेत्रों में और आयु वर्गों में टीकाकरण पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इसके लिए हर घर दस्तक अभियान का दूसरा चरण शुरू करने का निर्णय लिया गया। यह चरण 31 जुलाई तक चलेगा।

उन्होंने कहा कि हर घर दस्तक अभियान का दूसरा चरण शुरू हो गया है। यह अभियान देशभर में चलेगा। सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को कोविड टीकाकरण अभियान से छूटे लोगों तक पहुंचने के कड़े प्रयास करने की सलाह दी गई है। अभियान का उद्देश्य पात्र आबादी का टीकाकरण करना है। अभियान में बुजुर्ग आबादी को टीके की तीसरी खुराक देना तथा वृद्धाश्रमों, स्कूलों , कॉलेजों, जेल, ईंट भट्टे आदि? तक पहुंचा जाना है। राज्यों से सभी पात्र लाभार्थियों की देय सूचियों के आधार पर संबंधित सूक्ष्म योजनाओं के साथ प्रभावी निगरानी करने का आग्रह किया गया है। राज्यों से निजी अस्पतालों के साथ नियमित आधार पर 18-59 वर्ष आयु वर्ग के लिए एहतियाती खुराक की समीक्षा करने का भी आग्रह किया गया।

स्पेन में मंकीपॉक्स के 12 नये मामलों की पुष्टि

मैड्रिड (वार्ता/शिन्हुआ)। स्पेन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने देश में मंकीपॉक्स के 12 नये मामलों की पुष्टि की है, इसी के साथ ही यहां इस बीमारी से संक्रमितों की संख्या बढ़कर 132 हो गयी है।

देश में मंकीपॉक्स के नए मामले सामने आने के बाद ब्रिटेन के बाद स्पेन इस बीमारी से सबसे अधिक प्रभावित है। मंत्रालय के अनुसार मैड्रिड क्षेत्र में सबसे अधिक 96 मामले, कैनरी द्वीपसमूह में छह, कैटालोनिया में नौ, बास्क क्षेत्र में तीन अंडलूशिया में चार, स्वायत्त क्षेत्र अरेगोन और गैलिशिया में एक-एक मामला सामने आया है। सभी मरीजों में इस वायरस के मध्यम लक्षण पाए गए है और उन्हें घर पर ही आइसोलेशन में रखा गया है।

जीएमसी में ड्रग्स के मुद्दे से सख्ती से निपटें : भाजपा

पणजी (वार्ता)। गोवा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को कहा कि गोवा मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में ड्रग्स के साथ छात्रों के पकड़े जाने के मामले से सख्ती से निपटा जाना चाहिए।

गोवा में भाजपा प्रवक्ता सावियो रॉड्रिक्स ने ट्वीट कर आरोप लगाया कि कांग्रेस इस मुद्दे को छोटा करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा,''गोवा मेडिकल कॉलेज में ड्रग्स के साथ पकड़े गए छात्रों को बर्खास्त करने के बाद उन्हें बहाल करने की गोवा कांग्रेस की मांग कॉलेज परिसर में ड्रग्स रखने के अपराध को छोटा करके देखने का एक प्रयास दिख रहा है।

श्री रॉड्रिक्स ने कहा कि यह एक गंभीर मामला है और इससे सख्ती से निपटा जाना चाहिए। हाल ही में, एक लड़की सहित गोवा मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के पांच इंटर्न को शराब पीने और अज्ञात पदार्थ (गांजा) का सेवन करने की शिकायत मिलने पर बर्खास्त कर दिया गया था। इस मामले में बालकों के छात्रावास के सुरक्षा गार्ड ने जीएमसी के डीन एस एम बांदेकर को रिपोर्ट सौंपी। इसके बाद हॉस्टल वार्डन ने अगसैम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

कश्मीरी पंडितों से ध्यान भटकाने किया सत्येंद्र को गिरफ्तार : संजय सिंह

राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में दिए बयान

नई दिल्ली (वार्ता)। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि कश्मीरी पंडितों की हत्याओं से देश का ध्यान भटकाने के लिए मोदी सरकार ने दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को झूठे मामले में गिरफ्तार किया है।

राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने बुधवार को यहाँ संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जब पूरा देश कश्मीरी पंडितों की हो रही हत्या पर चिंतित है। ऐसे समय में जब भारत सरकार और उनके मंत्रियों को नींद नहीं आनी चाहिए, उस वक्त कश्मीरी पंडितों की हत्या पर पूरे देश का ध्यान भटकाने और फर्जी मामले में डालने के लिए देश के केंद्रीय मंत्री को आगे कर दिया है। केंद्रीय मंत्री द्वारा श्री जैन का झूठा, बेबुनियाद और निराधार केस उठाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आठ साल से जो प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) सो रही थी, वह ठीक हिमाचल के चुनाव से पहले प्रदेश के चुनाव प्रभारी श्री जैन को क्यों उठाती है। आठ वर्षों में सात बार ईडी के सामने श्री जैन पेश हुए, तो एक बार भी उनकी गिरफ्तारी की ईडी को जरूरत महसूस क्यों नहीं हुई। जैसे ही वह हिमाचल प्रदेश के प्रभारी बनाए जाते हैं, आम आदमी पार्टी की सक्रियता बढ़ती है और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की बड़ी बड़ी रैलियां होती हैं तो एक झूठा निराधार केस बनाकर उनकी गिरफ्तारी कर ली जाती है।

श्री सिंह ने कहा कि जितनी भी बातें केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के द्वारा कही गई, यह सिर्फ इसलिए बार-बार उठा रहे हैं कि देश में जो संवेदनशील मसले हैं, जिन पर पूरा देश चिंतित है, कश्मीरी पंडितों की हत्या से लोग पीड़ित और दुखी हैं, उस पर देश में चर्चा ना हो पाए। यह ज्यादा अच्छा होता कि भारत सरकार और देश के मंत्री, कैबिनेट की बैठक करके यह योजना बना रहे होते कि आतंकवादियों का सफाया कैसे करना है। इसके अलावा यह योजना बना रहे होते कि कश्मीरी पंडितों को सुरक्षा कैसे देनी है, कश्मीरी पंडितों की जान कैसे बचानी है? कश्मीर फाइल्स फिल्म बनाकर पूरे देश में रोने का काम भाजपाई करते हैं, लेकिन कश्मीरी पंडितों की हत्या हो रही है तो खामोश हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मंत्रियों से कहना चाहता हूँ कि कम से कम इस वक्त जब पूरा कश्मीर जल रहा है और देश दुखी है, आए दिन कश्मीरी पंडितों की हत्याएं हो रही हैं। कम से कम ऐसे वक्त में तो जाग जाओ और कश्मीरी पंडितों की सुरक्षा की चिंता करो? हमारे ऊपर तो कई बार आप लोगों ने इस तरह के फर्जी आरोप लगाए हैं। श्री केजरीवाल और उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के दफ्तर पर सीबीआई का छापा मारा, फिर भी वहां से कुछ नहीं मिला। इसके अलावा 34 विधायकों को पकड़कर जेल में डाला लेकिन अदालत ने उनको बरी कर दिया। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता ने कहा कि जिन कंपनियों से उनका कोई लेना देना नहीं है, जिन कंपनियों को पहले छोड़ चुके हैं, उन तमाम मुद्दे आप उठा रहे हैं। जिस भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष कैमरे में रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया, जो लोग शहीदों के ताबूत में घोटाले के दोषी हैं, जिन्होंने भारत माता की रक्षा सौदे राफेल में दलाली खाई, जिन्होंने भगवान राम को नहीं छोड़ा और मंदिर में चंदा चोरी कर ली।

बच्चे को जान से मारने की धमकी देकर किया महिला से दुष्कर्म

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के पलारी थाना क्षेत्र के एक गांव में विवाहिता से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पलारी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए 12 घंटे के अंदर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता ने पलारी पुलिस से की गई अपनी शिकायत में कहा है कि वह अपनी मां के साथ अपने रिश्तेदार के यहां ग्राम सुंदरी आई थी। जहां उसको कमरे में बंद कर उसके बच्चे को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ आरोपी युवक ने दुष्कर्म किया। पलारी थाने के उप निरीक्षक उमेश वर्मा ने बताया कि पलारी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की विवाहिता ने पुलिस में रेप का मामला दर्ज करवाया है। उस पर हमने आरोपी युवक जिसका नाम जगन्नाथ कोसले ग्राम सुंदरी का रहने वाला है, उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

आधी रात को सिम्पलेक्स कंपनी में लगी आग

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई के औद्योगिक क्षेत्र स्थित सिंपलेक्स कंपनी में बुधवार तड़के भीषण आग लग गई। आग की लपटें आसमान छू रही थी। रात लगभग 2:30 बजे दमकल विभाग को सूचना मिली। इसके बाद पहुंची दमकल विभाग की टीम ने लगभग तीन घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान चार दमकल वाहनों को रवाना किया गया था। बताया जा रहा है कि इस घटना से कंपनी का बड़ा नुकसान हुआ है। मिली जानकारी के 31 मई की आधी रात के बाद औद्योगिक क्षेत्र एसीसी जामुल के पास स्थित सिंपलेक्स कंपनी में आग लग गई। जिस बिल्डिंग में आग लगी वहां धीरे धीरे आग फैलने लगी। इसके बाद आग ने पूरी बिल्डिंग को घेर लिया। मौके से अग्निशमन विभाग को कॉल किया गया। लगभग 2:30 बजे दमकल विभाग के वाहन मौके पर पहुंचे। चार वाहनों में कुल 13 अग्निशमन कर्मियों ने आग बुझाना शुरू किया।

महिला की सड़ी गली हालत में मिली लाश

बालोद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले से डौंडी थाना क्षेत्र के काड़े गांव के पास बीती रात अज्ञात महिला की सड़ी-गली लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। फ रेंसिक टीम के नहीं आने की वजह से पुलिस की टीम रातभर घटनास्थल पर डटी रही। डौंडी थाना प्रभारी कैलाश मरई ने बताया कि देर शाम सूचना मिली कि कांडे गांव से पहले तालाब किनारे पेड़ के नीचे एक अज्ञात महिला की सड़ी-गली लाश मिली है।

सड़क हादसे में बाइक सवार महिला-पुरुष की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से सटे मंदिर हसौद से एक दर्दनाक सड़क हादसे की खबर प्रकाश में आ रही है। हादसे में बाइक सवार महिला और पुरुष की मौत हो गई है। हादसा मंदिर हसौद थाना क्षेत्र का है। हादसे में जान गवाने वाले युवक की पहचान राजेन्द्र कुमार के रूप में हुई है। महिला की पहचान नहीं हो पाई है। घटना की सूचना के बाद पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार, टेकरी गांव मंदिर हसौद निवासी राजेन्द्र कुमार बाइक से महिला के साथ रायपुर आ रहा था। इसी बीच पीछे से आ रही तेज रफ्तार वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और बाइक सवार युवक और महिला दोनों सड़क पर गिर गए। वाहन की टक्कर से गिरे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

विधि डायग्नोस्टिक एवं रिसर्च सेंटर में एडवांस्ड एमआरआई शुरू

■ **सांसद पांडेय ने किया शुभारंभ, कहा- जिलेवासियों को मिलेगा लाभ**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विधि डायग्नोस्टिक एवं रिसर्च सेंटर में सांसद संतोष पांडे ने एडवांस 1.5 टेस्ला एमआरआई मशीन का शुभारंभ किया। सांसद ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा का बुनियादी ढांचा एक शहर के कुशल और सुचारू संचालन में एक अभिन्न भूमिका निभाता है। इस अत्याधुनिक सुविधा का राजनांदगांव शहर और आसपास के क्षेत्र के निवासियों के लिए एक आशाजनक, सुरक्षित और रोगी-केंद्रित आंतरिक सुविधा पहुंच प्रदान करके यह सुविधा क्षेत्र के लोगों को गुणवत्ता स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने में काफी मदद करेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिभूमि आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी द्वारा की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किसी भी शहर के नागरिको को मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता होती है जिनमें शिक्षा और स्वास्थ्य की अहम भूमिका है। राजनांदगाव इन दोनों ही सुविधाओं में काफ ी उन्नत है। विधि डायग्नोस्टिक एवं रिसर्च सेंटर शहर में निरंतर उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। नवीनतम एमआरआई मशीन स्थापित होने से राजनांदगांव के लोगों को दुर्ग, भिलाई या रायपुर का मुंह नहीं ताकना पड़ेगा। इस मौके पर डॉ. विधि तिवारी (डायरेक्टर विधि डायग्नोस्टिक एवं रिसर्च सेंटर) ने कहा कि विधि डायग्नोस्टिक एवं रिसर्च सेंटर की स्थापना के बाद से हमारी प्रेरणा शक्ति हमारे काम के लिए जुनून और हमारे रोगियों की भलाई के लिए प्रतिबद्धता रही है। 05 वर्षों की अवधि में हमारे रोगियों के प्रति हमारा समर्पण कम नहीं हुआ है, बल्कि इसने हमें इस तेजी से बदलते क्षेत्र में नवीनतम विकास के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने की ताकत और प्रेरणा दी है, समय। पेशेवर रूप से, गुणवत्ता और विश्वसनीयता के उच्चतम स्तर को बनाए रखनाकि पैथोलॉजी लैब द्वारा दिए गए परीक्षण के परिणाम कितने सटीक और सटीक हैं। यह एक बड़ी चुनौती है और हमने इसे पूरे विश्वास के साथ स्वीकार किया है। हमें यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि राजनांदगांव में विधि डायग्नोस्टिक एवं रिसर्च सेंटर आईएसओ और एनएबीएल दोनों से मान्यता प्राप्त एकमात्र लैब है। मैं कुंजी उचित निदान है जो निस्संदेह इस बात पर निर्भर करता है शहर के डॉक्टरों और कर्मचारियों की अपनी टीम की मदद की वास्तव में और गहराई से सराहना करता हूं, जो हमेशा हमारे साथ खड़े रहे और हमारे लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए पूरी प्रतिबद्धता और अटूट उत्साह के साथ काम किया। राजनाँदगाँव सरीखे मध्यम श्रेणी के शहर में उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से इस संस्थान की नींव रखी गई थी जिन जांच रिपोर्टो के लिए मरीजों को महानगरों पर निर्भर रहकर 20-25 दिनों के इंतज़ार करना पड़ता था वह सुविधाएं हमने शहर में ही उपलब्ध करने का प्रयास किया है।

कैंसर का पता लगाने में सक्षम

एमआरआई मशीन में पूरे शरीर के कैंसर का पता लगाने की क्षमता है और यह अत्यंत लाभदायक है क्योंकि इससे होने वाली जांच नॉन-रेडिएटिंग है। यह मशीन विस्तृत एमआरआई परीक्षण करने में सक्षम है जैसे कि ब्रेन ट्यूमर, प्रोस्टेट कैंसर, हार्ट फंक्शन और स्तन कैंसर की इमेजिंग आदि और इससे रोग के शुरुआती और सटीक पहचान परिणाम प्राप्त होते है। 'एमआरआई 1.5 टेस्ला निश्चित रूप से क्षेत्र के रोगियों को गहन एमआरआई जांच जैसे एमआरआई परफ्यूजन, मल्टी पैरामीट्रिक प्रोस्टेट एमआरआई, कार्डिएक एमआरआई, एमआरआई मैमोग्राम्स और संपूर्ण शरीर एमआरआई आदि में मदद करेगी। विशिष्ठ अतिथि के रूप में मेयर हेमा देशमुख ने संस्थान की उपलब्धियों की सराहना करते हुए स्वास्थ के क्षेत्र में नवीनतम एम आर आई की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए संस्थान को बधाई दी।

20 मिनट में मिलेगी रिपोर्ट

डॉक्टर विधि तिवारी ने बताया कि एनएबीएल से मान्यता प्राप्त पूरे छत्तीसगढ़ राज्य का एकलौता डायग्नोसिस सेंटर है। शहर में आधुनिक मशीनों द्वारा विधि डायग्नोसिस सेंटर अब सिर्फ 20 मिनट में रिपोर्ट प्राप्त करेगी। सबके कम समय में रिपोर्ट देने वाली राज्य की पहली डायग्नोस्टिक सेंटर है इस सुविधा से आम जनता को काफी राहत मिलेगी।

यह मशीन बहुत सटीक स्कैन प्रदान करती है

नवीनतम एमआरआई सिस्टम, मरीजों के लिए अनुकूल है और स्कैन के दौरान उन्हें किसी तनावपूर्ण शोर से भी कोई परेशानी नहीं देती है और ये बेहद सटीक स्कैन प्रदान करती है। इसे रोगी के लिए सुविधाजनक बनाने के लिए खास तौर पर डिजाइन किया गया है। नवीनतम तकनीक के साथ स्कैन में भी न्यूनतम समय लगता है और री-स्कैनिंग के मामले भी बहुत कम पेश आते है। एमआरआई मशीन में गहनता से एमआरआई जांच में डॉक्टर्स की मदद करने की अपार क्षमता है और इसके साथ ही इसमें अत्याधिक मरीज अनुकूल विशेषताएं हैं।

युवा कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव में चाकेश्वर सबसे आगे

■ **2006 से अब तक कांग्रेस की सिपाही बनने का सफर बड़ा ही संघर्षमय रहा**

कांकेर/नवप्रदेश। कांग्रेस पार्टी का रीति नीति को जन-जन तक पहुंचाने व हमेशा कांग्रेस का आवाज बुलंद करने वाले चाकेश्वर गढ़पाले युवा कांग्रेस छत्तीसगढ़ अध्यक्ष पद के लिए चुनाव मैदान पर हैं। वे शुरू वर्ष 2006 से युवा कांग्रेस से जुड़कर अब तक लगातार कांग्रेस के कई जिम्मेदार पदों पर रहते हुवे कांग्रेस का झंडा लहराया है। अभी के चुनाव में लोकप्रियता में सबसे आगे चल रहे। 2006 में कांग्रेस पार्टी ज्वाइन कर एनएसयूआई के सदस्य बना एनएसयूआई में 2006 से 2009 तक के कार्य किया। फिर बहुत ही कम उम्र में कांकेर जिला महासचिव युवा कांग्रेस 2009 से 2010 तक, इसके बाद राहुल गांधी ने पंजाब राज्य से नेता चुनो या नेता बनो के साथ संगठन का लोकतांत्रिक व्यवस्था प्रारंभ किया एवं युवा कांग्रेस चुनाव की घोषणा की देश में सर्वप्रथम 2008 में पंजाब राज्य से युवा कांग्रेस चुनाव संपन्न हुए 2010 में छत्तीसगढ़ राज्य में युवा कांग्रेस के चुनाव प्रारंभ हुए थे।

छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस संगठन चुनाव प्रक्रिया में

कांकेर विधानसभा क्षेत्र से 2010 में युवा कांग्रेस महासचिव निर्वाचित हुए। 2012 में पुनः चुनाव लड़ कर छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस का प्रदेश सचिव निर्वाचित हुआ 2014 में प्रदेश सचिव से महासचिव के पद पदोन्न हुआ 2016 युवा कांग्रेस चुनाव में खरसिया विधायक उमेश नंदकुमार पटेल अध्यक्ष निर्वाचित हुए एवं कांकेर निवासी चाकेश्वर गड़पाले प्रदेश उपाध्यक्ष निर्वाचित हुएपिछले युवा कांग्रेस चुनाव में उमेश नंदकुमार पटेल के बाद सबसे सर्वाधिक वोट चाकेश्वर गढ़पाले को मिले थे। प्रदेश पदाधिकारी के रूप में निरंतर 10 वर्षो से सक्रिय रूप से भागीदारी निभा रहे हैं तत्कालीन पीसीसी अध्यक्ष एवं वर्तमान में प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ अनेक पदयात्रा एवं प्रदर्शन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है एवं वर्तमान में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता के बीच में पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं इस सक्रियता का लाभ इस युवा कांग्रेस चुनाव में मिलता दिख रहा है।

युकां कार्यकर्ताओं से की ये अपील

छत्तीसगढ़ राज्य में सरगुजा लोकसभा को छोड़कर अन्य 10 लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। वर्तमान कार्यकाल में रायपुर संभाग, दुर्ग संभाग, बस्तर संभाग जैसे महत्वपूर्ण संभाग प्रभारी के रूप में भी कार्य कर रहे। चाकेश्वर गढ़पाले ने युकां नेताओं व कार्यकर्ताओं से अपील की है कि छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए संगठन चुनाव के माध्यम से चुनावी मैदान पर हूं। प्रदेश के सभी युवा साथियों से विनम्र अपील एवं आग्रह है कि आप अपना अमूल्य वोट चाकेशवर गड़पाले को बैलेट नंबर 8 में ऑनलाइन क्लिक कर प्रचंड मतो से विजय बनाने की अपील की।

बिलासपुर कमिश्नर आज रायगढ़ दौरे पर

बिलासपुर/नवप्रदेश। कमिश्नर डॉ. संजय अलंग 2 जून को संभाग के रायगढ़ जिले का दौरा करेंगे। डॉ. अलंग इस दौरान जिला स्तरीय विभिन्न शासकीय कार्यालयों का निरीक्षण करेंगे। राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली प्रमुख योजनाओं का मौके पर क्रियान्वयन भी देखेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डॉ. अलंग सवेरे 7.30 बजे बिलासपुर से रवाना होकर 10 बजे रायगढ़ पहुंचेगे। वे जिला कार्यालय में आदिवासी विकास, शिक्षा, योजना एवं सांख्यिकी, श्रम, कोषालय, परिवहन एवं जिला पंजीयक कार्यालय के काम-काज का निरीक्षण करेंगे। डॉ. अलंग इस क्रम में भेलवाटिकरा गौठान, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, सी-मार्ट, मितान योजना एवं सूपा गौठान का मौके पर पहुंचकर अवलोकन एवं हितग्राहियों से मुलाकात करेंगे। उपायुक्त डॉ. अर्चना मिश्रा भी दौरे में साथ रहेंगी।

10 किलो गांजे का परिवहन, बिलासपुर का युवक गिरफ्तार

महासमुंद। बस से गांजा परिवहन करने के आरोप में पुलिस ने बिलासपुर के युवक को गिरफ्तार किया है। मामला बसना थाना क्षेत्र का है। आरोपी युवक से करीब 10 किलो गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने युवक को धर दबोचा। जांच के दौरान पुलिस को उसके पास रखे बैग से कुल 10 किलो गांजा मिला।

कल मंत्री टीएस सिंह लेंगे अधिकारियों की बैठक

बिलासपुर/नवप्रदेश। पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टीएस सिंहेदव 3 जून को सबेरे 11 बजे से यहां जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर योजनाओं में प्रगति की समीक्षा करेंगे। बैठक में सिंहदेव द्वारा उनके विभाग से संबंधित विभाग के कामकाज की समीक्षा की जाएगी। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार 3 जून को सबेरे 11 बजे सिंहदेव का बिलासपुर आगमन होगा। सबेरे 11 बजे से 12 बजे तक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सिम्स की समीक्षा बैठक लेंगे। दोपहर 12 बजे से 1.30 बजे तक स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा, दोपहर 1.30 बजे से 2 बजे तक जीएसटी विभाग की समीक्षा एवं दोपहर 2.30 बजे से शाम 4 बजे तक पंचायत विभाग की समीक्षा बैठक लेंगे। वे शाम 4 बजे से 5 बजे तक सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से भेंट करेंगे। शाम 5 बजे श्री सिंहदेव अम्बिकापुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

निर्माण कार्यों में गड़बड़ी, जिपं सीईओ ने पंचायत सचिव को किया निलंबित

बिलासपुर/नवप्रदेश। जनपद पंचायत तखतपुर के ग्राम पंचायत नेवरा पंचायत सचिव दिनेश कुमार साहू को निलंबित कर दिया गया है। जिला पंचायत सीईओ हरीस एस ने निर्माण कार्यों में गड़बड़ी की जांच के बाद प्रारंभिक रूप से दोषी पाए जाने पर आज निलंबन के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार सचिव द्वारा पंचायत में हुए विभिन्न निर्माण कार्यों में फर्जी मस्टर रोल तैयार करने, बिना प्रस्ताव के बोर खनन, सीसी रोड निर्माण एवं अन्य निर्माण कार्य की राशि आहरण कर कार्य नहीं कराने, सामग्री क्रय में भण्डार क्रय नियम का पालन नहीं करने, सामग्री क्रय के देयक में बिना सहमति एवं कोटेशन के पानी टंकी क्रय करना आदि पंचायत के कार्यों में स्वेच्छाचारिता पूर्वक फ र्जी रूप से कैशबुक में राशि दर्ज कर नियम विरूद्ध कार्य करने के फ लस्वरूप सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में मुख्यालय जनपद पंचायत तखतपुर निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। पंचायत का काम सुचारू रूप से चलाने के लिए ग्राम पंचायत नेवरा का अतिरिक्त प्रभार खरगहना के सचिव संतोष कुमार साहू एवं ग्राम पंचायत घोरामार का अतिरिक्त प्रभार ग्राम पंचायत पडरिया के सचिव सुरेश मिश्रा को सौंपा गया है।

प्राथमिकता से करें नागरिकों के समस्याओं का निराकरण : कलेक्टर

कलेक्टर साहू ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

■ **दर्री समानान्तर पुल के निर्माण कार्यो को तेजी से पूरा करने दिये निर्देश**

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर रानू साहू ने समय सीमा की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में राशन कार्ड, निर्माण, हितग्राहियों के पेंशन भुगतान तथा सीमांकन, बॅटवारा, नामान्तरण, खाता विभाजन आदि राजस्व प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने बैठक में पेंशन के स्वीकृत प्रकरण, पेंशन के लंबित भुगतान तथा राशन-पेंशन के लिए पात्र हितग्राहियों की जानकारी अधिकारियों से ली। उन्होने डोर-टू-डोर सर्वे करके ऐसे हितग्राहियों की गांववार सूची बनाकर नागरिकों को राशन, पेंशन आदि सुविधाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने समय सीमा की समीक्षा बैठक में दर्री बरॉज में बन रहे समानान्तर पुल के निर्माण कार्यो के प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होने समानान्तर पुल के निर्माण कार्यो की धीमी प्रगति पर संबंधित ठेकेदार और अधिकारियों पर नाराजगी जताई। कलेक्टर ने पुल के निर्माण कार्यो को अधिक संख्या में तकनीकी टीम और आवश्यक मशीन लगाकर तेजी से पूरा करने के निर्देश दिये। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को विकासखण्ड कार्यालयों का निरीक्षण करने के भी निर्देश दिये। उन्होने विकासखण्ड स्तरीय कार्यालयों का निरीक्षण कर कार्यालय संचालन, दस्तावेज संधारण एवं साफ -सफ ाई का जायजा लेने के लिए कहा। साथ ही कार्यालय के सुचारू संचालन के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये।

कृष्ण कुंज विकसित करने की ली जानकारी : समय सीमा की समीक्षा बैठक में कलेक्टर साहू ने नगरीय क्षेत्रों मे कृष्ण कुंज विकसित करने की कार्य योजना की भी जानकारी अधिकारियों से ली। उन्होने कृष्ण कुंज विकसित करने के लिए जमीन चिन्हांकन की प्रगति की जानकारी ली। कृष्ण कुंज में सांस्कृतिक-धार्मिक महत्व के पौधे जैसे पीपल, बरगद आदि लगाये जायेंगे। कलेक्टर ने बैठक में समय सीमा के बाहर लंबित राजस्व प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होने नामान्तरण, सीमांकन, फ ौती, बटवारा आदि राजस्व प्रकरणों को तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही राजस्व अभिलेखों का ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्तीकरण करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण और ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्तीकरण की नियमित समीक्षा करने के निर्देश सभी अनुविभागीय अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने जिले के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूलों में चल रहे निर्माण कार्यों के प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने स्कूल भवनों में मरम्मत, रंग-रोगन, विद्युतीकरण, शौचालय निर्माण, पुस्तकालय, मैदान समतलीकरण आदि अधोसंरचना के कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए।

मरीज को आया हार्ट अटैक, ग्रीन कॉरिडोर बनाकर लाया गया रायपुर

भिलाई/नवप्रदेश। दिल के मरीज को बेहतर उपचार के लिए रायपुर के बड़े अस्पताल में रेफर करने का सुझाव दिया गया। इस पर देर रात को भिलाई से रायपुर के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाकर मरीज को 45 मिनट में अस्पताल पहुंचाकर जान बचाई गई। खैरागढ़ के रहने वाले प्रदीप श्रीवास की तबीयत पिछले सप्ताह खराब हुई थी, जिसके बाद 7 दिनों से पल्स अस्पताल नेहरू नगर में उपचार चल रहा था। हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ. जयराम अय्यर व उनकी टीम ने अपने देखरेख में बेहतर उपचार किया और दो स्टंट डालकर एंजियोग्रॉफ ी की। शुरू के दिनों में सुधार नजर आया, लेकिन बाद में तकलीफ बढने् लगी। ऐसे में बेहतर उपचार के लिए रायपुर के बड़े अस्पताल में रेफर करने का सुझाव दिया गया। मरीज को तय समय में अस्पताल पहुंचाना था, ऐसे में डॉ. अय्यर ने भिलाई नगर निगम के वरिष्ठ पार्षद वशिष्ठ नारायण मिश्रा से संपर्क किया। उन्होंने बिना देरी किए रायपुर को-ऑर्डिनेशन कर एंबुलेंस मंगवाया। इधर दुर्ग पुलिस के ट्रैफि क विभाग से संपर्क कर समन्वय बनाया। रात 9 बजे एंबुलेंस पहुंच गई और बिना कोई देरी किए रात 9.45 बजे रायपुर के अस्पताल पहुंचा दी। ग्रीन कॉरिडोर की वजह से तय समय से पहले मरीज अस्पताल पहुंच गए। समय रहते उपचार शुरू होने की वजह से मरीज की जान बच गई।

होटल में जुआ खेलते 15 गिरफ्तार 10 लाख से अधिक नकदी जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सायबर सेल और पुलिस की टीम ने जुआ खेल रहे 15 जुआरियों को पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से 10 लाख 35 हजार रुपए नकदी बजी जब्त की गई है। गिरफ्तार आरोपियों में सभी बड़े व्यवसायी हैं। सायबर सेल से मिली जानकारी के मुताबिक, मुखबिर से सूचना मिली थी कि मारुति लाइफ स्टाइल स्थित क्लब प्राइसो होटल में बड़े पैमाने पर जुआ खेला जा रहा है। इस सूचना के बाद एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने सायबर एएसपी अभिषेक माहेश्वरी और शहर एडिशनल एसपी तारकेश्वर पटेल को जांच कर आरोपियों को पकड़ने के निर्देश दिए गए। सायबर सेल ने छापामार कार्रवाई करते हुए क्लब के अंदर से 15 जुआरियों को जुआ खेलते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से मोबाइल और 10 लाख 35 हजार नकदी भी जब्त की गई है।

ये हुए हैं गिरफ्तार

पकड़े गए 15 जुआरियों में एनएसयूआई नेता मेहताब हुसैन शामिल है। इसके अलावा किराना, कपड़ा और शेयर ट्रेडिंग से जुड़े कुछ कारोबारी भी हैं। इनमें सुनील जैन, सौरभ जैन, नितेश कुमार, संजय महेश्वरी, राजकुमार पोड, पप्पू साहू, छोटू सागर, राम गुप्ता, भुवन महानंद, सचिन जैन, मन्ना लाल विश्वकर्मा, राजेन्द्र बागड़े, योगेश अग्रवाल और संतोष शुक्ला शामिल हैं।